स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी
लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित
# स्वतंत्र भारत
कानपुर, बुधवार
8 जुलाई, 2026
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष 8
सं. 2083 वि.
वर्ष 37, अंक - 316 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर
मूल्य : 3 रुपये
epaper : epaper.swatantrabharat.net

भारतीय बल्लेबाज संग क्रिकेट खेलने की चाह भारत दौरे पर भी दिया जवाब : जोकोविच



भारत-इंडोनेशिया के बीच ईवीएम-यूपीआई और ब्रह्मोस मिसाइल पर करार

# इंडोनेशिया के साथ संबंध मजबूत होंगे : मोदी



**जकार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज इंडोनेशिया में राष्ट्रपति सुबियांतो के साथ कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। दोनों नेताओं के बीच इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम), ब्रह्मोस मिसाइल और कृषि क्षेत्र में सहयोग पर

- दोनों देशों में बन रही नई साझेदारी

विस्तार से चर्चा हुई। पीएम मोदी ने समझौतों और द्विपक्षीय बैठक के बाद दोनों देशों की साझा संस्कृति को ताकत बताया। ईवीएम से जुड़े मुद्दे पर बनी सहमति के मुताबिक दोनों देशों ने अनुकूलित भारतीय इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के निर्यात पर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है।

प्रधानमंत्री के दौरे पर समझौतों के बारे में समाचार एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से बताया, भारत इंडोनेशिया के लिए विशेष ईवीएम के विकास में सहयोग करेगा। यह भारत के चुनाव प्रबंधन मॉडल को बड़े समर्थन की तरह देखा जा रहा है। ईवीएम के अलावा रक्षा क्षेत्र में भी दोनों देशों के बीच अहम समझौते हुए हैं। ऑपरेशन सिंदूर में भारत की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल शक्ति की सफलता के बाद, इंडोनेशिया ने भारतीय अस्त्र मिसाइलों का आयात करने का निर्णय लिया है। इंडोनेशिया अपने ब्रह्मोस मिसाइलों के भंडार का विस्तार कर रहा है। भारत अधिक बैटरी मुहैया कराने में सहयोग करेगा।

### मोदी को सर्वोच्च सम्मान से नवाजा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान बिंतांग आदिपूर्णा से सम्मानित किया। यह सम्मान भारत और इंडोनेशिया के मजबूत होते रणनीतिक और कूटनीतिक रिश्तों का प्रतीक माना जा रहा है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी उन विश्व नेताओं में शामिल हो गए हैं, जिन्हें 30 से अधिक देशों ने अपने सर्वोच्च या प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मानों से नवाजा है। सम्मान मिलने के बाद प्रधानमंत्री ने इसे अपना नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों का सम्मान बताया।

दोनों देशों के बीच प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल को रेखांकित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती आज के समय में बहुत महत्वपूर्ण है।


## चढ़ावा चोरी मामले में चंपत राय ने तोड़ी चुप्पी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** राम मंदिर के दानपात्र से चढ़ावा चोरी मामले में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पूर्व महासचिव ने पहली बार

**बोले- एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट के बाद दूंगा हर आरोप का जवाब**

अपनी चुप्पी तोड़ी है। ट्रस्ट की बैठक में उनका इस्तीफा स्वीकार होने के एक दिन बाद उन्होंने रामभक्तों के नाम एक पत्र जारी कर कहा कि वह एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट आने के बाद अपने ऊपर लगे सभी आरोपों का क्रमवार जवाब देंगे। चंपत राय ने पत्र में कहा कि 7 जून 2026 को राम मंदिर परिसर के दानपात्र की गणना के दौरान हुई चोरी की घटना के बाद उनके खिलाफ कई निराधार आरोप लगाए गए। इसी कारण उन्होंने अब तक मौन बनाए रखा। उन्होंने बताया कि 6 जुलाई को ट्रस्ट की बैठक में एसआईटी की प्रारंभिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जो बाद में सार्वजनिक हो गई, जबकि वह परम गोपनीय थी। उन्होंने रामभक्तों को आश्वस्त करते हुए कहा कि एसआईटी की अंतिम जांच रिपोर्ट आने के बाद पूरे मामले की सच्चाई सामने रखी जाएगी और उन पर लगाए गए प्रत्येक आरोप का तथ्यात्मक उत्तर दिया जाएगा। अपने पत्र में चंपत राय ने अपने सार्वजनिक जीवन का भी उल्लेख करते हुए कहा कि उन्हें अक्टूबर 1991 में संगठन द्वारा अयोध्या भेजा गया था और उनका 45 वर्षों का प्रचारक जीवन पूरी तरह पारदर्शी रहा है।

# अंतरिम महासचिव कृष्ण मोहन ने कार्यभार संभाला



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)।** श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य कृष्णमोहन को अंतरिम महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। वह अपना कार्य आज से शुरू कर दिये हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कल देर शाम

- रिक्त पदों को भरने के लिए ट्रस्ट की अगली बैठक 22 जुलाई को
- कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर भी होगा विचार

श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक राम मंदिर परिसर के गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुई और उसमें सभी सदस्यों ने ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चम्पत राय और सदस्य डा. अनिल मिश्रा को बाहर का रास्ता दिखा दिया था। अब ट्रस्ट ने इसकी जिम्मेदारी वरिष्ठ सदस्य कृष्ण मोहन को अंतरिम महासचिव सौंपी है जो वह काम करना शुरू कर दिये हैं। भक्तों का दान का हिसाब किताब कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच में अब शुरू हो गयी है। किसी भी तरह की मनमानी नहीं देखी जायेगी। सूत्रों ने बताया कि अगली बैठक अब 22 जुलाई को होगी, जिसमें श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने रिक्त पड़े पदों को भरने सहित कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार किया जा सकता है। अब ट्रस्ट की अगली बैठक में नये महासचिव बनाये जा सकते हैं। फिलहाल तब तक के लिये कृष्ण मोहन को महामंत्री के कार्यों का निष्पादन करने को कहा गया है, वह अपना कार्य कर रहे हैं। गौरतलब है कि श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की 2020 में ट्रस्ट की स्थापना के पश्चात 6 वर्ष से कम अल्पकाल में प्रभु श्रीराम कला के भावी और अप्रतिम मंदिर के निर्माण का ऐतिहासिक कार्य सम्पूर्ण हुआ। इसी अवधि में मुख्य मंदिर और परकोटे में बने समस्त मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा, ध्वजारोहण और श्रीराम यंत्र की स्थापना के महती कार्य प्रभु कृपा से सानन्द और शास्त्रीय विधि विधान से सम्पन्न हुआ। न्यास इस सांस्कृतिक धरोहर के निर्माण और अनेक धार्मिक उत्सवों में सहयोगी सम्पूर्ण हिन्दू समाज, श्रमिकों, अभियन्ताओं, शिल्पकारों, वास्तुकारों का मंदिर के प्रति भाव दिखा। परन्तु विडम्बना देखिये, राम मंदिर दान की चोरी इस कदर हुई कि पूरा विश्व हिल गया। सीसीटीवी फुटेज में बरामदगी का आधार मानते हुए आठ लोगों को साक्ष्य सहित गिरफ्तार करके जेल भेजा गया। पुलिस ने कुछ आरोपियों को रिमांड पर ले करके काफी लम्बे समय तक पूछताछ की और कुछ आरोपियों से फैजाबाद मण्डल कारागार में जा करके पूछताछ की।

योगी ने प्रतापगढ़ में किया 384 करोड़ से अधिक की 111 परियोजनाओं का शिलान्यास

# रामभक्तों पर गोलियां चलवाने पर आस्था आहत नहीं हुई थी

**प्रतापगढ़ ब्यूरो।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतापगढ़ की विश्वनाथगंज विधान सभा इलाकों में 384 करोड़ से अधिक लागत की

- वक्फ पर कांग्रेस-सपा के मुंह पर फेविकोल

111 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के पास सिर्फ़ दो ही मुद्दे बचे हैं। आपने देखा होगा कि हाल के दिनों में उन्होंने भारत की सनातन आस्था पर हमला करने की कैसी शरारतपूर्ण कोशिशें की हैं। कांग्रेस दावा करती थी कि भगवान राम का कभी अस्तित्व ही नहीं था, या भगवान कृष्ण कभी हुए ही नहीं। देखिए, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी- जिन्होंने कभी अयोध्या में बाबरी ढांचे का समर्थन किया था और उस पर मगरमच्छ के आंसू बहाए थे, कैसे गिरगिट की तरह रंग बदल रहे हैं। कांग्रेस ने राम के अस्तित्व को ही नकार दिया, और समाजवादी पार्टी ने राम भक्तों पर गोलियां चलवाईं। उन्हें आस्था के बारे में बात करने का क्या हक़ है, वे लोग जो हिंदू विरासत से जुड़े धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार के लिए रखे गए पैसे को कब्रिस्तान की चारदीवारी बनाने में खर्च कर देते थे? वे किस तरह क ी आस्था की बात कर रहे हैं? यह देश अ ब क ा ग्रे स अ ो र



समाजवादी पार्टी के जाल में नहीं फंसेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, प्रतापगढ़ आज से 9-10 वर्ष पहले पिछड़े जनपदों में गिना जाता था। लोग कहते थे कि प्रतापगढ़ में कुछ नहीं होगा, कनेक्टिविटी नहीं है, बुनियादी सुविधाएं नहीं हैं, सड़कें नहीं हैं, आवागमन के साधन नहीं है।

यहां का आंवला दम तोड़ रहा था। लोग हतोत्साहित थे। लेकिन आज कोई व्यक्ति हतोत्साहित नहीं है। आज सरकार का प्रोत्साहन है तो उसके मन में उत्साह है। उज्ज्वल भविष्य की आशा है। 2017 से पहले इस प्रदेश में इसी प्रोत्साहन का अभाव था, 2014 से पहले इस देश में भी इसी प्रोत्साहन का अभाव था।

# पेट्रोल में 25 प्रतिशत एथेनॉल मिलाने का प्लान टल सकता है

**नई दिल्ली।** पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिलाने के विरोध के बीच इसकी मात्रा बढ़ाकर 25 प्रतिशत करने की योजना को सरकार फिलहाल आगे बढ़ा सकती है। सरकार इस ट्रांजिशन को जल्दबाजी में करने के बजाय धीरे-धीरे और व्यवस्थित तरीके से लागू करना चाहती है। सरकार ने शुरुआत में साल 2030 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिलाने का प्लान बनाया था। लेकिन इस टारगेट से बहुत पहले ही ई20 फ्यूल (80 प्रतिशत पेट्रोल और 20 प्रतिशत

- इससे माइलेज घटने का दावा
- पार्ट्स खराब होने की शिकायत

एथेनॉल) को पूरे देश में स्टैंडर्ड पेट्रोल के रूप में लागू कर दिया गया है और अब हर जगह यही पेट्रोल मिल रहा है। उधर ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया यानी एआरएआई की एक स्टडी में सामने आया है कि पुरानी ई10 कंप्लायंट गाड़ियों में ई20 ईंधन का इस्तेमाल करने से फ्यूल सिस्टम के रबर पार्ट्स खराब हो सकते हैं। हालांकि इस रिपोर्ट को अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, कीमत का सवाल सबसे बड़ा पेंच है। अगर बिना इथेनोल वाला विकल्प लाते हैं तो उसकी कीमत क्या रखी जाए? यह फैसला करना होगा कि क्या शून्य इथेनोल वाले पेट्रोल के लिए बगैर अंडर-रिकवरी वाली कीमत (यानी ग्राहकों से पूरी कीमत वसूली वसूलना) तय की जाए और ई-20 वाले पेट्रोल की कीमत मौजूदा खुदरा कीमत से कुछ कम रखी जाए।






# यूपी में मानसून ने पकड़ी रफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** यूपी में मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। मंगलवार सुबह से लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, चंदौली, पर तैरते दिखे। मथुरा के वृंदावन में भी सड़क पर नदियों जैसा बहाव दिखा। अमरोहा में एक घंटे की बारिश से दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें से 8 जिलों में भारी बारिश की संभावना है। सोमवार रात पीलीभीत में बारिश के चलते तालाब से



- 50 शहरों में बारिश हाईवे पर पानी भरा
- मथुरा में सड़क पर नदियों जैसा बहाव
- शामली में कारें तक बहने लगीं

मुरादाबाद समेत 50 शहरों में बारिश होती रही। शामली इतनी बारिश हुई कि सड़कों पर नदियों जैसा बहाव दिखा। कारें और बाइकें बहने लगीं। बच्चे स्विमिंग पूल की तरह सड़क पानी भर गया। वाराणसी में सीढ़ियों से झरने की तरह बारिश का पानी बहा। तेज हवा के चलते नाविकों ने नावों का संचालन बंद कर दिया है। मौसम विभाग ने सभी 75 जिलों में निकलकर मगरमच्छ गांव में पहुंच गया। ग्रामीणों ने उसे रस्सी से बांध दिया। बाद में वन विभाग ने उसे नदी में छोड़ा। सहारनपुर के मां शाकंभरी देवी मंदिर के पास गुजरने वाली शाकंभरी नदी में अचानक पानी का तेज बहाव आ गया।




## 38 दोषियों की फांसी बरकरार, 11 को उम्रकैद

**अहमदाबाद।** गुजरात उच्च न्यायालय ने मंगलवार को 2008 के सीरियल ब्लास्ट मामले में विशेष अदालत के फैसले को बरकरार रखा। इस मामले में 56 लोग मारे गए थे और 246 घायल हुए थे। उच्च न्यायालय ने 38 दोषियों की मौत की सजा और 11 अन्य को आजीवन कारावास की सजा में राहत देने से इनकार कर दिया। अदालत ने राज्य सरकार को पीड़ितों को मुआवजा देने का भी आदेश दिया। मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को 5 लाख रुपये और सामान्य रूप से घायलों को 1 लाख रुपये दिए जाएंगे।

## सीएम शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के शुभारम्भ एवं डीबीटी वितरण का होगा सीधा प्रसारण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**माती कानपुर देहात ।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार दिनांक 08 जुलाई 2026 को माननीय मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के शुभारम्भ एवं डीबीटी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य आयोजन जनपद वाराणसी के व्यापार केंद्र ट्रेड सेंटर में प्रातः 10रू00 बजे से होगा जिसका सजीव प्रसारण दूरदर्शन एवं मुख्यमंत्री जी के सोशल मीडिया हैंडल्स के माध्यम से किया जाएगा । इस क्रम में जनपद कानपुर देहात में भी कार्यक्रम का आयोजन 08 जुलाई 2026 को प्रातः 09रू00 बजे ईको पार्क माती स्थित कम्युनिटी हॉल में किया जाएगा जहां जनपद के शिक्षक शिक्षामित्र विशेष शिक्षक अनुदेशक मान्यता प्राप्त सहायता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षक कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के वार्डेन एवं शिक्षिकाएं प्रधानमंत्री पोषण योजना के रसोइया तथा उनके आश्रित परिवारजन आदि उपस्थिति रहेगी।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पाण्डेय ने बताया कि मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के माध्यम से बेसिक शिक्षा विभाग से जुड़े पात्र शिक्षकों एवं कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। यह योजना शिक्षकों एवं शिक्षा विभाग के कार्मिकों के स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

जिला प्रशासन ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली हैं। कार्यक्रम के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को योजना की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी तथा मुख्यमंत्री जी के उद्बोधन का सजीव प्रसारण भी प्रदर्शित किया जाएगा।

## आत्मनिर्भर बनने का सुनहरा अवसर उपलब्ध कराएगा रोजगार मेला

**-सिकंदरा में 8 जुलाई को लगेगा रोजगार मेला युवाओं को मिलेगा निजी क्षेत्र में नौकरी पाने का अवसर**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**माती कानपुर देहात ।** अब बेरोजगारी आपकी कौशल प्रतिभा का हनन नहीं कर सकेगी युवाओं को सशक्त आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जनपद के बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 8 जुलाई को सिकंदरा में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।युवा आर्थिक रूप से मजबूत होकर सम्मान के साथ अपना जीविकोपार्जन कर मूलभूत समस्याओं को दूर करने का मौका जिला सेवायोजन कार्यालय दे रहा है ।मेले में विभिन्न निजी कंपनियां प्रतिभाग करेंगी और योग्य अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेकर चयन करेंगी। रोजगार मेले में जनपद सहित आसपास के क्षेत्रों के युवक.युवतियां भाग लेकर अपनी योग्यता के अनुरूप रोजगार पाने का अवसर प्राप्त कर सकेंगे।

जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से आयोजित इस रोजगार मेले में हाईस्कूल इंटरमीडिएट स्नातक आईटीआई डिप्लोमा तथा अन्य तकनीकी योग्यताओं वाले अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को विभिन्न कंपनियों में उनकी योग्यता और अनुभव के आधार पर नियुक्ति दी जाएगी।

जिला सेवा योजना अधिकारी ने बताया कि उ0प्र0 मिशन रोजगार अभियान के अर्न्तगत जिला सेवायोजन कार्यालय कानपुर देहात द्वारा महिला पुरुष बेरोजगार अभ्यर्थियों के लिए एक दिवसीय रोजगार मेला कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन शकुन्तला कृष्णा इंस्टियूट ऑफ टेक्नोलॉजी हवासपुर सिकन्दरा कानपुर देहात में दिनांक 08ण07ण2026 को प्रातः 11रू00 बजे से आयोजित किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की फोटो कॉपी 2 फोटो के साथ निर्धारित तिथि व समय पर शकुन्तला कृष्णा इंस्टियूट ऑफ टेक्नोलॉजी हवासपुर सिकन्दरा कानपुर देहात में उपस्थित हों यह मेला पूर्णतः निःशुल्क है

अभ्यर्थियों को समय से पहुंचकर पंजीकरण कराने की भी सलाह दी गई है।

जिला प्रशासन ने अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं से रोजगार मेले का लाभ उठाने की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि ऐसे आयोजन युवाओं को रोजगार से जोड़ने के साथ.साथ उन्हें निजी क्षेत्र में बेहतर करियर बनाने का अवसर भी प्रदान करते हैं। रोजगार मेले के माध्यम से बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

## इंसानों की तरह बेजुबानों के दर्द का भी सभी को हो एहसास तभी साकार होगी समय समाज की परिकल्पना- शिवम्

**-गौ सेवा ही परम धर्म मानते हैं समाजसेवी शिवम शर्मा घायल व बीमार पशुओं के उपचार की उठाई मांग**



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**माती कानपुर देहात ।** गौ सेवा का संकल्प लेकर निकले शिवम शर्मा आज कानपुर देहात जनपद में जनमानस के हृदय पटल पर अपनी अमित छाप छोड़ने में सफल दिखाई देतें है । सेवा परमो धर्मा को अपनाने वाले शिवम गौवंश के कल्याण के लिए बेहद गंभीर रहते है उनका कहना है कि इंसान अपनी तकलीफ शब्दों में बयां कर सकता है लेकिन बेजुबान पशु पशु जीवजंतु निराश्रित गौवंश अपने दर्द को किसी से कह नहीं पाते। सड़क दुर्घटनाओं में घायल होने वाले या गंभीर बीमारियों से जूझ रहे पशु अक्सर समय पर उपचार न मिलने के कारण दम तोड़ देते हैं। ऐसे बेजुबानों की सेवा को अपना धर्म मानने वाले समाजसेवी शिवम शर्मा लगातार गौ सेवा और पशु संरक्षण के कार्यों में जुटे हुए हैं।

दिन हो या रात जहाँ कही भी किसी जीव का घटना का प्रकरण उनके समक्ष आता है शिवम शर्मा आंधी पानी ओलों की परवाह किये बिना तन मन धन से उस जीव की सेवा में खड़े दिखाई देते है।

समाजसेवी शिवम शर्मा का कहना है कि गौ सेवा केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं बल्कि मानवता की सबसे बड़ी पहचान है। उनका मानना है कि जिस समाज में बेजुबान जीवों के प्रति संवेदना होगी वही समाज वास्तव में सभ्य और संस्कारित कहलाएगा। उन्होंने जिले में आधुनिक सुविधाओं से युक्त पशु अस्पतालों की स्थापना तथा घायल एवं निराश्रित पशुओं के लिए 24 घंटे उपचार और एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराने की मांग की है।शिवम शर्मा का कहना है कि आए दिन सड़क हादसों में गाय

बैल बछड़े और अन्य पशु गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। समय पर इलाज न मिलने से उनकी मौत हो जाती है। यदि प्रत्येक जिले में बेहतर पशु चिकित्सालय रेस्क्यू टीम और त्वरित चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध हो तो हजारों बेजुबानों की जान बचाई जा सकती है।

उन्होंने समाज से भी अपील की कि घायल या बीमार पशु दिखाई देने पर उसे असहाय छोड़ने के बजाय संबंधित पशु चिकित्सक या प्रशासन को सूचना दें तथा यथासंभव उसकी सहायता करें। उन्होंने कहा कि गौ सेवा और पशु सेवा केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं

बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य भी है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि शिवम शर्मा लंबे समय से निराश्रित और घायल गौवंश की सेवा में सक्रिय रहते हैं। वे समयसमय पर चारा पानी और उपचार की व्यवस्था कराने के साथ लोगों को पशुओं के प्रति संवेदनशील बनने के लिए भी प्रेरित करते हैं।समाज के विभिन्न वर्गों ने भी शासन और प्रशासन से मांग की है कि जिले में बेजुबान पशुओं के उपचार के लिए आधुनिक सुविधाओं वाले अस्पताल स्थापित किए जाएं ताकि किसी भी घायल या बीमार पशु को इलाज के अभाव में अपनी जान न गंवानी पड़े। लोगों का कहना है कि मानवता तभी सार्थक होगी जब इंसानों के साथ.साथ बेजुबानों की पीड़ा को भी समान संवेदनशीलता के साथ समझा और दूर किया जाए।

# जनता की शिकायतों के निस्तारण में पूरी गम्भीरता का दिया जाए परिचय-डीएम

**-शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण समाधान पर जोर लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को दी चेतावनी**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**माती कानपुर देहात।** शासन की मंशा अनुरूप प्रत्येक शिकायत समस्या के त्वरित गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होने और पंक्ति के सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी आसान एवं सुलभ न्याय दिलाने के क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी कपिल सिंह ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ।



जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों ने भूमि विवाद राजस्व पुलिस विद्युत पेयजल सड़क आवास पेंशन तथा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायत का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों से प्रकरण की जानकारी ली तथा निर्देश दिया कि सभी शिकायतों का निष्पक्ष पारदर्शी एवं निर्धारित समय सीमा के भीतर समाधान कराया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायतकर्ता को न्याय दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा मौके पर जाकर वास्तविक स्थिति का सत्यापन करते हुए कार्रवाई की जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि जनसुनवाई केवल औपचारिकता नहीं बल्कि जनता और प्रशासन के बीच विश्वास का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसलिए सभी विभाग शिकायतों के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करने और शिकायतकर्ताओं को की गई कार्रवाई से अवगत कराने के भी निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया और भरोसा दिलाया कि अब कोई भी शोषित वंचित नहीं रह जाएगा वह सीधे अपनी समस्या संबंधित अधिकारी के समक्ष रख सकता है उस समस्या का त्वरित संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी और शासन की कल्याणकारी नीतियों से भी शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाएगा ।

## घर में घुसकर लाठी.डंडे व सरिया से मारपीट, 4 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** थाना रसूलाबाद क्षेत्र के ग्राम उसरी भगवन्तपुर में मारपीट और गाली.गलौज का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने 4 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गत दिवस सुबह विपक्षियों ने उनके घर में घुसकर गाली गलौज करते हुए लाठी डंडे और लोहे की सरिया से हमला कर दिया। आरोप है कि इस हमले में प्रार्थी पप्पू उनके पुत्र विकास और पत्नी गीता देवी को चोटें आई हैं। आरोपियों ने मारपीट के दौरान जान से मारने की धमकी भी दी। तहरीर के आधार पर थाना रसूलाबाद में बीएनएस की सुसंगत धाराओं में अभियोग नीलू पुत्र चेतराम गणेश पुत्र चन्द्रपाल बटेश्वर पुत्र दीनदयाल अवधेश पुत्र रामसिंह सभी निवासी ग्राम उसरी भगवन्तपुर थाना रसूलाबाद के खिलाफ दर्ज किया । कोतवाल एसएन सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। साक्ष्य संकलन के बाद विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## कमरे के अंदर पंखे के कुंड से फांसी लगाकर की आत्महत्या



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, रनिया कानपुर देहात।** गजनेर थाना क्षेत्र के गुजराई गांव में एक मजदूर ने सुनसान घर में पंखे के कुंडे से रस्सी के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी।घर से दुर्गंध आने पर पड़ोसियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। फोरेसिंक टीम की मौजूदगी में ताला तोड़कर पुलिस घर के अंदर पहुंची और शव को नीचे उतार कर पोस्टमार्टम को भेजा।

धटना के सम्बंध मे बबलू सिंह ने बताया की उसके भाई रंजीत उर्फ निक्कू 50 वर्ष नवीपुर स्थित एक फैक्ट्री में मजदूरी करता था वह कभी कभी ट्रक में भी चला जाता था।उनकी शादी करीब पच्चीस वर्ष पहले हमीरपुर के पचकुरा टेडा गांव में हुई थी।शादी के करीब पंद्रह वर्ष बाद उनकी पत्नी नीलम अपने तीन बच्चो को लेकर मायके चली गई तब से वह वही रह रही थी।उनका भाई घर में अकेला रहता था।सोमवार को भाई के घर से दुर्गंध आने और शक होने पर पुलिस को सूचना दी।सूचना पर पहुंची पुलिस को घर का दरवाजा अंदर से बंद मिला।पुलिस ने तत्काल इसकी सूचना फारेंसिक टीम को दी।फारेंसिक टीम के पहुंचने पर शाम पांच बजे पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंची तो देखा की उसका शव पंखे के कुंडे से रस्सी के सहारे लटक रहा था।शव से बुरी तरह दुर्गंध आ रही थी।शव को नीचे उतारा गया।फेरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य संकलित किए। थानाध्यक्ष सनत कुमार ने बताया की शव दो से तीन दिन पुराना है।शव को पोस्टमार्टम भेजा गया है।

## दुखी परिजनों के साथ सच्चे हमदर्द बनकर खड़े हुए वीरसेन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, माती कानपुर देहात।** सड़क हादसे कैसे किसी परिवार की खुशियों को मातम में बदल देती हैं लंबे समय तक परिवार अचानक हुए हादसों का सदमा उनके दिलोंदिमाग को झकझोर कर रख देता है ।ऐसा ही कुछ गत दिवस में अपनों का खो चुके परिवार के साथ हुआ ।रूप सिंह यादव एवं अजय शंखवार की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई जबकि रूप सिंह के पुत्र अभिषेक यादव गंभीर रूप से घायल है जिनका उपचार अनंत राज अस्पताल में चल रहा है ।शोक में डूबे परिवार को किसी कंधे का सहारा मिल जाए तो उसे आत्मबल प्राप्त होता है और उसे लगता है कि दुख की घड़ी में भी उनके साथ खड़ा है इस बात को हर समय समाज सेवा का संकल्प लेकर चलने वाले प्रांतीय नेता पूर्व सपा जिलाध्यक्ष चौधरी वीरसेन ने सही साबित करते हुए घायल का हालचाल जानकार कहा कि दुख की घड़ी में वह अपनों के साथ सदैव समर्पित खड़े दिखाई देंगे क्योंकि उनका जन्म ही सेवा भाव को लेकर हुआ है लोगों की तकलीफों को दूर करना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है उन्होंने हरसंभव मृतक के परिजनों को मदद का आश्वासन दिया। सेवा ही जिनका हो संकल्प दुख की घड़ी में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहने वाले प्रांतीय नेता लोगों में खासे इस वजह से भी चर्चा का विषय रहते है क्योंकि राजनीति को वो सेवा भाव का माध्यम मानकर चलते है उनका साफ कहना है कि मुसीबत में कभी भी कोई उनसे सीधे संपर्क कर सकता है यथा संभव उसकी समस्या को दूर करना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है।चौधरी वीर सेन के साथ कैप्टन रामशंकर प्रजापति युवा नेता रोहित विश्वकर्मा राजू यादव बृजेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# होमगार्ड भर्ती परीक्षा देने आई युवती से छेड़छाड़ पर दर्ज हुआ मुकदमा

**- परीक्षा दिलाने आया युवक सहेली से करता रहा दोस्ती की बातें सुनसान स्थान पर ले जाकर की छेड़छाड़ विरोध करने पर दी जान से मारने की धमकी मुकदमा दर्ज**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**माती कानपुर देहात ।** रूरा कस्बे में होमगार्ड भर्ती परीक्षा के दौरान एक युवती के साथ कथित छेड़छाड़ और धमकी देने का मामला सामने आया है। परीक्षा दिलाने के बहाने युवती के साथ आए उसकी सहेली के भाई पर सुनसान स्थान पर ले जाकर अश्लील हरकतें करने विरोध करने पर गाली.गलौज करने और शिकायत वापस न लेने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा है। पीड़िता की तहरीर पर रूरा थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

पुलिस के अनुसार औरैया जनपद के थाना अजीतमल क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती 26 अप्रैल को होमगार्ड भर्ती परीक्षा देने के लिए अपनी सहेली और सहेली के भाई अभिषेक के साथ अकबरपुर आई थी। बताया गया कि परीक्षा केंद्र पर देर से पहुंचने के कारण वह पहली पाली की परीक्षा में शामिल नहीं हो सकी। इसके बाद दूसरी पाली में उसकी सहेली की परीक्षा रूरा कस्बे के एक इंटर कॉलेज में थी इसलिए तीनों रूरा पहुंचे आरोप है कि सहेली के परीक्षा केंद्र के अंदर जाते ही अभिषेक ने पीड़िता से ग्राम कृपालपुर स्थित अपनी रिश्तेदारी में चलने की बात कही। पीड़िता को विश्वास में लेकर वह उसे मोटरसाइकिल से शिवली रोड की ओर ले गया। रास्ते में एक कॉलेज के पास सुनसान स्थान देखकर उसने बाइक रोक दी और युवती को जबरन पकड़कर उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। पीड़िता ने विरोध किया और शोर मचाने का प्रयास किया तो आरोपी ने उसे डराने.धमकाने की कोशिश की। किसी तरह युवती उसके चंगुल से निकलकर सुरक्षित स्थान पर पहुंची और घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। घटना के बाद सामाजिक संकोच और लोक.लाज के कारण कुछ समय तक मामला दबा रहा। बाद में जब पीड़िता के परिजन आरोपी के घर शिकायत करने पहुंचे तो वह आगबबूला हो गया। आरोप है कि इसके बाद आरोपी ने पीड़िता को फोन कर अभद्र भाषा का प्रयोग किया गाली.गलौज की और शिकायत वापस न लेने पर गंभीर परिणाम भुगतने तथा जान से मारने की धमकी दी। इससे पीड़िता और उसका परिवार भयभीत हो गया आखिरकार पीड़िता ने रूरा थाने पहुंचकर पूरे घटनाक्रम की लिखित शिकायत दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है।थानाध्यक्ष सुधीर भारद्वाज ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी और आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।।

# आंगनबाड़ी केंद्र पर हलवा बर्फी मूंग दाल खिचड़ी का हुआ वितरण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,**

**माती कानपुर देहात।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कुपोषण को दूर करने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों पर अब दाल दलिया तेल की जगह रेसिपी आधारित पौष्टिक और स्वादिष्ट आहार का वितरण किया जा रहा है।नई व्यवस्था के तहत बच्चों और गर्भवती धात्री महिलाओं को पौष्टिक हलवा बर्फी और स्वादिष्ट खिचड़ी जैसी रेसिपी परोसी जा रही है।



मैंथा विकासखंड क्षेत्र में मांडा गांव में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र माण्डा चतुर्थ में कार्यकत्री रीना द्विवेदी द्वारा वितरण में पारदर्शिता के लिए एफ आर एस सिस्टम के माध्यम से पुष्टाहार का वितरण किया गया ।नयी वितरण प्रणाली में 6 माह से 3 साल तक के सामान्य बच्चों को शिशु अमृत और शिशु आहार के तहत आटा बेसन का मीठा हलवा दिया गया।वहीं 3 से 6 वर्ष के बच्चों को बाल पुष्टिकर के रूप में आटा बेसन की बर्फी और दलिया मूंग सोया खिचड़ी दी गई तथा गर्भवती व गर्भधात्री महिलाओं को संपूर्ण मातृ आहार के तहत आटा बेसन सोया बर्फी व दलिया मूंग दाल खिचड़ी दी गई।पोषाहार वितरण के दौरान कार्यकत्री रीना द्विवेदी ने बताया इस अहम बदलाव से लाभार्थियों को और अधिक पौष्टिक और स्वादिष्ट आहार मिल सकेगा।वहीं सी डी पी ओ विजय लक्ष्मी दुबे ने बताया कि पहले पुष्टाहार में तेल दाल दलिया दिया जा रहा था अब इनमें बदलाव करके विभिन्न आयु वर्ग और जरूरत के अनुसार छह प्रकार के रेसिपी आधारित उत्पाद दिए जा रहे हैं अतिकुपोषित बच्चों को विशेष रूप से तैयार ऊर्जा युक्त हलवा मिलेगा।सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया है कि शत.प्रतिशत टीएचआर का एफ आर एस के माध्यम से निर्धारित मात्रा में वितरण करें।जिसकी मानीटरिंग लगातार उनके व क्षेत्रीय मुख्य सेविकाओं द्वारा की जा रही है। इस मौके पर प्रमुख रूप से लालती राजपूत पूनम निधि प्रियंका आरती पाल नैंसी मीनू कमल कल्पना राम जानकी सपना रेखा गुड़िया पूजा सुमन सोनम मौजूद रही

## अलग-अलग घटनाओं में दो राष्ट्रीय पक्षी मोर धायल एक की हुई मौत



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**माती कानपुर देहात।** शिवली कोतवाली क्षेत्र के अलग अलग दो गांवों में राष्ट्रीय पक्षी मोर गंभीर रूप से घायल हो गए जिसमें एक की मौत हो गई जहां एक मोर का उपचार कराने के बाद ग्रामीणों को सौंप दिया गया।जबकि वन विभाग की टीम द्वारा मृत मोर का पोस्टमार्टम कराने के बाद जमीन में दफना दिया गया।

जानकारी के अनुसार शिवली थाना क्षेत्र के बरार गांव में मंगलवार की सुबह राष्ट्रीय पक्षी मोर एक पेड़ से टकरा कर गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर आ गिरा और उसकी मौत हो गई।ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे वन विभाग कर्मी राजू कुशवाहा राकेश कुमार ने छानबीन करने के बाद मोर का पोस्टमार्टम कराने के बाद जमीन में दफना दिया।वहीं बैरी सवाई के मजरा सुजानपुर गांव में मंगलवार की दोपहर एक मोर को कुत्ते ने झपट कर पकड़ लिया।जब तक ग्रामीण दौड़े दौड़े तब तक कुत्ते ने मोर को बुरी तरह नोच डाला जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।गांव के हरी पाण्डेय सूरज आदि की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने घायल मोर का उपचार कराने के बाद सुरक्षा के तौर पर राष्ट्रीय पक्षी मोर को ग्रामीणों के सुपुर्द कर दिया।

# दबंग के आतंक से त्रस्त दंपति ने गांव से किया पलायन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**माती कानपुर देहात ।** मंगलपुर थाना क्षेत्र के हिसावां गांव में दबंगो से आजिज आकर बुजुर्ग दंपत्ति घर के बाहर पलायन लिखकर चले गए ।उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।



मंगलपुर थाना क्षेत्र के हिसावां गांव में बुजुर्ग दंपत्ति हीरालाल और उनकी पत्नी रहते हैं उनका लड़का मनोज बाहर रहता हैं वहीं रास्ते से निकासी की जगह को लेकर हीरालाल और उनके पारिवारिक आदित्य व आशीष के बीच विवाद चल रहा है जिसमें हीरालाल ने उस विवादित जगह पर पानी की टोटी लगवाई थी आरोप है कि जिसे आदित्य और आशीष ने तोड़ दिया था। 28 जून को हीरालाल दूसरे पारिवारिक के दरवाजे लगे नल पर पानी भर रहे थे वहीं पर जाकर आदित्य व आशीष ने उनके साथ गाली गलौज की। जब वह घर पहुंचे तो आरोप है कि आदित्य ए आशीष आदि ने उनके घर में घुसकर बुजुर्ग दंपत्ति को मारा पीटा । वहीं सोमवार को घर के बाहर पलायन लिखकर बुजुर्ग दंपत्ति घर से चले गए ।पलायन लिखा होना सोशल मीडिया पर वायरल हो गया हालांकि हिंदुस्तान अखबार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वहीं इंस्पेक्टर मंगलपुर महेश दुबे ने बताया कि दोनों पक्षो के बीच जमीनी विवाद है जिस पर दोनों पक्षों पर निरोधात्मक कार्रवाई की जा चुकी है ।पलायन लिखे होने पर जांच करवाई गई जिसमे बुजुर्ग दंपत्ति के औरैया में होने की जानकारी हुई है वहीं मारपीट की घटना की अगर तहरीर मिलती है तो विधिक कार्रवाई की जायेगी।

# हाईप्रोफाइल साइबर गिरोह का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार, दो फरार

**-दुबई, थाईलैंड व कम्बोडिया तक फैला है नेटवर्क**
**- एनजीओ में डोनेशन देने के नाम पर करते थे ठगी**



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**कानपुर।** कल्याणपुर पुलिस ने हाईप्रोफाइल साइबर ठग गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि उनके दो साथी फरार हैं। आरोपियों ने 4.93 करोड़ की ठगी की है। आरोपियों ने विदेशी हैंडलरों के जरिए से एनजीओ चलाने वाले युवक के खाते में अलग-अलग बैंकों से रकम ट्रांसफर कराई थी। आरोपियों ने एक हजार प्री एक्टिवेड सिम को दुबई भिजवाया था, जिससे वारदात को अंजाम दिया जाता था।
पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने कि एनजीओ के खाते में 52 शिकायतें एनसीआरबी पोर्टल पर मिली थी, जिसमें 32 हजार खातों में रकम ट्रांसफर की गई थी। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपी ऑनलाइन गेमिंग एप के जरिए लोगों को ठगी का शिकार बनाते थे। पकड़े गए आरोपियों ने एक हजार प्री एक्टिवेड सिमों को दुबई भिजवाया था, जिन नंबरों से ठगी की वारदातों को अंजाम दिया जाता था। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि चकेरी के गांधीग्राम निवासी आशीष कुमार सिंह और शिवकटरा के अभिषेक सविता रुद्र समागम सेवा एवं शिक्षा समिति चलाते हैं। संस्था में 9 से 10 लोग काम करते हैं। आशीष संस्था में सचिव हैं। कल्याणपुर थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक 19 नवंबर 2025 को राहुल नाम के व्यक्ति ने उन्हें काल की और डोनेशन देने के लिए संस्था के वैधानिक दस्तावेज के साथ लखनऊ बुलाया। 20 नवंबर को वह लखनऊ में सुल्तानपुर रोड स्थित अवध ओ पंच रिसॉर्ट पहुंचे, यहां राहुल और उसके साथियों ने उन्हें बंधक बनाकर फोन छीन लिया। मोबाइल पर संस्था के बैंक खाते का ओटीपी आता था। आरोपियों ने लैपटाप के जरिए संस्था के बिठूर स्थित एक्सिस बैंक के खाते में संदिग्ध लेनदेन किया। आरोपियों ने 20, 21 और 22 नवंबर तक बंधक बनाए रखा। 22 नवंबर की देर रात आकर कानपुर में घर पर छोड़ा। 24 नवंबर को वह फिर आरोपियों से मिलने लखनऊ पहुंचे, जहां एक युवक मिला। वहां 25 नवंबर की शाम तक रहे, जहां युवक उनकी निगरानी करता रहा। उसके बाद उन्हें छोड़ दिया गया। कल्याणपुर पुलिस ने मूलरूप से गोरखपुर और हाल पता लखनऊ गोमती नगर विस्तार निवासी शुभेंद्र प्रकाश मिश्र उर्फ शुभम मिश्र, गोरखपुर निवासी राज सिंह, संत कबीर नगर निवासी राहुल चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं गिरोह में शामिल इमरान और सौरभ पांडेय फरार है। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि आरोपियों ने आशीष कुमार सिंह से तकरीबन 500 करोड़ की लिमिट वाले खाते की डिमांड की थी। उन्होंने कहा था कि खाते में आई रकम का 30 प्रतिशत कमीशन बतौर डोनेशन के रूप में दी जाएगी। आशीष के खाते के एपीके फाइल और ऑनलाइन फ्रॉड के लिए इस्तेमाल किया गया था।

**कंबोडिया में ट्रेनिंग लेने के बाद शुरू किया गोरखधंधा**

पुलिस कमिश्नर ने बताया कि पकड़े गए आरोपी राज और राहुल कंबोडिया, थाइलैंड, दुबई में ऑनलाइन गेमिंग सेंटर में सालों तक काम कर चुके है, जहां से जानकारी हासिल करने के बाद उन्होंने कानपुर में गोरखधंधा शुरू किया था। राहुल चौधरी को उसके गांव के राम करयप ने थाईलैंड में बैंकाक में नौकरी लगवाने के बहाने भेजा था, लेकिन उसे बैंकाक की जगह पहले थाईलैंड ले जाया गया और वहां से कंबोडिया भेज दिया गया। कंबोडिया में मल्टी स्टोरी बिल्डिंग में बने काल सेंटर में उसे तीन दिन प्रशिक्षण दिया गया, जिसके बाद उसे वहां भारत के लोगों से ठगी कराई गई, लेकिन कुछ समय बाद वह वहां से पेनाल्टी देकर भाग आया। इसके बाद गिरोह के अन्य सदस्यों से मुलाकात हुई और बड़े लेनदेन करने वाले खाते ढूंढने लगे थे।

**इंडियन नंबरों का इस्तेमाल कर करते थे ठगी**

गिरोह में शामिल राज भी थाईलैंड और दुबई के काल सेंटर में काम कर चुका है। राज लखनऊ के सौरभ के संपर्क में आया और प्री एक्टिवेटेड सिम 550 में लेकर 700 रुपये में ठगों के गिरोह को मुंबई में भेजता था। मुंबई का गिरोह सिम नंबर का ओटीपी देकर कंबोडिया और दुबई में वाट्सएप एक्टिव करा देते थे। कंबोडिया में काम करने के दौरान राहुल को ऑनलाइन गेमिंग एप के जरिए ठगी करने की जानकारी हासिल हुई थी। राज ने एक हजार से ज्यादा प्री एक्टिवेटेड सिमों को मुंबई और लखनऊ के रास्ते से दुबई में भिजवाया था। इन्हीं इंडियन नंबरों का इस्तेमाल लोगों को ठगी का शिकार बनाने में किया जाता था।

# महिला क्लर्क समेत पांच लोगों ने लगाई फांसी



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**कानपुर।** कल्याणपुर, चकेरी, सेन पश्चिमपारा, गोविन्द नगर व बर्रा थाना क्षेत्रों में 24 घंटे के भीतर महिला क्लर्क समेत पांच लोगों ने फांसी जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने जांच-पड़ताल कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।
नई बस्ती बारासिरोही निवासी देवेश कुमार प्राइवेट इंटर कॉलेज में लैब टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी सुधा रोजगार विभाग में क्लर्क के पद पर कार्यरत थीं। सोमवार को वह ड्यूटी में गए थे, जबकि बच्चे अग्रिम व खुशी स्कूल गए हुए थे। पत्नी घर पर थीं। दोपहर करीब 3 बजे वह घर पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद था। काफी देर तक खटखटाने के बाद भी अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। जिसके बाद पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ घर में दाखिल हुए तो पत्नी का शव फंदे से लटकता मिला। आनन-फानन में वह पत्नी को लेकर निजी अस्पताल गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। देवेश ने बताया कि पत्नी काम के तनाव के चलते डिप्रेशन में थी, जिसके चलते उन्होंने सुसाइड कर लिया। इसी तरह लाल बंगला कालीबाड़ी निवासी रंजीत ने बताया कि परिवार में पत्नी मीना व तीन बेटे जसवंत निषाद, नंदू व ललित हैं। जसवंत ने करीब 35 लाख रुपए कर्ज लेकर इलाके में ही रेडीमेड कपड़ों की दुकान खोली थी। काफी दिनों से कारोबार ठप चल रहा था, जिससे जसवंत परेशान रहता था। सोमवार को खाना खाने के बाद जसवंत ने देर रात कमरे में फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। वहीं सेन पूरबपारा निवासी राजकुमार के परिवार में पत्नी शशिप्रभा, बेटा शिवओम कुशवाहा, हरिओम व बेटी निहारिका हैं। राजकुमार ने बताया कि उनका बेटा बीए फाइनल ईयर का छात्र था। साथ ही आईटीआई कर चुका था। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे शिवओम खाना खाकर घर से निकला था। जिसके बाद देर शाम तक वापस नहीं लौटा। छोटे भाई हरिओम ने खोजबीन शुरू की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। देर शाम ग्रामीणों ने घर से ढाई किलोमीटर दूर नहर पटरी किनारे स्थित पेड़ में शव फंदे से लटकता देख परिजनों को घटना की जानकारी दी।
इसी क्रम में दबौली निवासी साहिल गौतम मजदूरी करता था। मंगलवार सुबह मां संजू गौतम आंख खुलने के बाद बेटे के कमरे में पहुंची तो पंखे से शव लटका देख उनकी चीख निकल गई। आवाज सुनकर परिवार के अन्य सदस्य पहुंचे और फिर पुलिस को सूचना दी।
साहिल तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ा था। मंझली बहन जानवी और छोटा भाई मयंक है। दामोदर नगर निवासी मजदूर अंकित साहू ने सोमवार देर रात कमरे में पंखे से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। सुबह सोकर उठे परिजनों ने शव फंदे से लटकता देख पुलिस को घटना की जानकारी दी।

## तकनीकी रूप से दक्ष कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत

**-भाजपा जिलाध्यक्ष ने की डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम की समीक्षा**



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**कानपुर।** भाजपा दक्षिण कार्यालय में मंगलवार को डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम की समीक्षा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह ने की। बैठक में जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह ने कहा कि भाजपा हमेशा समय के साथ आधुनिक तकनीक को अपनाने वाली पार्टी रही है। आज संगठनात्मक कार्यों को गति देने में डिजिटल माध्यम सबसे प्रभावी साबित हो रहा है। डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम के जरिए कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, संगठन की कार्यप्रणाली और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से डिजिटल क्रांति की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में भाजपा का हर कार्यकर्ता भी तकनीक से जुड़कर संगठन को मजबूत करने में अहम भूमिका निभा रहा है। प्रशिक्षित और तकनीकी रूप से दक्ष कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत हैं। बैठक में मंडल अध्यक्षों और मंडल महामंत्रियों के साथ बूथ अध्यक्षों के प्रशिक्षण की प्रगति की समीक्षा की गई। प्रत्येक मंडल की स्थिति और शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने की कार्ययोजना पर चर्चा हुई। जिला अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों से तय समय सीमा के भीतर हर बूथ अध्यक्ष का प्रशिक्षण पूरा कराने को कहा। उन्होंने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका बूथ स्तर का संगठन है। जब हर बूथ अध्यक्ष तकनीकी रूप से सक्षम होगा तो संगठन की कार्यक्षमता और बढ़ेगी। डिजिटल माध्यम से कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय और संवाद स्थापित होगा, जिससे पार्टी की विचारधारा और सरकार की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक आसानी से पहुंच सकेंगी। बैठक में जिला महामंत्री अर्जुन बेरिया, विकी मूरजानी, तेज बहादुर सिंह, विनीत दुबे, आनंद सिंह परिहार, दीपांकर मिश्र, दीपू पासवान, सुमित तिवारी, सुमित कश्यप, राजीव चक्रवर्ती समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बिल्डर से सात लाख का साइबर फ्राड

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**कानपुर।** साइबर ठग ने पद्मश्री न्यूरोलॉजिस्ट डॉ सुनील प्रधान का ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लेने के नाम पर बिल्डर से 7.16 लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित की तहरीर पर अनवरगंज पुलिस ने मुकदमा दर्जकर मामले की जांच शुरु की।
अनवरगंज पुलिस ने बताया कि दलेलपुरवा निवासी आबिदुल आरफीन बिल्डर हैं। बीती 27 जून को उन्होंने पद्मश्री न्यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर सुनील प्रधान का ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लेने के लिए गूगल सर्च कर उनका नंबर निकाला। इस दौरान उन्होंने डॉक्टर की वेबसाइट पर दिए गए नंबर से संपर्क किया। कॉल उठाने वाले युवक ने खुद को डॉक्टर के क्लीनिक का कर्मचारी बताया। जिसने ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लेने के लिए उनके मोबाइल पर एक एपीके फाइल भेजी। जैसे ही उन्होंने उस फाइल को डाउनलोड किया, तो कुछ देर के लिए उनका मोबाइल हैक हो गया। कुछ देर बाद उनका मोबाइल ऑन हुआ, जिसके बाद बैंक खाते और क्रेडिट कार्ड से करीब 7.16 लाख रुपये निकलने का मैसेज आया। तब उन्हें अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ। जिसके बाद उन्होंने मामले की शिकायत एनसीआरबी पोर्टल में की। साथ ही अनवरगंज थाने में मामले की शिकायत की। अनवरगंज थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## भाजपा सरकार की सद्बुद्धि के लिए किया हनुमान चालीसा का पाठ

**-टूटी सड़क, बिजली कटौती के विरोध में निकाली पदयात्रा**



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**कानपुर।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर के दानपात्र से कथित चंदा चोरी, बिजली कटौती, टूटी सड़कों और जलभराव जैसी समस्याओं के विरोध के कांग्रेसियों ने लालबंगला पेट्रोल पंप से पदयात्रा निकाली। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार की सद्बुद्धि के हनुमान चालीसा का पाठ किया। पदयात्रा में कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां लिए भाजपा सरकार के खिलाफ नारे लगा रहे थे। नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार कानून-व्यवस्था, बिजली आपूर्ति, सड़क और जल निकासी जैसी बुनियादी समस्याओं को हल करने में विफल रही है, जिससे जनता को रोजमर्रा की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण जिलाध्यक्ष संदीप शुक्ला ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना पर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि जनप्रतिनिधि जनता की समस्याओं से दूरी बनाए हुए हैं और विकास के दावे केवल कागजों तक सीमित हैं। श्री शुक्ला ने कहा कि महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र में टूटी सड़कें, जलभराव, अव्यवस्थित यातायात और अतिक्रमण जैसी समस्याएं आम लोगों के लिए बड़ी परेशानी बन गई हैं, लेकिन जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के दानपात्र से करोड़ों रुपये की चोरी की घटना को आस्था से जुड़ा एक गंभीर है। इसकी निष्पक्ष जांच की जाए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकार हर मुद्दे पर जवाबदेही से बचने का प्रयास कर रही है, जबकि जनता महंगाई, बिजली संकट और बदहाल व्यवस्थाओं से परेशान है। पदयात्रा का समापन हरजिंदर नगर चौराहे स्थित मंदिर परिसर में हुआ। यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार को सद्बुद्धि देने के लिए हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## खराब सड़कों का लेकर व्यापारियों ने एसीएम को सौंपा ज्ञापन



स्वतंत्र भारत ब्यूरो
कानपुर। किदवई नगर से बारादेवी जाने वाले मुख्य मार्ग की स्थिति अत्यंत जर्जर एवं बदहाल है। इसके विरोध में मंगलवार को उत्तर प्रदेश कल्याणकारी व्यापार मंडल के प्रदेश प्रभारी संदीप पाण्डेय के नेतृत्व में एसीएम 7 को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि किदवई नगर से बारादेवी तक चौड़ीकरण के नाम पर लंबे समय से दोनों ओर सड़क खोदकर छोड़ दी गई है, जिससे लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कीचड़ और उड़ती मिट्टी के कारण आसपास के व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसके साथ ही हादसों की आशंका बनी रहती है। व्यापारियों ने कहा कि मार्ग पर अनेक स्थानों पर गहरे गड्ढे बने हुए हैं। सीवर एवं जल निगम के चैंबर धंस चुके हैं, जिससे वाहन चालक आए दिन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। बरसात के दौरान सड़क पर जलभराव होने से स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। व्यापारियों ने मांग की कि पूरे मार्ग पर खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को तत्काल ठीक कराया जाए, धंसे हुए चैंबरों का पुनर्निर्माण कराया जाए, सड़क निर्माण कार्य को युद्धस्तर पर पूर्ण कराया जाए। साथ ही सड़क किनारे मलबा हटाकर नियमित साफ-सफाई की व्यवस्था कराई जाए, ताकि जनता को राहत मिल सके। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही सड़क निर्माण एवं अन्य जनसमस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो जनआंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विभाग एवं प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में पूर्व पार्षद हरिशंकर गुप्ता, अनिल परिहार, संजय जायसवाल, अनिल मिश्रा, आशीष पांडेय, गोविंद सोनकर, अनिल पाण्डेय समेत कई लोग मौजूद रहे।

## नगर आयुक्त को मिली गंदगी, लापरवाही कर्मियों का रोका वेतन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**कानपुर।** नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय ने मंगलवार को परमट मंदिर, सम्पवेल और शेल्टर होम के पास जलभराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान सामने आया कि परमट नाला टैपिंग स्थल पर स्क्रीन में फ्लोटिंग मैटेरियल जमा होने और उत्तर प्रदेश जल निगम की ओर से पाइपलाइन कार्य के दौरान बनाई गई अस्थायी दीवार के कारण पानी का बहाव बाधित हुआ, जिससे बैकफ्लो और जलभराव की स्थिति बनी हुई थी। नगर निगम के अनुसार अब अस्थायी अवरोध हटा दिया गया है। इस दौरान नगर आयुक्त ने जोन-4 के अधिकारियों को नाला टैपिंग स्थल और गेट वाल्व पर 24 घंटे कर्मचारियों की तैनाती करने के निर्देश दिए। साथ ही स्क्रीन पर जमा होने वाले कचरे की लगातार सफाई, गलीपिट की मरम्मत, परमट मंदिर के वैकल्पिक मार्ग के निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने और घाट क्षेत्र से दो दिन के अंदर सीएंडडी वेस्ट हटाने के आदेश दिए। निरीक्षण के दौरान परमट मंदिर परिसर, सीढ़ियों और घाट पर गंदगी मिलने पर नगर आयुक्त ने सफाई नायक समेत छह आउटसोर्स सफाई कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि बरसात के दौरान सफाई और जल निकासी में किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# फर्जी अंतरराज्यीय काल सेंटर का भण्डाफोड़, तीन गिरफ्तार




**-अविवाहित युवती गैंग को कर रही थी संचालित**
**-शादी कराने के नाम पर लोगों से करते थे ठगी**
**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**कानपुर।** कल्याणपुर में पुलिस ने मैट्रीमोनियल साइट की आड़ में शादी कराने के नाम पर लोगों को ठगी करने वाले फर्जी अंतरराज्यीय काल सेंटर का भंडाफोड़ करते हुए कर दो युवतियों समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से सात एंड्रायड फोन,16 कीपैड मोबाइल, नौ डेस्क टाप, 104 प्रयोग किए गए सिम, दो नए सिम समेत तमाम चीजें मिली है। यह गिरोह फर्जी मैट्रीमोनियल साइट बनाकर लोगों को एआई जेनरेटेड सुंदर और आकर्षक लड़कियों की फोटो भेजकर उनसे रजिस्ट्रेशन से लेकर बातचीत कराने के नाम पर रकम ऐंठने का काम करते थे। एक अनमैरिड युवती अपने दो साथियों के साथ इस गैंग को संचालित रही थी।
डीसीपी वेस्ट एसएम कासिम आबिदी ने बताया कि उन्हें एनसीआरपी पोर्टल से इनपुट मिला कि कल्याणपुर आवास विकास कैलाश विहार के एक अपार्टमेंट में गतिविधियां संदिग्ध हैं। यहां से कानपुर के साथ ही यूपी के कई जिलों और राज्यों में कॉलिंग की जा रही है। पुलिस व क्राइम ब्रांच ने रेड की तो सामने आया कि यहां पर ऑन लाइन मैच नाम से फर्जी मैट्रीमोनियल कॉल सेंटर संचालित किया जा रहा है। पुलिस ने सरगना ईडब्ल्यूएस आवासा विकास-3 कल्याणपुर में रहने वाली श्याम नारायण त्रिवेदी की अनमैरिड बेटी अनुराधा त्रिवेदी, जनता नगर बर्रा-3 निवासी विक्रम खूंटे और पुराना शिवली रोड कल्याणपुर निवासी प्रियंका को गिरफ्तार कर लिया। इसके साथ ही कॉल सेंटर में काम कर रही 15 लड़कियों से भी पूछताछ शुरू की। पूछताछ के पता चला है कि करीब एक वर्ष पहले तीनों की मुलाकात इंटरनेट मीडिया के माध्यम से हुई थी। जिसके बाद तीनों ने योजना बनाकर ठगी का लिए काल सेंटर खोल लिया। कॉल सेंटर में काम करने वाली लड़कियों को रोजाना शादी के इच्छुक 100 से 150 लोगों के मोबाइल नंबर उपलब्ध कराए जाते थे। ये लड़कियां उनसे मैट्रीमोनियल साइड की टेलीकॉलर बनकर बात करती और फिर उन्हें कैसी लड़की से शादी करना चाहते हैं, उनकी डिमांड पूछती थीं। इसके बाद उनकी डिमांड के आधार पर एआई जनरेटेड फोटो तैयार करके चार से छह तस्वीरें भेजती और फिर रजिस्ट्रेशन से लेकर बात करने और मीटिंग के नाम पर मोटी रकम वसूलती थीं। जिसे दुल्हन बनाकर बात कराती वह भी कॉल सेंटर की ही लड़की होती थी। इस तरह से यह गैंग रोजाना सैकड़ों लोगों से लाखों रुपए की ठगी करता था। पुलिस ने कॉल सेंटर में काम करने वाली 15 लड़कियों को पूछताछ के बाद छोड़ दिया। डीसीपी ने बताया कि अब तक 10 से 15 हजार से ज्यादा लोगों से करोड़ों की ठगी कर चुके हैं। पुलिस सरगना और उनके पार्टनर का बैंक अकाउंट समेत अन्य डिटेल खंगाल रही है। इससे साफ हो सके कि गिरोह ने अब तक कितने लोगों से कितने रुपए की ठगी की है।

**छह हजार की नौकरी पर रखी थी लड़कियां**

डीसीपी ने बताया कि आरोपी फेसबुक, इंस्टाग्राम और मैट्रीमोनियल साइट से विवाह के इच्छुक युवकों से संपर्क करने के बाद एआइ जनरेटेड तस्वीर भेज कर अपने जाल में फंसाते थे। इस काम के लिए लड़कियों को छह हजार रुपये वेतन पर रखा जाता था। पहले कोपिड फोन देकर बातचीत करकार शादी का विश्वास दिलाया जाता था। जिसके बाद रजिस्ट्रेशन चार्ज, प्रोफाइल ऐक्टिवेशन, और मीटिंग फिक्स चार्ज के नाम पर एंड्राइड फोन से क्यू आर कोड भेज कर अनुराधा के खातो में रकम मंगाई जाती थी। ये रकम चार से 10 हजार के बीच होती थी। काल सेंटर में कार्यरत टेलीकालर अलग-अलग नाम और पहचान बताकर बातचीत करती थी जिससे पीड़ितों को वास्तविक रिश्ते में होने का एहसास होने लगता था। कुछ समय बाद रकम ऐंठने के बाद आरोपी कोई बहाना बनाकर संपर्क समाप्त कर देते थे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक टेलीकालर को टारगेट दिया जाता था। टारगेट पूरा होने के बाद नम्बर और डेटा डिलीट कर दिया जाता था।

# आईआईटी के पूर्व छात्र ने 10 करोड़ का दिया योगदान

**-डॉ गुप्ता की इच्छानुसार आवासीय टॉवर का नामकरण कर किया जाएगा सम्मानित**



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**कानपुर।** आईआईटी कानपुर के 1988 बैच के पूर्व छात्र व उद्यमी एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र के अग्रणी विशेषज्ञ डॉ नरेश चंद गुप्ता एवं निधि गुप्ता ने दस करोड़ रूपए का योगदान दिया है। यह योगदान आईआईटी कानपुर के आगामी हॉल ऑफ रेजिडेंस-15 में बनने वाले एक आवासीय टॉवर के निर्माण में उपयोग किया जाएगा। यह परियोजना संस्थान द्वारा गुणवत्तापूर्ण छात्र आवास की बढ़ती आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए विकसित की जा रही एक महत्वपूर्ण पहल है। एमओयू में डॉ नरेश गुप्ता की इच्छानुसार आवासीय टॉवर का नामकरण करके सम्मानित किया जाएगा। विगत वर्षों में छात्र संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि को देखते हुए आईआईटी ने लगभग 1,000 विद्यार्थियों के लिए चार आवासीय टॉवरों वाले एक नए हॉल ऑफ रेजिडेंस के निर्माण की योजना बनाई है। डॉ नरेश चंद गुप्ता एक्यूरा कैप के संस्थापक हैं, जो एक प्रौद्योगिकी-आधारित एसेट मैनेजमेंट फर्म है और निवेश के क्षेत्र में मात्रात्मक अनुसंधान तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग करती है।
आईआईटी कानपुर के कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग से स्नातक डॉ गुप्ता ने यूनिवर्सिटी ऑफ मैरीलैंड, कॉलेज पार्क से एम.एस. एवं पीएचडी की उपाधियां प्राप्त कीं। उनके डॉक्टरेट शोध ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता, कंप्यूटर विज्ञान, मशीन लर्निंग तथा स्वचालित नियोजन जैसे क्षेत्रों में आधारभूत योगदान दिया। प्रौद्योगिकी नवाचार, वैश्विक व्यावसायिक नेतृत्व तथा अनुसंधान-आधारित उद्यमिता में उनके उत्कृष्ट योगदान के सम्मानस्वरूप आईआईटी कानपुर ने उन्हें वर्ष 2025 का विशिष्ट पूर्व छात्र सम्मान प्रदान किया। डॉ नरेश चंद गुप्ता ने कहा जहां महान प्रतिभाएं एक साथ आती हैं, वहीं महान विचार जन्म लेते हैं। मुझे ऐसे वातावरण के निर्माण में योगदान देकर गर्व का अनुभव हो रहा है, जहां असाधारण युवा प्रतिभाएं सीख सकें, सहयोग कर सकें और आजीवन मित्रता स्थापित कर सकें। इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो मणींद्र अग्रवाल ने कहा हम छात्र अवसंरचना के विकास हेतु डॉ नरेश चंद गुप्ता के इस उदार योगदान के लिए उनके प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। आवासीय परिसर विद्यार्थियों के जीवन में सीखने, सामुदायिक सहभागिता और नेतृत्व क्षमता के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनका यह सहयोग हमारी आवासीय सुविधाओं को सुदृढ़ करेगा तथा विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं व्यक्तिगत विकास के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के साथ-साथ संस्थान के दीर्घकालिक लक्ष्यों को भी आगे बढ़ाएगा। पूर्व छात्र अधिष्ठाता प्रो अमेय करकरे ने कहा आईआईटी कानपुर में हमारे पूर्व छात्र संस्थान की उत्कृष्टता की यात्रा के सहभागी हैं। डॉ नरेश चंद गुप्ता का यह उदार योगदान इस बात का उत्कृष्ट उदाहरण है कि पूर्व छात्रों का नेतृत्व आने वाली पीढ़ियों के लिए किस प्रकार स्थायी प्रभाव उत्पन्न कर सकता है। उनका सहयोग न केवल संस्थान की अवसंरचना को सुदृढ़ करेगा, बल्कि परोपकार की उस संस्कृति को भी और मजबूत करेगा।

## दोस्ती कर छात्रा को किया अगवा, पुलिस ने किया गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**कानपुर।** इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद युवक ने छात्रा का अपहरण कर लिया। पुलिस ने 24 दिन बाद छात्रा को बरामद के साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने छात्रा की पहचान छिपाने के लिए उसके आधार कार्ड में नाम और उम्र बदलवा दिया था।
छात्रा के पिता ने बताया कि 13 जून को उनकी बेटी घर की छत के रास्ते से बाहर निकली थी। आरोप है कि अलीगढ़ के सातनी निवासी योगेश कुमार रामादेवी चौराहे पर कार लेकर उसका इंतजार कर रहा था। योगेश बेटी को अपने साथ लेकर फरार हो गया। बेटी का सुराग न मिलने पर परिजनों ने 15 जून को चकेरी थाने में गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कराया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए चकेरी पुलिस ने सर्विलांस और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू की। 24 दिन की लगातार तलाश के बाद पुलिस ने किशोरी को सकुशल बरामद कर आरोपी योगेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। परिजनों ने आरोप लगाया है कि आरोपी और उसके परिजनों ने किशोरी की पहचान छिपाने के लिए उसके आधार कार्ड में नाम बदलवाने का प्रयास किया था। हालांकि पुलिस इस पहलू की भी जांच कर रही है। बरामदगी के बाद पुलिस ने किशोरी को मेडिकल परीक्षण कराया और उसके बयान दर्ज किए। इसके बाद आरोपी योगेश कुमार को मंगलवार दोपहर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। चकेरी थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि मामले की विवेचना जारी है। किशोरी के बयान, डिजिटल साक्ष्य और दस्तावेजों की जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि आधार कार्ड में नाम बदलने के संबंध में दस्तावेजी हेरफेर या जालसाजी की पुष्टि होती है, तो आरोपी पर संबंधित धाराएं भी बढ़ाई जाएंगी।

## खबर एक नजर

### पतारा में डंपर की टक्कर से पलटी कारए चालक घायल



-क्षेत्र के हिरनी मोड पर हुई घटनाए हादसे में घायल चालक को इलाज के लिए पहुंचाया गया सीएचस

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, घाटमपुर।** मंगलवार की सुबह कानपुर की ओर से घाटमपुर की ओर जा रही कार को पतारा क्षेत्र के हिरनी मोड पर डंपर ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थीए कि कार हाइवे पर पलट गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल चालक को पतारा सीएचसी पहुंचाया। जहां से उसे प्राथमिक इलाज करने के बाद कानपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कानपुर के चकेरी निवासी विनीत पाल 25 पुत्र स्वर्गीय राम अवतार मंगलवार सुबह कार लेकर कानपुर से घाटमपुर की ओर जा रहे थेए तभी घाटमपुर थाना क्षेत्र के हिरनी मोड के पास पहुंचते ही पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने कार में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थीए कि कार अनियंत्रित होकर हाइवे पर पलट गई। हादसे में चालक घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल करने के साथ घायल को कार से निकालकर पतारा सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज करने के बाद चालक को कानपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को किनारे करवाकर हाइवे पर यातयात बहाल कराया है।

### युवती व उसकी मां के साथ मारपीट

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, घाटमपुर।** साढ़ थाना क्षेत्र के भदेवना गांव में पारिवारिक विवाद और मारपीट के मामले में आरोपी दंपति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। साकेत नगरए कानपुर निवासी अंकिता द्विवेदी ने पुलिस को बताया कि रविवार को वह भदेवना में पानी की टंकी के पास स्थित खेत में अपनी मां के साथ गई थीं। तभी उनके चाचा गौरव द्विवेदी और चाची शालिनी द्विवेदी ने अचानक आकर उनसे और उनकी मां के साथ गाली.गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर लात.घूंसों और डंडों से हमला कर दियाए जिससे अंकिता के सिरए हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। प्रभारी निरीक्षक केण् केण् मिश्रा ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है ।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर बिल्हौर विधानसभा में चला वृहद पीडीए वृक्षारोपण अभियान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, बिल्हौर ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में प्रदेशव्यापी पीडीए वृक्षारोपण अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र के ककवन ब्लॉक की विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं गांवों में सपा बिल्हौर विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं द्वारा वृहद स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। वहीं सपा अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष मुकीम खान के नेतृत्व में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सभी कार्यकर्ताओं ने पौधे रोपने के साथ उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया और आमजनों से अधिक से अधिक पौधरोपण करने की अपील की। इस मौके पर सपा युवजन सभा के जिला महासचिव बबलू खान कामिल खान अयान खान गुलजार खान आसिफ खान अलीम खान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बिल्हौर नगर पालिका ने प्लास्टिक उन्मूलन महाभियान चलाया

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, बिल्हौर ।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्लास्टिक उन्मूलन महा अभियान दिनांक 01 जुलाई से 12 जुलाई 2026 के तहत आज दिनांक 07 जुलाई को बिल्हौर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी मोहम्मद रजा के निर्देशन में संजीव कुमार सफाई एवं खाद्य निरीक्षक नगर पालिका परिषद बिल्हौर के द्वारा बिल्हौर नगर पालिका सीमा के अंतर्गत पॉलीथीन जब्ती करण अभियान चलाकर लगभग 20 किलो पॉलीथीन जब्त करते हुए आगे से पॉलीथीन उपयोग न करने एवं कपडे के थैले का प्रयोग करने हेतु लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही नगर सीमा में संचालित खाद्य दुकानों में साफदृसफाई स्वच्छता एवं खाने की वस्तुओं को ढक कर रखने हेतु जागरूक किया गया। अभियान में सफाई प्रभारी विनोद कुमार राजीव कुमार रिंकू कुमार तथा गोपाल अवस्थी समेत कई पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे।

## साइबर ठगों ने 500 लोगों से की थी करोड़ों की ठगी, चार्ज सीट हुई दाखिल

**-17 आरोपीयों की अभी भी पुलिसकर रही तलाशएपुलिस ने करीब 750 पन्नों की चार्जशीट की दाखिल**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, घाटमपुर।** रेवना थाना क्षेत्र के रठीगांव से करीब तीन माह पहले फिल्मी स्टाइल में रेड डालकर क्राइम ब्रांच व कई थानों की पुलिस द्वारा अरेस्ट किए गए 20 साइबर ठगों के मामले की गूंज शासन स्तर तक होने के बाद पुलिस ने इनके खिलाफ अब करीब 750 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की है। इन शातिर ठगों ने 500 से अधिक लोगों के साथ ठगी की थी। पुलिस ने गिरोह का सरगना शैलेंद्र को बनाते हुए चार्जशीट दाखिल की है।आरोपी झारखंड के जामताड़ा की तरह गिरोह बनाकर ठगी की घटनाओं को अंजाम देते थे। इसके लिए बाकायदा प्रशिक्षण के लिए पाठशाला भी चलाने की बात सामने आई थी।थाना प्रभारी ने बताया था कि रेऊना थाना क्षेत्र के राठिगांवए समाज नगरए लक्ष्मणपुरए बड़ेला समेत अन्य गांव के साइबर ठग देशभर में लोगों को कभी पुलिस अधिकारी बनकर तो कभी सीबीआई अधिकारी व आवास योजना और बैंक लोन समेत अन्य झांसा देकर साइबर ठगी को अंजाम दे रहे थे। इसमें सबसे ज्यादा पढ़ा.लिखा ठग 11 वीं पास मिला है। अन्य ठग 5 वींए 8वीं या हाईस्कूल पास हैं। ठगी करने की शिकायतें मिल रही थीं।मार्च में जब जांच की गई तो ठगी का कनेक्शन रेउना थाना क्षेत्र के रठीगांव से निकला था। 8 अप्रैल 26 को पुलिस फोर्स के गांव की घेराबंदी की थी। जिसका गांव की महिलाओं ने जमकर विरोध किया था। पर पुलिस के सख्त तेवरों के चलते उनकी एक न चली थी। तब पुलिस ने शैलेंद्र, सतेंद्र, नीरज, राहुल प्रांशू, जगराज, रोहित, पुष्पेंद्रए अजीतए कुलदीपए नरेश आदि 20 साइबर ठगों को गिरफ्तार कर करोड़ों की ठगी का खुलासा किया था।

ठग गेमिंग के नाम पर भी ग्रामीणों था। अन्य आरोपी पीएम आवास व ऑन लाइन लोगों को ठगी का शिकार बनाते थे।पुलिस ने बताया कि सरगना शैलेंद्र कुछ समय तमिलनाडु में भी रहा थाए वहीं से यह साइबर ठगों के संपर्क में आया।बाद उसने रेउना के रठीगांव5 में अपना पूरा गिरोह बना लिया था। गिरोह बनाने के बाद वह ठगी की वारदात को अंजाम देने लगा। वहींए थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में जिन 17 आरोपियों खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए गए हैं। उनकी तलाश की जा रही है।



पकड़े गए साइबर अपराधी(फाइल फोटो)

### पुलिस अफसरों ने सिविल ड्रेस में की थी छापेमारी

घाटमपुर।इस ऑपरेशन को एडीसीपी सुमित सुधाकर रामटेके ने लीड किया। रेउना थाना क्षेत्र से पूरे देश में साइबर ठगी हो रही थी।पुलिस के प्रतिविंब पोर्टल पर कानपुर रेउना थाना क्षेत्र का रठिगांवए लक्ष्मणपुरए समाज नगरए बड़ेला और आदिगांव में साइबर ठगी के हॉट स्पॉट के रूप में हाईलाइट हो रहा था। पहले पुलिस अफसरों ने सिविल ड्रेस में छापेमारी की तो सामने आया कि इन गांवों के युवक सुबह से खेत.बाग में और अलग.अलग जगह झोपड़ी में ग्रुप बनाकर देशभर में कॉल करके लोगों से साइबर ठगी करते हैं। यहां के सैकड़ों युवा सिर्फ साइबर ठगी के धंधे में इनवॉल्व थे।

## भाजपा का कार्यकर्ता है संगठन की है रीढ़ : उपेन्द्र पासवान

**– कानपुर ग्रामीण के नौरंगा मंडल की संगठनात्मक बैठक में बोलते हुए ग्रामीण जिलाध्यक्ष ने कहा**



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, घाटमपुर।** मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी कानपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष उपेन्द्र पासवान के अध्यक्षता में नौरंगा मंडल की संगठनात्मक बैठक गुलशन पैलेसए नौरंगा में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन की मजबूतीए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखाए बूथ सशक्तिकरण एवं केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन.जन तक पहुँचाने पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में बोलते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक सशक्त बनानेए आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को सफल बनाने तथा केंद्र की यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा नेता संदीप बाजपेईए जिला मीडिया प्रभारी मयंक अवस्थीए संदीप पालए अखिलेश शुक्लाए हिमांशु मिश्राए श्यामू गुप्ताए रणविजय सिंहए पूनम संखवारए धनवन्ती सचानए पंकज प्रजापतिए विमल कुशवाहाए रोहित कुशवाहाए अरविंद कुशवाहाए अरुण कुमारए संदीप सोनीए उमाहरि साहू एवं अन्य पार्टी कार्यकर्ता

## भीतरगांव में लाखों की लागत से बने कूड़ा निस्तारण केंद्र बने शो पीस





**-सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट स्वच्छ भारत मिशन जिम्मेदारों की उदासीनता से हुआ फेल गांव गांव फैली गंदगी बयां कर रही हकीकत**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**भीतरगांव कानपुर।** सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत विकासखंड भीतरगांव के प्रत्येक ग्राम पंचायत में लाखों की लागत से बने कूड़ा निस्तारण केंद्र आरआरसी सेंटर महज शो पीस बनकर रह गए है जिससे सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट कागजों में तो दुरुस्त है लेकिन जमीनी हकीकत से कोसों दूर है विकासखंड के तमाम गांवों में फैली गंदगी और रिसोर्स रिकवरी सेंटरों में उगी हुई झाड़ियां अस्त व्यस्त व्यवस्थाएं अपनी दास्तां खुद बयां करती है। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत हर ग्राम पंचायत में आर आर सी सेंटर बनाकर गीले और सूखे कचरे को अलग कर खाद और रिसाइकल योग्य वस्तुएं बनाने की योजना धरातल पर विफल होने का प्रमाण है ग्रामीणों ने कहा कि बरईगढ़ दौलतपुर नर्वल साढ़ बेहटा गंभीरपुर पालपुर बिरसिंहपुर गोपालपुर कुड़नी सहित कई गांवों में लाखों रुपए खर्च कर बनाए गए कई केंद्रों में आज तक कूड़ा नहीं ले जाया गया है जिससे गांवों में जगह जगह गंदगी जमा है पंचायतों द्वारा गांवों में कूड़ा इकट्ठा करने के लिए लगाए गए कूड़ा दान या तो गुम हो गए या अपनी कहानी खुद बयां कर रहे ग्रामीणों का कहना है कि कूड़ा गाड़ियों को सेंटरों में बंद कर तालाबंदी कर दी गई है और कागजी कार्यवाही में सभी आर आर सी सेंटर विधिवत संचालित है ग्रामीणों का कहना है कि शिकायत के बाद भी जिम्मेदार कोई सुनवाई नहीं कर रहे उन्होंने कहा कि लाखों रुपए खर्च कर बनाए गए आर आर सी सेंटरों का कोई लाभ नहीं मिल पा रहा।

### बोले जिम्मेदार

विकासखंड क्षेत्र में समस्त 77 ग्राम पंचायतों में आर आर सी सेंटर बने है जिनमें से 60 सेंटर संचालित है जबकि सत्रह आर आर सी सेंटर अभी तक संचालित नहीं किए जा सके है।

**शिव नरेश सिंह खंड विकास अधिकारी भीतरगांव**

## समाज सेवा ही जीवन का एकमात्र लक्ष्य-श्रीप्रकाश श्रीवास्तव



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर नगर।** .मंगलवार को मैनावती मार्ग ख्यौरा स्थित उजियारी देवी मंदिर परिसर में संचालित शिक्षा से वंचित बच्चों की पाठशालाश् में आज का दिन भावना और संकल्प से सराबोर रहा पाठशाला के प्रबंधक श्रीप्रकाश श्रीवास्तव जी ने अपना जन्मदिन सुंदरकांड वृक्षारोपण और बच्चों के बीच रहकर बड़े ही सादगी और उल्लास के साथ मनाया सुंदरकांड के भजन गूंज तुलसी और गुलाब के पौधे रोपे गए इस अवसर पर श्री प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा मेरे लिए सबसे बड़ा उत्सव यही है कि इन नन्हें चेहरों पर मुस्कान आए यही मेरा आशीर्वाद है यही मेरी दौलत है 40 साल से सेवा की मशाल थामे हुए श्री प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि बचपन से ही माता.पिता ने उन्हें सिखाया था बेटा धर्म सबसे ऊपर है और उससे बड़ा धर्म है मानव सेवा इसी प्रेरणा को लेकर उन्होंने पिछले लगभग 40 वर्षों से समाज सेवा को अपना जीवनधर्म बना लिया राजनीति से कोसों दूर रहकर उन्होंने कानपुर लखनऊ फतेहपुर शाहजहांपुर बरेली में बाल श्रमिक स्कूल चलाए कानपुर हरदोई शाहजहांपुर में मिड.डे मील वितरण किया ब्लड डोनेशन कैंप लगवाए बाढ़.पीड़ितों की मदद की कोरोना काल में असहायों तक राशन पहुंचाया कई मंदिरों.स्कूलों में पंखे वाटर कूलर लगवाए गरीब कन्याओं का विवाह कराया सिविल डिफेंस के माध्यम से गंगा बैराज की बाढ़ में फंसे लोगों को बचाने में भी अग्रणी भूमिका निभाई आज भी शिक्षा से वंचित बच्चों की पाठशाला का पूरा भार वे स्वयं उठाते हैं दर्जनों संस्थाओं से जुड़े होने के बाद भी उनका कहना है सम्मान मुझे नहीं चाहिए मुझे बस सेवा करनी है जब तक सांस है समाज के लिए जीऊंगा बच्चों के बीच कटा जन्मदिन इस अवसर पर पाठशाला के बच्चों ने सुंदरकांड का पाठ किया और श्रीवास्तव को फूल माला पहनाकर आशीर्वाद दिया वृक्षारोपण के बाद बच्चों को फल मिठाई और स्टेशनरी भी वितरित की गई कार्यक्रम में चित्रांशी कल्याण सेवा समिति के महामंत्री विष्णु सहाय श्प्रधान एडवोकेट अनूप निगम हर्षवर्धन माथुर वीरेंद्र श्रीवास्तव अनुराग माथुर दीपेश श्रीवास्तव शुभम श्रीवास्तव अनुप्रिया दोशी उमेश चंद्र श्रीवास्तव अवधेश श्रीवास्तव कल्याण शरण मिश्रा गोपाल श्रीमती विजय सुरेश तिवारी उषा देवी सहित पाठशाला संचालक अरुण कुमार त्रिपाठी ददन मिश्रा एवं शिक्षिकाएं श्रीमती पुष्पा शुक्ला श्रीमती गीता शुक्ला उपस्थित रहीं सभी ने एक स्वर में कहा ऐसे सेवाभावी व्यक्तित्व ही समाज की असली पूंजी हैं

## गलत वारंटी को उठाकर थर्डडिग्री देकर अधमरा करने के मामले में आरोपी दरोगा हुआ लाइन हाजिर

**-घटना के तीन दिन बाद एसपी ने दरोगा सुरेंद्र पाल को किया लाइन हाजिर**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, हमीरपुर।** सदर कोतवाली पुलिस द्वारा गलत वारंटी को घर से उठाकर थाने लाने के बाद थर्डडिग्री देकर अधमरा कर देने के मामले में विपक्ष के नेताओं की प्रतिक्रिया बढ़ती जा रही है। मंगलवार को मामले की जाँच रिपोर्ट अपर एसपी अरविन्द कुमार वर्मा ने सौंपी हैएजिसके बाद एसपी मृगांक शेखर पाठक ने दोषी दरोगा सुरेंद्र पाल को लाइन हाजिर कर दिया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मेरापुर मुहाल में शिवराज नामक वारंटी युवक को पकड़ने के लिए सदर कोतवाली पुलिस के दरोगा सुरेंद्र कुमार पाल टीम के साथ शनिवार की शाम पहुंचे थेए यहां शिवराज नाम के दो व्यक्ति होने पर दरोगा ने गलत वारंटी को उठा लिया हालांकि पीड़ित के परिजनों ने पुलिस से वारंट व अन्य दस्तावेज मांगे थेएलेकिन पुलिस ने नहीं दिये और गलत युवक को उठाकर थाने ले आए। इसके सत्यापन हुआ जिसमे गलत युवक को उठाने की जानकारी जैसे ही शिवराज को लगी तो उसने थाने में ही हंगामा शुरू कर दिया। पीड़ित के परिवार ने आरोप लगाया था कि दरोगा सुरेंद्र पाल सहित अन्य सिपाहियों ने उसपर थर्ड डिग्री का इस्तेमाल कर अधमरा कर दिया था।पीड़ित के परिजनों ने बताया कि शिवराज को घायल अवस्था में पुलिस ने ही जिला अस्पताल में भर्ती कराया था।जहाँ चिकित्सकों ने उसके हाथए चेहरे और सीने पर चोटों की पुष्टि की थी।पीड़ित के परिजनों ने शनिवार की देर शाम को पिछड़ा आयोग की अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योतिए डीएमए अभिषेक गोयलए एसपी मृगांक शेखर पाठक व चेयरमैन कुलदीप निषाद से न्याय की गुहार लगाई थी। जिस पर एसपी ने अपर एसपी अरविन्द कुमार वर्मा को उच्च स्तरीय जाँच करने के आदेश दिए थे। मंगलवार को जाँच रिपोर्ट आते ही एसपी ने तत्काल दरोगा सुरेंद्र पाल को लाइन हाजिर कर दिया है।

### वृक्षारोपण महाभियान वन महोत्सव कार्यक्रम की रैली को सीडीओ ने दिखाई हरी झंडी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, हमीरपुर।** वृक्षारोपण महाभियान वन महोत्सव कार्यक्रम बड़े धूमधाम से मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे मुख्य विकास अधिकारी अरुण कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

## चौपाल लगाकर तहसीलदार ने किया न्यायालय के वादों का निस्तारण

**-गड़ाथा गांव में लगाई गई चौपालए तहसीलदार ने किसानों के बीच फॉर्मर रजिस्ट्री वितरित कराई**



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, घाटमपुर।** मंगलवार को तहसील क्षेत्र के गड़ाथा में तहसीलदार अंकिता पाठक ने वृहद चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के साथ मौके पर समाधान किया। तहसीलदार ने न्यायालय वादों की सुनवाई करते हुए कई प्रकरणों का निस्तारण किया। साथ ही किसानों की फार्मर रजिस्ट्री कराकर प्रमाणपत्र वितरित किए गए। चौपाल में बाढ़ से निपटने को पूर्व तैयारियां भी कराई गईं। तहसीलदार की अध्यक्षता में आयोजित चौपाल में राजस्व न्यायालय से संबंधित चार वादों की सुनवाई कर मौके पर ही निस्तारण किया गया। चौपाल के दौरान किसानों को संचालित फार्मर रजिस्ट्री अभियान के तहत 10 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री कराई गई। पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी किसानों को मौके पर ही प्रमाणपत्र वितरित किए गए।अधिकारियों ने किसानों से कहा कि समय पर फार्मर रजिस्ट्री कराने से उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही अंश निर्धारणए खतौनी वाचनए वरासत के राजस्व कार्यों का निस्तारण किया गया।चौपाल में बरसात और संभावित बाढ़ को देखते हुए ग्रामीणों को बाढ़ पूर्व तैयारियों की जानकारी भी दी गई। अधिकारियों ने लोगों को सुरक्षित स्थानोंएराहत व्यवस्थाए आपदा की स्थिति में प्रशासन से संपर्क करने के तरीकों और आवश्यक सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया।

### पीडीए के संकल्प के साथ सपा नेता विनय कोरी ने सपा कार्यकर्ताओं के साथ वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, बिल्हौर ।** समाजवादी पार्टी मुखिया अखिलेश यादव के आह्वान पर बिल्हौर विधानसभा से अपनी दावेदारी पेश कर रहे वरिष्ठ सपा नेता विनय कोरी एवं सपा युवाजन सभा के प्रदेश सचिव आशीष सिंह यादव चटरु के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं के द्वारा बिल्हौर ब्लॉक में एवं चौबेपुर ब्लॉक के कई स्थानों में वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। सपा नेता विनय कोरी के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम आज सम्पन्न हुआ जिसके तहत 1 जुलाई से 7 जुलाई तक चले इस वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत सपा नेताओं ने फलदार वृक्ष रोपित किए और पीडीए के समावेशी विकास के साथ.साथ प्राकृतिक पर्यावरण को सुरक्षित व हरा.भरा रखने का संकल्प लिया। सपा नेता विनय कोरी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी यह छोटी सी कोशिश आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बेहतर और स्वस्थ भविष्य का आधार है। इस मौके पर सपा जिला उपाध्यक्ष श्याम सुंदर यादव विकास कटियार सरफराज आलम बिल्हौर नगर अध्यक्ष अरशद सिद्दीकी सरफराज आलम पंकज ठाकुर जीतू यादव कुलदीप यादव सोनू कल्लू कुशवाहा नवीन यादव आदि लोग मौजूद रहे।

### ई-रिक्शा पलटने से चार लोग घायल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, घाटमपुर।** थाना क्षेत्र के रार पतारी के पास अनियंत्रित हुए ई रिक्शा के पलटने से मिलकिन पुर निवासी पूनम 28 पुत्री श्री पालए शीला 55 पत्नी राम गोपालए मुन्नू 16 पुत्र दीपू के अलावा भवानी पुरए चौबे पुर निवासी राजेन्द्र 40 पुत्र प्रेम नारायण समेत चार लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज केलिए सीएचसी लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी को हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं वीरपुर गांव के पास हुए एक्सीडेंट में जनपद उन्नाव के सलोनी पुर निवासी दीक्षा शुक्ला पत्नी रचित शुक्ला घायल हो गई। जिन्हें भी इलाज केलिए सीएचसी से उर्सला अस्पताल रेफर किया गया।

## दिनदहाड़े महिला से चेन लूटने का प्रयास, नाकाम होकर फरार हुए बाइक सवार बदमाश

**सिपाही की मां को बनाया निशाना, एसपी के निर्देश पर कोतवाली पुलिस व एसओजी जांच में जुटी**

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव।** सदर कोतवाली क्षेत्र के ए.बी. नगर मोहल्ले में मंगलवार शाम दिनदहाड़े बाइक सवार बदमाशों ने एक महिला से चेन लूटने का प्रयास किया। हालांकि महिला के विरोध के चलते बदमाश अपने मंसूबे में सफल नहीं हो सके और मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, घटना शाम करीब पांच बजे की है। बाइक सवार दो बदमाशों ने ए.बी. नगर में किराये के मकान में रहने वाले एक सिपाही की मां को निशाना बनाते हुए उनकी चेन झपटने का प्रयास किया। अचानक हुए हमले के बावजूद बदमाश चेन नहीं छीन सके और मौके से भाग निकले।

घटना की सूचना मिलते ही सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ करते हुए घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाल रही है, ताकि बदमाशों की पहचान की जा सके।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सदर कोतवाली पुलिस और एसओजी टीम को मामले के खुलासे के लिए सक्रिय कर दिया गया है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक पीड़ित पक्ष की ओर से कोई लिखित तहरीर नहीं दी गई थी। पुलिस का कहना है कि उपलब्ध तथ्यों के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और आरोपितों की तलाश के प्रयास जारी हैं।

## हाईवे पार करते समय तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से तीन वर्षीय मासूम गंभीर घायल

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) नवाबगंज उन्नाव।** कस्बे के कानपुर-लखनऊ हाईवे पर मंगलवार दोपहर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से तीन वर्षीय मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन परिजन उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गए। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के जंगपुर गांव निवासी बाबू अपनी पत्नी सोनी और तीन वर्षीय पुत्र अरविंद के साथ मंगलवार दोपहर नवाबगंज कस्बे में खरीदारी करने आए थे। बाबू ने बताया कि उन्होंने संगीत होटल के पास अपनी बाइक खड़ी की थी। इसके बाद परिवार हाईवे पार कर रहा था। इसी दौरान अरविंद अचानक दौड़कर आगे निकल गया। तभी तेज रफ्तार से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे में मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) नवाबगंज लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि, परिजन बेहतर इलाज के लिए उसे निजी अस्पताल लेकर चले गए। घटना के बाद टक्कर मारने वाला वाहन चालक वाहन समेत फरार हो गया।

**कूड़ा गाड़ी कार से टकराने पर आउटसोर्सिंग कर्मचारी पर चाकू से हमला**
**नगर पंचायत कर्मचारी की तहरीर पर पुलिस ने शुरू की जांच**

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) पुरवा उन्नाव। नगर पंचायत की कूड़ा गाड़ी कार से टकराने के बाद हुए विवाद में आउटसोर्सिंग कर्मचारी पर चाकू से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में कर्मचारी घायल हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कस्बे के मोहल्ला पीरजादीगढ़ी निवासी विष्णु कुमार ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह नगर पंचायत में आउटसोर्सिंग कर्मचारी के रूप में कार्यरत है। मंगलवार सुबह करीब आठ बजे वह नगर पंचायत की कूड़ा गाड़ी लेकर मोहल्ला शीतलगंज पश्चिम में घर-घर से कूड़ा एकत्र करने जा रहा था।आरोप है कि मोहल्ले में कूड़ा गाड़ी मोड़ते समय वह पीछे खड़ी एक कार से हल्की टकरा गई। इस पर कार सवार शीतलगंज निवासी रमेश कुमार गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर रमेश कुमार और उसका भांजा अनुज कथित रूप से चाकू लेकर उस पर हमला कर दिया और मारपीट की, जिससे वह घायल हो गया। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और बीच-बचाव कर किसी तरह कर्मचारी को बचाया। घटना के बाद पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर आरोपितों के विरुद्ध तहरीर दी।कोतवाल भवन सिंह मौर्य ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## ऑल इंडिया टेलेंट शो



**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो),कानपुर।** आयोजित प्रतियोगिता केंद्र उन्नाव रोयल गेलेक्सी गार्डन में डांसिंग सिंगिंग मॉडलिंग और एक्टिंग में उपस्थित दूर दूर से आये लोग भाग लेने कानपुर दिल्ली कन्नौज फतेपुर विभिन्न शहरों से आये अपना टॉयलेट दिखाया और लोगो का सम्मान डॉक्टर कल्पना रावत जी ने सर्टिफिकेट और ट्राफी दे के किया और लोगो का हौसला बढ़ाया जिसमे उपस्थितए बबली वर्मा एरीता शिवपुरी सालू वर्षा शशि वर्मा दिल्ली एरोमा शर्मा जी

## पहली बारिश में कई जगह धंसी गंगा एक्सप्रेसवे की सर्विस लेन, निर्माण गुणवत्ता पर गहराए सवाल

**करीब 40 किमी हिस्से में 35 से 40 स्थानों पर क्षति, निर्माण एजेंसी ने शुरू कराया मरम्मत कार्य**



**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव।** मानसून की पहली तेज बारिश ने गंगा एक्सप्रेसवे की निर्माण गुणवत्ता पर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्नाव जिले में एक्सप्रेसवे की सर्विस लेन और उससे जुड़ने वाले मार्गों पर कई स्थानों पर सड़क धंसने की घटनाएं सामने आई हैं। प्रारंभिक रूप से करीब 22 किलोमीटर क्षेत्र तक सीमित रही समस्या अब बढ़कर लगभग 40 किलोमीटर के दायरे तक पहुंच गई है। विभिन्न स्थानों पर सड़क धंसने के बाद निर्माण एजेंसी ने प्रभावित हिस्सों की मरम्मत शुरू कर दी है। उन्नाव में गंगा एक्सप्रेसवे के सर्विस लेन पर करीब 35 से 40 स्थानों पर सड़क धंसने की शिकायतें मिली हैं। इसके अलावा मुख्य संपर्क मार्गों पर भी क्षति देखी गई है। प्रभावित क्षेत्रों में मियांगंज ब्लॉक के माखी, टिकरा, खरगौरा, गोपीखेड़ा और टंडन नगर तथा बिछिया ब्लॉक के मझखोरिया, रूपऊ, मर्दनखेड़ा, अनंतखेड़ा सहित कई गांव शामिल हैं। इससे पहले सोनिक क्षेत्र के पास 421.2 किलोमीटर पर कानपुर-लखनऊ हाईवे से जुड़ने वाली एग्जिट रोड का हिस्सा भी तेज बारिश के बाद धंस गया था। इसके बाद निर्माण एजेंसी ने तत्काल भराई और डामरीकरण का कार्य शुरू कराया। अब लगातार सामने आ रहे नए मामलों के बाद कई स्थानों पर मरम्मत कार्य जारी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सर्विस लेन में मिट्टी भरान और निर्माण कार्य में मानकों का पालन नहीं किया गया, जिसके चलते पहली ही बारिश में सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। करीब 36 हजार करोड़ रुपये की लागत से बन रहे गंगा एक्सप्रेसवे में आई इन खामियों को लेकर सोशल मीडिया पर भी निर्माण गुणवत्ता पर सवाल उठाए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी एक्सप्रेसवे के कुछ हिस्सों में डामर उखड़ने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। निर्माण अनुबंध के अनुसार परियोजना के शुरुआती दो वर्षों तक सड़क के रखरखाव और मरम्मत की जिम्मेदारी निर्माण एजेंसी की ही होगी। फिलहाल एजेंसी की टीमें प्रभावित स्थलों पर क्षतिग्रस्त हिस्सों की भराई और पुनः डामरीकरण का कार्य करा रही हैं।

# प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी ने विकास कार्यों की समीक्षा की, उद्योग बंधुओं की समस्याएं सुनीं



**राम मंदिर चंदा चोरी मामले पर बोलीं दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई**

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव।** उत्तर प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जनपद की प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी ने मंगलवार को जिले में विभागीय अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति और औद्योगिक गतिविधियों की समीक्षा की गई। इसके बाद उन्होंने उद्योग बंधुओं के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से आमजन तक पहुंचाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण और विकास कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में रजनी तिवारी ने राम मंदिर चंदा चोरी प्रकरण पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि ष्कानून अपना काम करेगा और सरकार अपना काम करेगी। उन्होंने कहा कि मामले की जांच संबंधित एजेंसियां कर रही हैं और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार भ्रष्टाचार और अपराध के मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और जांच पूरी पारदर्शिता के साथ होगी।

## चार दिन से लापता छात्रा सकुशल बरामद, अपहरण के आरोपित युवक को पुलिस ने दबोचा

**मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजी गई किशोरी**



स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) बांगरमऊ उन्नाव। बेहटा मुजावर थाना पुलिस ने स्कूल जाते समय चार दिन पूर्व लापता हुई 15 वर्षीय छात्रा को सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने छात्रा को कथित रूप से बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोपित युवक को भी गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। वहीं किशोरी को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस के अनुसार, बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 15 वर्षीय किशोरी 3 जुलाई को रोजाना की तरह साइकिल से कॉलेज जाने के लिए घर से निकली थी। उसने अपनी साइकिल ग्राम बेहटा में खड़ी की, जिसके बाद वह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा। परिजनों को बाद में जानकारी मिली कि हरदोई जनपद निवासी एक युवक उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। इस पर परिजनों की तहरीर के आधार पर 6 जुलाई को बेहटा मुजावर थाने में आरोपित के विरुद्ध अपहरण सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने टीम गठित कर छात्रा की तलाश शुरू की। अभियान के दौरान पुलिस ने बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के सचान कोट स्थित सुचैना देवी मंदिर के निकट से किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया। मौके से आरोपित युवक को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया, जबकि गिरफ्तार आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। पुलिस मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई कर रही है।

# सपा प्रमुख पर सोशल मीडिया टिप्पणी के विरोध में सपाइयों ने सौंपा ज्ञापन



**-पत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग, निष्पक्ष जांच की उठाई मांग**

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) बांगरमऊ उन्नाव।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के विरुद्ध सोशल मीडिया पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में मंगलवार को सपा कार्यकर्ताओं ने कोतवाली पहुंचकर प्रदर्शन किया और पुलिस को तहरीर सौंपते हुए संबंधित लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

अधिवक्ता संजीव त्रिवेदी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता सपा के झंडों के साथ कोतवाली पहुंचे। पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया गया कि 4 जुलाई को सरवन प्रसाद बाला सुबमण्यम द्वारा सोशल मीडिया पर प्रसारित एक पोस्ट में अखिलेश यादव के संबंध में आपत्तिजनक एवं निराधार टिप्पणियां की गईं। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया कि उक्त पोस्ट को बाद में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने भी अपने सोशल मीडिया मंच से साझा किया, जिससे सपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों की भावनाएं आहत हुईं।

सपा नेताओं ने कहा कि इस प्रकार की टिप्पणियां सामाजिक सौहार्द को प्रभावित करने तथा राजनीतिक विद्वेष फैलाने का प्रयास हैं। उन्होंने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई किए जाने की मांग की।

तहरीर डॉ. मुन्ना अलवी, अमित यादव, मोतीश अहमद, राम अवतार, खलील खान, अल्वी मिश्रा, लवकुश यादव, रईश खां सहित अन्य सपा कार्यकर्ताओं ने दी। पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर मामले की जांच शुरू करने की बात कही है।

## सीयू स्कॉलर्स समिट-2026 का समापन, 800 से अधिक मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित

**50 करोड़ की स्कॉलरशिप योजना की जानकारी, रोजगार सृजक बनने का दिया गया संदेश**



स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) नवाबगंज उन्नाव। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश में आयोजित दो दिवसीय सीयू स्कॉलर्स समिट-2026 (फेज-2) का मंगलवार को भव्य समापन हुआ। समिट में उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड सहित विभिन्न राज्यों से आए मेधावी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान सीयूसीईटी (चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी कॉमन एंट्रेंस टेस्ट) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 800 से अधिक विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। साथ ही विश्वविद्यालय की शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए 50 करोड़ रुपये की स्कॉलरशिप योजना की जानकारी दी गई। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार अब तक 3,000 से अधिक विद्यार्थियों को इस योजना का लाभ मिल चुका है।

समापन समारोह की मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रजनी तिवारी रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी घनश्याम मीणा मौजूद रहे। कार्यक्रम में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी यूपी के मैनेजिंग डायरेक्टर जय इंदर सिंह संधू, वाइस चांसलर प्रो. डॉ. विनीत कुमार नायर, प्रो वाइस चांसलर प्रो. डॉ. टी.पी. सिंह, शिक्षक, अभिभावक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

समिट के दौरान विद्यार्थियों को भविष्य की शिक्षा, वैश्विक करियर, नेतृत्व, नवाचार, स्टार्टअप और उद्यमिता जैसे विषयों पर विशेषज्ञों से संवाद का अवसर मिला। यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन (यूके) के प्रो. डॉ. ल्यूक डिकेन्स सहित कई विशेषज्ञों और सफल पूर्व विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय अवसरों, कौशल विकास तथा उद्योगों की बदलती आवश्यकताओं पर अपने अनुभव साझा किए। बॉलीवुड अभिनेता वरुण शर्मा ने भी विशेष सत्र में विद्यार्थियों को अपने सपनों को साकार करने के लिए आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास का संदेश दिया।

उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि ऐसे युवा तैयार करना है जो रोजगार मांगने वाले नहीं, बल्कि रोजगार सृजित करने वाले बनें। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी सहित उभरते क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण और उद्योगोन्मुख शिक्षा देकर युवाओं को वैश्विक अवसरों के लिए तैयार कर रही है। जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने कहा कि 3,000 से अधिक विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करना भविष्य में निवेश है। उन्होंने विद्यार्थियों से नवाचार अपनाने, निरंतर सीखने और स्टार्टअप के माध्यम से विकसित भारत-2047 के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। मैनेजिंग डायरेक्टर जय इंदर सिंह संधू ने कहा कि सीयूसीईटी केवल प्रवेश परीक्षा नहीं, बल्कि युवाओं के सपनों को नई उड़ान देने का मंच है। विश्वविद्यालय विश्वस्तरीय शिक्षा, अत्याधुनिक शोध सुविधाओं, एआई आधारित अधोसंरचना और इंडस्ट्री पार्टनरशिप के माध्यम से विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

# केमिकलयुक्त कचरा डालने से निजी तालाब की हजारों मछलियां मरीं, मत्स्य पालक ने लगाई न्याय की गुहार

**लाखों के नुकसान का दावा, एसडीएम ने जांच के बाद कार्रवाई और मुआवजे का दिया आश्वासन**

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव।** आसीवन थाना क्षेत्र के तारा पश्चिम गांव में एक निजी तालाब में कथित रूप से केमिकलयुक्त कचरा डाले जाने से बड़ी संख्या में मछलियों की मौत का मामला सामने आया है। पीड़ित मत्स्य पालक ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई और आर्थिक क्षति की भरपाई की मांग की है। मामले में एसडीएम ने जांच के आदेश दिए हैं।

तारा पश्चिम गांव निवासी सैफुर रहमान सफवी ने आरोप लगाया कि उनके निजी तालाब (गाटा संख्या-1214) के पास रहने वाले एक व्यक्ति ने बिना अनुमति करीब 400 से 500 डंपर केमिकलयुक्त कचरा तालाब में डलवा दिया। उनका कहना है कि कचरे में मौजूद रासायनिक तत्व पानी में मिलते ही प्रतिक्रिया करने लगे, जिससे तालाब में पाली गई लगभग 80 से 90 क्विंटल मछलियां मर गईं। इससे उन्हें लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है।

पीड़ित का आरोप है कि कचरा डंप करने से पहले उनसे न तो अनुमति ली गई और न ही कोई सूचना दी गई। उन्होंने बताया कि जब कचरा डाला जा रहा था, तब उन्होंने इसका विरोध करते हुए मिट्टी डालने की बात कही थी, लेकिन उनकी आपत्ति को नजरअंदाज कर दिया गया। उन्होंने आरोपित की पहचान मुजफ्फरपुर सर्रा निवासी दिलीप सिंह पुत्र रामेश्वर सिंह के रूप में की है, जो कथित तौर पर प्लॉटिंग के उद्देश्य से क्षेत्र में भराव का कार्य करा रहे थे।

ग्रामीण भी प्रदूषण से परेशानसैफुर रहमान का कहना है कि घटना का असर केवल तालाब तक सीमित नहीं है। केमिकलयुक्त कचरे से उठ रही दुर्गंध और प्रदूषण के कारण आसपास के ग्रामीणों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि बदबू के कारण लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है और सामान्य जनजीवन प्रभावित हो रहा है। इस संबंध में ग्रामीणों ने भी अलग-अलग शिकायतें दर्ज कराई हैं।

पीड़ित ने बताया कि मामले की शिकायत आसीवन थाना, एसडीएम, डीपीआरओ, प्रदूषण नियंत्रण एवं पर्यावरण विभाग, पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों से की जा चुकी है।मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे पीड़ित की मुलाकात एसडीएम शुभम यादव से हुई। एसडीएम ने जनसुनवाई के दौरान शिकायत सुनकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जांच में आरोप सही पाए जाने पर नियमानुसार दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, पीड़ित को मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा तथा तालाब में डाले गए कचरे को हटवाने की भी कार्रवाई कराई जाएगी।

## वीडियो कॉल के दौरान महिला ने फंदे से लटककर दी जान, पति पर प्रताड़ना का आरोप

**आईटीबीपी में तैनात है पति, परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने शुरू की जांच**

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव। शहर कोतवाली क्षेत्र के कब्बा खेड़ा स्थित विकास नगर मोहल्ले में मंगलवार दोपहर एक विवाहिता का शव घर के अंदर फंदे से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

मृतका की पहचान गुंजन मिश्रा (40) के रूप में हुई है। उनके पति हेमंत मिश्रा भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) में तैनात हैं। दंपति की दो बेटियां हैं, जिनकी उम्र 10 और 8 वर्ष बताई गई है। गुंजन का मायका फतेहपुर चैरासी थाना क्षेत्र के लवानी गांव में है।

पुलिस के अनुसार, घटना की सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मौके से मोबाइल फोन सहित अन्य साक्ष्य भी कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस डिजिटल साक्ष्यों और अन्य तथ्यों की भी पड़ताल कर रही है।

मृतका के पिता अनिल मिश्रा ने आरोप लगाया कि शादी के करीब 12 वर्षों से उनकी बेटी को ससुराल पक्ष द्वारा मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। उनका कहना है कि गुंजन पर कई बार तलाक देने का दबाव बनाया गया और दूसरी शादी करने की बात भी कही जाती थी। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी विवाद होने पर महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी, लेकिन परिवार के लोगों के समझाने पर समझौता हो गया था।

परिजनों का आरोप है कि गुंजन के साथ कई बार मारपीट की गई और लगातार प्रताड़ना के चलते वह मानसिक तनाव में रहती थी। वहीं, मायके पक्ष ने आत्महत्या की आशंका पर भी सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि गुंजन की हत्या के बाद शव को फंदे से लटका दिया गया ताकि घटना को आत्महत्या का रूप दिया जा सके।

घटना की सूचना ससुराल पक्ष द्वारा फोन पर दिए जाने के बाद मायके के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फोरेंसिक साक्ष्यों, डिजिटल साक्ष्यों और परिजनों की तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# हरे आम के पेड़ों पर चली आरी, वन विभाग करेगा कार्रवाई



**अवैध कटान की सूचना पर पहुंची टीम, पेड़ मालिक व ठेकेदारों पर जुर्माना लगाने की तैयारी**

**स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) मौरावा उन्नाव।** क्षेत्र के करदहा गांव के मजरा चंद्रभालखेड़ा में हरे आम के पेड़ों की अवैध कटाई का मामला सामने आया है। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच के बाद पेड़ मालिक तथा ठेकेदारों के विरुद्ध कार्रवाई की बात कही है।

घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। चंद्रभालखेड़ा में कुछ लकड़कट्टों द्वारा कथित रूप से हरे आम के पेड़ों को आरी और कुल्हाड़ी से काट दिया गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना मौरावां पुलिस और वन विभाग को दी। आरोप है कि अवैध कटान की सूचना समय पर मिलने के बावजूद कार्रवाई में देरी हुई। वहीं, कुछ लोगों ने वन पुलिस और नागरिक पुलिस की मिलीभगत की आशंका भी जताई है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

बताया गया कि मौरावां पुलिस को सुबह करीब 10 बजे दूरभाष के माध्यम से लकड़ी कटान की सूचना दी गई थी। थाना प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी और तथ्य सामने आने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और निरीक्षण किया। यह घटना ऐसे समय सामने आई है, जब उसी दिन वन विभाग द्वारा मौरावां नगर पंचायत के एक परिषदीय विद्यालय में श्वन महोत्सवश् के तहत वृक्षारोपण अभियान चलाया गया था।

क्षेत्रीय वन दरोगा विकास वर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामले में पेड़ मालिक गुरु प्रसाद तथा ठेकेदार श्यामू और हीरा के विरुद्ध जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी की अनुपस्थिति के कारण कार्रवाई उसी दिन पूरी नहीं हो सकी, जिसे अगले दिन संपन्न कराया जाएगा। अवैध रूप से हरे पेड़ों की कटाई की इस घटना ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए भविष्य में ऐसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने की आवश्यकता जताई है।

## संदिग्ध सड़क हादसे में युवक की मौत, खून से लथपथ हालत में सड़क किनारे मिला शव

**बाइक और युवक गांव से कुछ दूरी पर पड़े मिले, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) बांगरमऊ उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के जाफराबाद गांव निवासी एक युवक की संदिग्ध सड़क हादसे में मौत हो गई। वह सोमवार दोपहर बाइक से घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। तलाश के दौरान उसकी बाइक सड़क किनारे और युवक कुछ दूरी पर खून से लथपथ अचेत अवस्था में पड़ा मिला। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। जाफराबाद निवासी श्यामू उर्फ नीतू (35) पुत्र विश्वनाथ सोमवार दोपहर किसी काम से बाइक से घर से निकला था। देर रात तक घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। इस दौरान पड़ोसी गांव देवीदीन पुरवा के पास उसकी बाइक सड़क किनारे पड़ी मिली। कुछ दूरी पर श्यामू खून से लथपथ अचेत अवस्था में पड़ा था।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## दबाव में अर्थव्यवस्था

यह मानने में कोई हर्ज नहीं होना चाहिए कि देश की अर्थव्यवस्था एक बार फिर दबाव से प्रभावित हो रही है। बुनियादी उद्योगों में वृद्धि दर की गिरावट और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी के साथ विनिर्माण गतिविधियों की वृद्धि दर भी धीमी पड़ गई है। यही नहीं, नई कारोबारी मांग और अंतर्राष्ट्रीय बिक्री की वृद्धि दर सुस्त रहने से वस्तुओं की खरीद, रोजगार सृजन और उत्पादन की गति भी कम हो गई है। स्थिति यह है कि कुछ उपक्रमों को छोड़ दिया जाए तो देश के ज्यादातर क्षेत्रों की वृद्धि गिर रही है। यह तो सही है कि पश्चिम एशिया में संघर्ष से पैदा हुए संकट का असर अर्थव्यवस्था पर पड़ना ही था लेकिन समय रहते इसके लिए वैकल्पिक उपाय न खोजा जाना अब भारी पड़ रहा है। यह तब हुआ जब संकट की आशंकाएं बराबर व्यक्त की जा रही थीं। स्थिति संभालने के लिए आवश्यक कदम उठाने के दावे तो होते रहे लेकिन इनके ठोस परिणाम सामने नहीं आ सके। एक सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, इस साल जून में भारतीय वस्तुओं की अंतर्राष्ट्रीय मांग में वृद्धि की गति उन्तालीस महीनों में सबसे कमजोर रही। स्पष्ट है कि भारतीय निर्यात कारोबार किस सीमा तक प्रभावित हुआ है। इसमें कई कंपनियों ने माना है कि हाल के दिनों में उनको नई नियुक्तियां रोकनी पड़ीं या उन्हें कम कर दिया गया। यानी लोगों को रोजगार देने के मोर्चे पर भी नई कठिनाइयों से दो चार होना पड़ा। दूसरी ओर मांग तथा बाजार की स्थिति को लेकर चिंता के कारण जून में निवेशकों और कारोबारियों का भरोसा भी कमजोर पड़ा। विशेष रूप से विदेशी निवेशकों का भारतीय बाजारों को लेकर रुख असमंजस भरा रहा। नतीजा यह है कि विदेशी निवेश की निकासी का सिलसिला अभी भी जारी है। सर्वेक्षण से यह भी पता चलता है कि स्थिति सामान्य होने की उम्मीद को लेकर भी भरोसे में कमी आ रही है। इसलिए अगले एक वर्ष में उत्पादन बढ़ने का अनुमान लगाने वाली कंपनियों का अनुपात इस वर्ष मई की तुलना में जून में आधा रह गया है। गंभीरता से ध्यान देने का विषय यह भी है कि तेल कंपनियों ने पश्चिम एशिया में संघर्ष से कीमतें बढ़ने के बाद कमर्शियल एलपीजी और विमान ईंधन की कीमतों में पिछले दिनों पहली बार कटौती की लेकिन सवाल यहां यह है कि क्या यह राहत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और गैस की कीमतों में आई कमी के समान अनुपात में है। कई बार देखा गया है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमतें बढ़ने के बहाने देश में ईंधन के दाम बढ़ा दिए जाते हैं लेकिन वैश्विक बाजारों में कीमतें घटती हैं तो उसके अनुरूप कदम नहीं उठाए जाते। इसलिए सरकार को नीतियों का नए सिरे से निर्धारण तो करना ही चाहिए, वित्तीय कामकाज में विसंगतियां भी दूर करनी होंगी। इसके लिए कुछ कड़े निर्णय लेने पड़ सकते हैं लेकिन मौजूदा वक्त देश की अर्थव्यवस्था की मांग यही है।

## यूपी में सौर ऊर्जा

ऊर्जा के विकल्प के रूप में जब सौर ऊर्जा के इस्तेमाल का विचार सामने आया, तब ज्यादातर लोगों को इसके आसानी से सुलभ होने तथा प्रयोग कर सकने को लेकर संदेह था लेकिन अगर कोई काम अच्छा हो तो वह भी जल्दी सामने आ ही जाता है। सौर ऊर्जा की सुलभता को लेकर भ्रम जल्दी ही दूर हुए और आम लोगों के बीच वह लगातार लोकप्रिय होती गई। सरकार ने इसके लिए एक योजना बनाई और अब उस प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना पर लोगों ने इतना भरोसा जताया कि इसके क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश ने राष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। प्रदेश अब सोलर रूफटॉप स्थापना के मामले में देश का अग्रणी राज्य बन गया है। यहां अब तक करीब सवा छह लाख घरों पर रूफटॉप सोलर संयंत्र लग चुके हैं। यह निर्धारित लक्ष्य के पचास प्रतिशत से अधिक है। इससे देश में कुल घरेलू सोलर रूफटॉप इंस्टॉलेशन में यूपी की हिस्सेदारी लगभग सत्रह प्रतिशत हो गई है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश इस साल लगातार मार्च, अप्रैल और मई में पचास-पचास हजार से ज्यादा सोलर इंस्टॉलेशन करने वाला देश का पहला राज्य भी बन गया है। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य के लिए यह वास्तव में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सौर ऊर्जा का प्रयोग यहां जितना अधिक बढ़ता जाएगा, बिजली की जरूरत उतनी ही कम पड़ेगी। इस तरह बचने वाली सरप्लस बिजली का इस्तेमाल कृषि, औद्योगिक इकाइयों व अन्य जगहों की जरूरतें पूरी करने में किया जा सकेगा। बिजली ऐसी चीज है जिसे बचाना भी एक तरह से उसका उत्पादन माना जाता है। जिस तरह से दिनोंदिन इसका उपयोग बढ़ता जा रहा है और आपूर्ति में समस्याएं आ रही हैं, उसे देखते हुए आवश्यक है कि इसके विकल्पों को आजमाया जाए। इस मामले में सौर ऊर्जा किफायत के साथ उपयोग किए जाने वाले विकल्प के रूप में उभरी है। अब जब पीएम सूर्य घर योजना तेजी से लोकप्रिय हो रही है तो जरूरत यह भी है कि इसकी सुविधा प्राप्त करने में आने वाली अनावश्यक बाधाओं को सरल बनाया जाए ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ प्राप्त कर सकें। इसके लिए औपचारिकताओं को न्यूनतम रखना तथा केवल जरूरी प्रक्रियाओं को अनिवार्य किया जाना अधिक उपयोगी होगा। ऐसा होने पर सौर ऊर्जा अधिकांश घरों की सबसे बड़ी जरूरत बनेगी और पर्यावरण भी शुद्ध बन सकेगा।

## काँव-काँव

♦♦♦

**चंपत-अनिल को राम राम, कृष्ण मोहन को जिम्मेदारी**
बहुत देर कर दी हुज़ूर आते-आते

**बांग्लादेशी घुसपैठियों को पांच साल की सजा**
यानी खाने-रहने का भी फ्री इंतज़ाम कर दिया।

**पशुओं का बीमा कराने पर किस्त का 85 प्रतिशत देगी सरकार**
हे भगवान ! लालची मालिकों से पशुओं की जान की रक्षा करना।

**सपा जीती तभी बचेगा लोकतंत्र : अखिलेश**
यहां लोकतंत्र का आशय सैफई परिवार मान लिया जाए।

**कमजोर मानसून से बढ़ सकती है महंगाई**
मानसून तो बहाना है, महंगाई का मौसम तो सदाबहार है।

**होमगार्डों को पांच लाख के कैशलेस इलाज की सुविधा**
मानदेय बढ़ा देते तो इलाज की जरूरत ही नहीं पड़ती।

♦♦♦

# पतियों की हत्या के बढ़ते मामले

भारत में विवाह को केवल एक सामाजिक अनुबंध नहीं बल्कि विश्वास, समर्पण, सहयोग और आजीवन साथ निभाने का पवित्र बंधन माना गया है। भारतीय संस्कृति में पति और पत्नी को एक दूसरे का पूरक समझा गया



**- महेन्द्र तिवारी**


है, जो जीवन की हर परिस्थिति में एक दूसरे का साथ निभाते हैं। यही कारण है कि विवाह संस्था सदियों से भारतीय समाज की सबसे मजबूत नींव रही है। किंतु बदलते समय में अनेक ऐसे घटनाक्रम सामने आ रहे हैं जिन्होंने इस विश्वास को गहरी चोट पहुँचाई है। हाल के वर्षों में ऐसे कई मामले सामने आए हैं जिनमें पत्नियों पर अपने ही पतियों की हत्या का आरोप लगा। इन घटनाओं ने समाज को झकझोर दिया है और लोगों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि आखिर रिश्तों में ऐसा कौन सा परिवर्तन आ गया है कि जीवनसाथी ही जीवन का सबसे बड़ा शत्रु बनता जा रहा है।

इस विषय पर चर्चा करते समय तथ्यों की शुद्धता अत्यंत आवश्यक है। उपलब्ध आधिकारिक जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो पति की हत्या पत्नी द्वारा किए जाने की अलग राष्ट्रीय श्रेणी प्रकाशित नहीं करता। इसलिए पूरे देश के लिए कोई आधिकारिक संख्या उपलब्ध नहीं है। कुछ स्वतंत्र अध्ययनों और पाँच राज्यों के संकलित मामलों के आधार पर वर्ष 2020 से 2024 के बीच लगभग 785 ऐसे मामले सामने आने का उल्लेख किया गया है, जबकि विशेषज्ञों का अनुमान है कि राष्ट्रीय स्तर पर वास्तविक संख्या इससे अधिक हो सकती है। इन अनुमानों को अंतिम या आधिकारिक आँकड़ा नहीं माना जा सकता, लेकिन इतना अवश्य स्पष्ट है कि ऐसी घटनाएँ समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बन चुकी हैं।

इन घटनाओं का सबसे बड़ा प्रभाव विवाह जैसी पवित्र संस्था पर पड़ता है। विवाह का आधार विश्वास होता है। यदि पति और पत्नी के बीच विश्वास समाप्त हो जाए तो केवल एक परिवार ही नहीं टूटता बल्कि समाज की मूल संरचना भी कमजोर होने लगती है। जब लोग यह सुनते हैं कि किसी पत्नी ने अपने पति की हत्या कर दी या किसी पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी, तो उनके मन में विवाह के प्रति भय और असुरक्षा की भावना उत्पन्न होती है। युवा पीढ़ी के सामने विवाह का आदर्श स्वरूप धुंधला पड़ने लगता है और यह धारणा बनने लगती है कि वैवाहिक जीवन अब पहले जैसा सुरक्षित और स्थिर नहीं रहा। अधिकांश मामलों का अध्ययन बताता है कि ऐसे अपराध किसी एक कारण से नहीं होते। कई मामलों में विवाहेतर संबंध, पारिवारिक विवाद, आर्थिक तनाव, संपत्ति का विवाद, लंबे समय से चला आ रहा वैवाहिक तनाव, आपसी अविश्वास और प्रतिशोध जैसी परिस्थितियाँ सामने आती हैं। राष्ट्रीय स्तर पर हत्या के मामलों के उद्देश्यों में भी पारिवारिक विवाद, व्यक्तिगत दुश्मनी, प्रेम संबंध और अवैध संबंध महत्वपूर्ण कारणों में शामिल पाए गए हैं। इससे स्पष्ट होता है कि परिवार के भीतर पैदा होने वाले विवाद यदि समय रहते नहीं सुलझाए जाएँ तो वे कभी-कभी अत्यंत हिंसक रूप धारण कर सकते हैं। यह भी समझना आवश्यक है कि हर वैवाहिक विवाद हत्या में परिवर्तित नहीं होता। अधिकांश परिवार कठिन परिस्थितियों के बावजूद बातचीत, समझौते, पारिवारिक सहयोग और कानूनी उपायों के माध्यम से अपने मतभेद सुलझा लेते हैं। इसलिए कुछ जघन्य घटनाओं के आधार पर पूरे समाज या किसी एक लिंग के प्रति नकारात्मक धारणा बनाना उचित नहीं होगा। अपराधी का मूल्यांकन उसके अपराध के आधार पर होना चाहिए, उसके लिंग के आधार पर नहीं।

इन घटनाओं का सबसे अधिक दुष्प्रभाव बच्चों पर पड़ता है। जब किसी परिवार में एक अभिभावक की हत्या हो जाती है और दूसरा जेल चला जाता है, तब बच्चे एक साथ माता और पिता दोनों का सहारा खो देते हैं। उनके सामने आर्थिक, सामाजिक और मानसिक संकट खड़ा हो जाता है। वे लंबे समय तक भय, अवसाद, असुरक्षा और सामाजिक उपेक्षा का सामना करते हैं। अनेक मनोवैज्ञानिक अध्ययन बताते हैं कि बचपन में इस प्रकार का आघात व्यक्ति के संपूर्ण व्यक्तित्व को प्रभावित कर सकता है। ऐसे बच्चे पढ़ाई, सामाजिक संबंधों और मानसिक स्वास्थ्य में गंभीर कठिनाइयों का सामना कर सकते हैं। समाज के स्तर पर भी इन घटनाओं के दूरगामी परिणाम दिखाई देते हैं। जब परिवारों के भीतर हिंसा बढ़ती है तो सामाजिक विश्वास कमजोर होता है। पड़ोसी, रिश्तेदार और मित्र भी वैवाहिक संबंधों को संदेह की दृष्टि से देखने लगते हैं। समाज में अविश्वास का वातावरण बनने लगता है। यह स्थिति केवल पति पत्नी तक सीमित नहीं रहती बल्कि अगली पीढ़ी तक पहुँचती है। बच्चे वही सीखते हैं जो वे अपने आसपास देखते हैं। यदि वे हिंसा, धोखे और प्रतिशोध को सामान्य व्यवहार के रूप में देखने लगेंगे तो समाज में संवेदनशीलता और सहिष्णुता का स्तर लगातार घटेगा। आज का डिजिटल युग भी रिश्तों को नई चुनौतियाँ दे रहा है। सोशल मीडिया ने लोगों को अभूतपूर्व संवाद के अवसर दिए हैं, लेकिन इसके साथ ही कई नई समस्याएँ भी उत्पन्न हुई हैं। कभी-कभी आभासी संबंध वास्तविक संबंधों पर भारी पड़ने लगते हैं। पति पत्नी के बीच संवाद कम होता जाता है और गलतफहमियाँ बढ़ती जाती हैं। कई बार छोटी बातों को समय रहते सुलझाया नहीं जाता, जिससे तनाव गहराता जाता है। यह कहना उचित नहीं होगा कि केवल सोशल मीडिया ही अपराधों का कारण है, लेकिन यह स्वीकार करना होगा कि यदि इसका उपयोग संयम और जिम्मेदारी से न किया जाए तो यह पारिवारिक संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। भौतिकवादी जीवनशैली भी एक महत्वपूर्ण चुनौती बनकर उभरी है। आज सफलता और आर्थिक उपलब्धि को जीवन का सबसे बड़ा लक्ष्य माना जाने लगा है। व्यस्त जीवन के कारण परिवार के सदस्यों के पास एक दूसरे के लिए समय कम होता जा रहा है। संवाद की कमी धीरे-धीरे भावनात्मक दूरी में बदल जाती है। जब मन की बातें साझा नहीं होतीं, तब संदेह, क्रोध और असंतोष जन्म लेते हैं। यदि इनका समाधान समय रहते न किया जाए तो वे गंभीर विवाद का रूप ले सकते हैं। यह भी ध्यान रखना चाहिए कि भारत में घरेलू हिंसा और वैवाहिक अपराधों के शिकार पुरुष और महिलाएँ दोनों होते हैं। महिलाओं के विरुद्ध घरेलू हिंसा, दहेज मृत्यु और क्रूरता के मामले भी बड़ी संख्या में दर्ज होते हैं। इसलिए समाधान किसी एक पक्ष को दोषी ठहराने में नहीं बल्कि पूरे परिवार और समाज में स्वस्थ संबंधों की संस्कृति विकसित करने में है। यदि किसी पति पत्नी के बीच संबंध इतने खराब हो जाएँ कि साथ रहना असंभव हो जाए, तो कानून ने उनके लिए अलग होने का सम्मानजनक और शांतिपूर्ण मार्ग उपलब्ध कराया है। आपसी सहमति से अलग होना, न्यायालय की सहायता लेना, पारिवारिक परामर्श लेना और कानूनी प्रक्रिया अपनाना किसी भी प्रकार की हिंसा से कहीं बेहतर विकल्प हैं। किसी भी परिस्थिति में हत्या न तो समस्या का समाधान है और न ही किसी प्रकार से उचित ठहराई जा सकती है। समाज को इस दिशा में कई स्तरों पर कार्य करना होगा। सबसे पहले परिवारों में संवाद की संस्कृति विकसित करनी होगी। पति पत्नी को एक दूसरे की बात धैर्यपूर्वक सुनने और समझने की आदत विकसित करनी चाहिए। विवाह पूर्व और विवाहोपरांत परामर्श सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाया जाना चाहिए ताकि दंपति संबंधों की वास्तविक चुनौतियों को समझ सकें। परिवार के बुजुर्गों को भी केवल निर्णय सुनाने के बजाय मध्यस्थ की भूमिका निभानी चाहिए। शिक्षा व्यवस्था में भी नैतिक मूल्यों और भावनात्मक शिक्षा को अधिक महत्व देना होगा। बच्चों और युवाओं को केवल परीक्षा और रोजगार की तैयारी नहीं बल्कि संवाद कौशल, क्रोध नियंत्रण, सहानुभूति, पारस्परिक सम्मान और संघर्ष समाधान जैसे जीवन कौशल भी सिखाए जाने चाहिए। यदि अगली पीढ़ी भावनात्मक रूप से अधिक परिपक्व होगी तो भविष्य में ऐसे अपराधों की संभावना भी कम होगी। कानूनी व्यवस्था को भी प्रभावी बनाना आवश्यक है।

## ।। यथार्थ गीता ।।



**स्वामी अड़गड़ानंद**

### अथ त्रयोदशोऽध्याय:

(गतांक से आगे

अर्थात क्षेत्र-क्षेत्रज्ञ को देखने की आँख ज्ञान है और ज्ञान साक्षात्कार का ही पर्याय है।

निष्कर्ष-

गीता के आरम्भ में धर्मक्षेत्र, कुरुक्षेत्र का नाम तो लिया गया; किन्तु वह क्षेत्र वस्तुतः है कहाँ? - वह स्थल बताना शेष था, जिसे स्वयं शास्त्रकार ने प्रस्तुत अध्याय में स्पष्ट किया- कौन्तेय! यह शरीर ही एक क्षेत्र है। जो इसको जानता है, वह क्षेत्रज्ञ है। वह इसमें फँसा नहीं बल्कि निर्लेप है। इसका संचालक है। अर्जुन ! सम्पूर्ण क्षेत्रों में मैं भी क्षेत्रज्ञ हूँ।

- अन्य महापुरुषों से अपनी तुलना की। इससे स्पष्ट है कि श्रीकृष्ण भी एक योगी थे; क्योंकि जो जानता है वह क्षेत्रज्ञ है, ऐसा महापुरुषों ने कहा है। मैं भी क्षेत्रज्ञ हूँ अर्थात् अन्य महापुरुषों की तरह मैं भी हूँ।

उन्होंने क्षेत्र जैसा है, जिन विकारोंवाला है तथा क्षेत्रज्ञ जिन प्रभावोंवाला है, उस पर प्रकाश डाला। मैं ही कहता हूँ- ऐसी बात नहीं है, महर्षियों ने भी यही कहा है। वेद के छन्दों में भी उसी को विभाजित करके दर्शाया गया है। ब्रह्मसूत्र में भी वही मिलता है।

शरीर (जो क्षेत्र है) क्या इतना ही है, जितना दिखायी देता है? इसके होने के पीछे जिनका बहुत बड़ा हाथ है, उन्हें गिनाते हुए बताया कि अष्टधा मूल प्रकृति, अव्यक्त प्रकृति, दस इन्द्रियाँ और मन, इन्द्रियों के पाँचों विषय, आशा, तृष्णा और वासना- इस प्रकार इन विकारों का सामूहिक मिश्रण यह शरीर है। जब तक ये रहेंगे, तब तक शरीर किसी-न-किसी रूप में रहेगा ही। यही क्षेत्र है, जिसमें बोया भला-बुरा बीज संस्कार रूप में उगता है। जो इसका पार पा लेता है, वह क्षेत्रज्ञ है। क्षेत्रज्ञ का स्वरूप बताते हुए उन्होंने ईश्वरीय गुणधर्मों पर प्रकाश डाला और कहा कि क्षेत्रज्ञ इस क्षेत्र का प्रकाशक है। **क्रमशः...**

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**हतं ज्ञानं क्रियाहीनं हतपश्चाज्ञानतो नरः**
**हतं निर्नायकं सैन्यं स्त्रियो नष्टा ह्यभर्तृकाः**

जिस प्रकार सेनापति के बिना सेना व्यर्थ होती है तथा पुरूष के बिना स्त्री का जीवन व्यर्थ होता है, उसी प्रकार आचरण के बिना ज्ञान व्यर्थ होता है। इस प्रकार यह सिद्ध होता है कि अज्ञानी व्यक्ति का जीवन व्यर्थ होता है।

♦♦♦

# समुद्रतटीय क्षेत्रों पर मंडराता खतरा और देश का भविष्य

जलवायु परिवर्तन को वैश्विक तापमान से जुड़ी समस्या के रूप में परिभाषित किया गया है। इससे निपटने के लिए दुनिया भर में कई नियम कानून बनाए गए, प्रतिबद्धताएं



**- कुमार सिद्धार्थ**

दिखाई गई, लेकिन जब उन पर अक्षरशः अमल की बारी आई, तो कदम पीछे खींच लिए गए। इसका सीधा असर अब भारत समेत कई देशों के समुद्री तटक्षेत्रों में साफतौर पर दिखने लगा है। भारत की लगभग 7,500 किलोमीटर लंबी तटरेखा के आसपास के क्षेत्र अब एक आसन्न जलवायु संकट का सामना कर रहे है, जो अगले कुछ वर्षों के भीतर वहां के लोगों के जीवन, आजीविका तथा पारिस्थितिक तंत्र को व्यापक रूप से बदल देगा। इन क्षेत्रों में तापमान के साथ साथ वर्षा का स्वरूप भी तेजी से बदल रहा है। समुद्र का बढता स्तर इस संकट को और जटिल बना रहा है। यह समस्या इसलिए भी गंभीर और चिंताजनक हैं, क्योंकि देश की तटीय पटटी केवल भौगोलिक सीमा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अर्थ व्यवस्था की एक प्रमुख धुरी है। अज़ीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी की ओर से हाल ही में जारी रपट भारतीय तटीय क्षेत्र - जलवायु अनुमान 2021-2040 के अनुसार, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव हमारी कल्पना से कहीं अधिक तेज़ी से सामने आ रहे हैं। अध्ययन में वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त सीएमआईपी6 जलवायु मॉडल का उपयोग किया गया है, जिसे भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप क्षेत्रीय स्तर पर संशोधित किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में आबादी वाले अधिकांश क्षेत्रों में 1.5 डिग्री सेल्सियस तापवृद्धि की सीमा अपेक्षा से कहीं पहले छूने का खतरा पैदा हो चुका है। इसी सीमा को वैज्ञानिक पृथ्वी की जलवायु प्रणाली के लिए एक निर्णायक मोड़ मानते हैं। इसका सीधा अर्थ है कि अब केवल कार्बन उत्सर्जन कम करने की चर्चा पर्याप्त नहीं होगी, बल्कि हमें अपने शहरों, गांवों और विकास योजनाओं को जलवायु परिवर्तन के अनुरूप ढालना होगा। अध्ययन से पता चलता है कि देश के लगभग चालीस तटीय जिलों में गर्मी के दौरान अधिकतम तापमान में एक डिग्री सेल्सियस से अधिक वृद्धि होने की संभावना है। केरल का एर्नाकुलम जिला इस परिवर्तन का सबसे बड़ा उदाहरण बन सकता है, जहाँ अधिकतम तापमान में लगभग 1.3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि का अनुमान है। यह वृद्धि मामूली लग सकती है, लेकिन वैज्ञानिकों के अनुसार औसत तापमान में एक डिग्री की बढ़ोतरी भी गर्मी के दबाव, ऊर्जा की बढ़ती मांग, श्रम उत्पादकता में कमी और स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों को कई गुना बढ़ा देती है। इसका सबसे अधिक असर उन लोगों पर पड़ेगा, जिनका जीवन खुले वातावरण में श्रम पर निर्भर है। जैसे मछुआरे, निर्माण श्रमिक, बंदरगाह कर्मी और खेतिहर मजदूर।

सवाल 'वेट-बल्ब तापमान' को लेकर भी है। यह केवल गर्मी का नहीं, बल्कि गर्मी और आर्द्रता के संयुक्त प्रभाव का सूचक है। यदि यह तापमान 31 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुँच जाए, तो मानव शरीर के लिए लंबे समय तक सामान्य रूप से काम करना कठिन हो जाता है। केरल में बढ़ते वेट-बल्ब तापमान से लेकर महाराष्ट्र में तीव्र होते मानसून तक, जलवायु में हो रहे विशिष्ट परिवर्तन पहले से ही पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों को अविश्वसनीय बना रहे हैं। यानी जलवायु परिवर्तन अब केवल मौसम का नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य और श्रम सुरक्षा का भी प्रश्न बन चुका है। तापमान के साथ-साथ वर्षा का स्वरूप भी तेजी से बदल रहा है। महाराष्ट्र और गुजरात के तटीय क्षेत्रों में मानसून की तीव्रता बढ़ने की संभावना है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, मुंबई उपनगर में गर्मियों के अधिकतम तापमान में 1.3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है, जो गर्मी के अनुकूल शहरी नियोजन की बढ़ती आवश्यकता को रेखांकित करती है। वहीं भारी वर्षा की अवधि लगभग छह दिन बढ़ सकती है, जबकि सूरत और भावनगर जिलों में दक्षिण-पश्चिम मानसून क्रमशः 23 और 24 फीसदी अधिक तीव्रता हो सकती है। गौरतलब है कि मुंबई में अनियमित वर्षा के कारण झींगे सुखाने का पारंपरिक व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। गोवा में नमक उत्पादकों की पूरी फसल कुछ घंटों की बेमौसम बारिश में नष्ट हो जाती है। समुद्र के बढ़ते तापमान के कारण मछलियाँ तट से दूर जा रही हैं, जिससे छोटी नावों वाले मछुआरों को पहले की तुलना में अधिक दूरी तय करनी पड़ती है और कई बार वे खाली हाथ लौटते हैं। यानी जलवायु परिवर्तन का सबसे बड़ा बोझ वही समुदाय उठा रहे हैं, जिनका इस संकट को पैदा करने में सबसे कम योगदान है।

समुद्र का बढ़ता स्तर इस संकट को और जटिल बना रहा है। यदि ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन मौजूदा परिदृश्य (एसएसपी2-4.5) के अनुरूप जारी रहा, तो वर्ष 2050 तक वैश्विक समुद्र स्तर लगभग 15 सेंटीमीटर तक बढ़ सकता है। जबकि तटीय भूगोल में कुछ सेंटीमीटर का बदलाव भी तटरेखा, कृषि, जलस्रोत और मानव बस्तियों पर गहरा असर डालता है। समुद्र का बढ़ता पानी तटीय कटाव को तेज करेगा, भूजल में खारेपन को बढ़ाएगा और अनेक क्षेत्रों को स्थायी रूप से रहने योग्य नहीं रहने देगा।एक और गंभीर पक्ष चक्रवातों की बढ़ती तीव्रता है। विभिन्न अध्ययनों में मुताबिक समुद्री सतह का तापमान प्रति दशक लगभग 0.27 डिग्री सेल्सियस की दर से बढ़ रहा है। गर्म समुद्र उष्णकटिबंधीय चक्रवातों को अतिरिक्त ऊर्जा प्रदान करता है, जिसके कारण वे अधिक शक्तिशाली और विनाशकारी बनते हैं। पिछले कुछ वर्षों में अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में बार-बार आए भीषण चक्रवात इस प्रवृत्ति की पुष्टि करते हैं। इसलिए तटीय राज्यों के लिए अब केवल आपदा राहत की व्यवस्था पर्याप्त नहीं होगी, उन्हें चक्रवात-प्रतिरोधी आवास, सुरक्षित आश्रय, चेतावनी प्रणाली और स्थानीय स्तर पर अनुकूलन योजनाओं को प्राथमिकता देनी होगी। सबसे संवेदनशील पक्ष सुंदरबन से जुड़ा है। बार-बार तटबंध टूटने के कारण समुद्री खारापन खेतों, तालाबों और पेयजल स्रोतों तक पहुँच रहा है। इससे कृषि उत्पादन प्रभावित हो रहा है और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ पैदा हो रही हैं। यानी जलवायु परिवर्तन केवल पर्यावरणीय संकट नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और सार्वजनिक स्वास्थ्य का भी प्रश्न है। भारत की तटीय पट्टी केवल भौगोलिक सीमा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की एक प्रमुख धुरी है। करोड़ों लोगों की आजीविका सीधे समुद्र से जुड़ी है।

## प्रेरक प्रसंग

### दरिद्रनारायण का प्रतिनिधि

यरवदा जेल में गांधीजी का उपवास चल रहा था। जेल के दरवाजे हरिजन-सेवकों के लिए खोल दिये गए थे। जो जब चाहे, आ सकता था। उस पर कोई रोकथाम नहीं थी।

गुजरात तथा काठियावाड़ में हरिजनों के उद्धार के लिए कुछ कार्यक्रम निश्चित होने थे। उस संबंध में बात करने के लिए कुछ विशिष्ट लोग वहां आये हुए थे।

गांधीजी आम के पेड़ के नीचे लेटे हुए थे। लोग आकर उनके पास बैठ गये। बातों का सिलसिला चल पड़ा। वहीं पर जेल के एक अधिकारी भी बैठे हुए थे। एक बंदी गांधीजी के लिए अंगीठी पर पानी गरम कर रहा था। अंगीठी बहुत तेजी से जल रही थी। पानी बड़ी जल्दी गरम हो गया। बंदी ने यह देखा तो अंगीठी पर से पानी का बर्तन उतारकर नीचे रख दिया, पर अंगीठी को वैसा ही जलता छोड़ दिया। कोयले बड़े जोर से दहक रहे थे। वे दहकते रहे। तभी गांधीजी का ध्यान उस ओर गया। वह गुजरात और काठियावाड़ के नेताओं से बात कर रहे थे। एकदम बातचीत को रोककर गांधीजी ने बंदी से कहा, सुनो भाई, अंगीठी को बुझा दो। बंदी ने जेल के अधिकारी की ओर देखा। अधिकारी ने मुस्कराकर कहा, गांधीजी, आप क्यों चिन्ता करते हैं? फिर कुछ रुककर बोले, कोयले सरकारी हैं। जलने दीजिये।

गांधीजी गंभीर हो गये। बोले, नहीं, ये कोयले तो आम जनता के पैसे के हैं।

आज जबकि देश की गरीब जनता का पैसा चारों ओर पानी की तरह बह रहा है, देशवासियों की आंखें उस मसीहा को खोज रही हैं, जो दरिद्रनारायण का सच्चा प्रतिनिधि था।

## आपका पत्र मिला

### अपनी सीढ़ी तैयार करने ही होगी

बिना अपनी जमीन तैयार किए चीन की आपूर्ति शृंखला से जुड़कर विकसित होने की सोच समस्याग्रस्त है। विकास के लिए भारत को आखिरकार अपना मॉडल और अपनी सीढ़ी तैयार करनी ही होगी।

फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष अनंत गोयनका की ये राय अहम है कि भारत को चीन से बचने की कोशिश के बजाय उससे कारोबारी संबंध बढ़ाने चाहिए।

मैनुफैक्चरिंग क्षमता की मजबूती, नवाचार को बढ़ावा और वैश्विक आपूर्ति शृंखला से अधिक गहराई से जुड़ने के लिए ऐसा करना जरूरी है।लेकिन गोयनका का यह तर्क विवादास्पद है कि भारत को औद्योगिक विकास के पारंपरिक चरणों को छोड़ देना कर सीधे डिजिटल रूप से एकीकृत, कम इंसानी दखल वाले उत्पादन की ओर बढ़ना चाहिए। उल्लेखनीय है कि हर विकसित देश ने ऑटोमेशन तब अपनाया, जब वह बड़े पैमाने पर उत्पादन को व्यवस्थित करना सीख चुका था।

नीचे की सीढ़ियां छोड़कर भारत सीधे चोटी पर नहीं पहुंच सकता। यानी बिना अपनी जमीन तैयार किए चीन से जुड़कर विकसित होने की सोच समस्याग्रस्त है। विकास के लिए भारत को आखिरकार अपना मॉडल और अपनी सीढ़ी तैयार करने ही होगी।

**एक नागरिक**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।
**संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com

# पायलट बन चमकाएं अपना भविष्य

*वर्तमान समय में एविएशन इंडस्ट्री में तेजी से ग्रोथ हो रही है। साथ ही इस फील्ड में अवसरों की भरमार है। ऐसे में आप इस फील्ड में कॅरियर बनाकर अपने भविष्य को एक नई दिशा दे सकते हैं। अक्सर आसमान में उड़ते हवाई जहाज को देखकर लोगों के मन में आसमान मापने का सपना होता है। अधिकतर लोग पायलट बनकर आसमान में ऊंची उड़ान भरने का सपना देखते हैं। हालांकि आज के समय में कॅरियर के लिहाज से युवाओं के पास कई तरह के ऑप्शन होते हैं। जिसमें वह डिग्री, डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स कर आगे बढ़ सकते हैं। तो वहीं कई युवा ऐसे में हैं, जो पायलट बनने का ख्वाब देखते हैं।*



अगर आपका लक्ष्य क्लियर होता है, तो आपको सिर्फ इस ओर बढ़ने की जरूरत होती है। ऐसे में अगर आप भी पायलट बनकर अपना भविष्य चमकाना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है।

आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस फील्ड में बारे में जानकारी देने जा रहे हैं। वर्तमान समय में एविएशन इंडस्ट्री में तेजी से ग्रोथ हो रही है। साथ ही इस फील्ड में अवसरों की भरमार है।

**ऐसे करें पायलट बनने की तैयारी-** पायलट बनने के लिए आपको 12वीं में फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ्य के साथ कम से कम 50 फीसदी अंको से पास होना चाहिए। जिसके बाद आपको किसी एविएशन संस्थान में एडमिशन के लिए एंट्रेंस एग्जाम पास करना होगा। फिर आपको इंटरव्यू और मेडिकल टेस्ट में पास होना होता है। सभी प्रोसेस में सफल होने के बाद संस्थान में एडमिशन मिलता है। जहां पर आपको प्लेन से जुड़ी बारीकियां सिखाने के साथ प्लेन उड़ाने की पूरी ट्रेनिंग दी जाएगी।

**एयरफोर्स में बनें पायलट-** अगर आप इंडियन एयरफोर्स में पायलट बनने का ख्वाब देख रहे हैं, तो आपको 12वीं पास करने के बाद एयरफोर्स कॉमन एडमिशन टेस्ट, एनसीसी स्पेशल एंट्री स्कीम एग्जाम और यूपीएससी एनडीए एग्जाम क्लियर करना होगा। जिसके बाद इंडियन एयरफोर्स कैंडिडेट्स को ट्रेनिंग देती है। वहीं इंडियन एयरफोर्स में पायलट बनने के लिए आप कंबाइंड डिफेंस सर्विसेज एग्जाम भी दे सकते हैं। हालांकि इस एग्जाम के लिए आपको साइंस स्ट्रीम से 12वीं या फिर बीई/बीटेक की डिग्री होनी चाहिए।

**कमर्शियल पायलट-** बता दें कि 12वीं की पढ़ाई के बाद आप एविएशन संस्थान से ट्रेनिंग लेकर बतौर कॉमर्शियल पायलट अपना कॅरियर बना सकते हैं। इसके लिए ट्रेनिंग पीरियड 18-24 महीने का होता है। फिर कमर्शियल पायलट के लिए आपको रिटेन एग्जाम और फिटनेस टेस्ट देना होता है। इन दोनों चीजों को क्लीयर करने के बाद आपको कमर्शियल पायलट बनने की योग्यता हासिल हो जाती है।




# मार्गदर्शन से बढ़ता है ज्ञान और अनुभव



जब कोई व्यक्ति मार्गदर्शन करता है, तो वह केवल दूसरों को सलाह देने या सही दिशा दिखाने का काम नहीं करता, बल्कि इस प्रक्रिया में स्वयं भी नई बातें सीखता है और अपने कौशल को बेहतर बनाता है। हर बातचीत में उठने वाले प्रश्न उसे अपने नेतृत्व के दृष्टिकोण पर दोबारा सोचने का अवसर देती है। ऐसे ही मेंटी (मार्गदर्शन लेने वाला) के साथ नियमित संवाद करने से आपकी संप्रेषण क्षमता निखरती है।

**खुद को निखारने की भी यही है प्रक्रिया**

सक्रिय रूप से सुनने से आप दूसरों की जरूरतों और भावनाओं को बेहतर समझ पाते हैं, जिससे आपकी सहानुभूति बढ़ती है। धीरे-धीरे यह पूरी प्रक्रिया आपको अधिक प्रभावी बनाती है, जिससे आप न केवल अपनी टीम को बेहतर दिशा दे सकते हैं, बल्कि एक प्रेरणादायक वातावरण भी तैयार कर सकते हैं।

**बातचीत के साथ बढ़ेगी समझ**

मार्गदर्शक को अपने मेंटी से नियमित संवाद करना पड़ता है, और यही निरंतर बातचीत लोगों को गहराई से समझने में मदद करती है। जब आप बार-बार उनके विचार, चुनौतियां और तरीकों को सुनते हैं, तो आप उनके नजरिये को बेहतर पहचानने लगते हैं। इस प्रक्रिया से न केवल आपकी समझ बढ़ती है, बल्कि आप अलग-अलग व्यक्तित्वों के साथ जुड़कर काम करने में भी अधिक कुशल बनते हैं।

**सुनने की क्षमता होगी विकसित**

मार्गदर्शन में सबसे महत्वपूर्ण है ध्यान से, बिना बीच में टोके सुनना, क्योंकि यही आदत लोगों की जरूरतों और भावनाओं को समझने में सक्षम बनाती है। लगातार ऐसा करने से आपकी सक्रिय रूप से सुनने की क्षमता समय के साथ और मजबूत होती जाती है। इसी प्रक्रिया में आप साफ, ईमानदार और रचनात्मक फीडबैक देना भी सीखते हैं, जिससे बातचीत सार्थक बनती है। साथ ही, आप खुद भी फीडबैक स्वीकार करने की आदत विकसित करते हैं, जो आपको अधिक आत्म-जागरूक और खुला बनाती है।

**नए अनुभवों से सीख मिलेगी**

नियमित बातचीत के दौरान आप सीखते हैं कि अपनी बात को स्पष्ट, प्रभावी और प्रेरक तरीके से कैसे प्रस्तुत करना है, जिससे आपका संचार कौशल और मजबूत होता है। साथ ही, मेंटी अक्सर नई पीढ़ी या नए अनुभवों से जुड़े होते हैं, जिनकी मदद से आप नए दृष्टिकोण प्राप्त करते हैं। यह प्रक्रिया आपकी सोच को अपडेट रखती है और उसे परिस्थितियों के अनुसार बेहतर और समझदारी भरे निर्णय लेने में सक्षम बनाती है।

**बनता सकारात्मक माहौल**

जब आप स्पष्ट रूप से संवाद करते हैं और लोगों की भावनाओं को समझते हुए सहानुभूति दिखाते हैं, तो टीम के सदस्यों में आपके प्रति भरोसा अपने-आप बढ़ जाता है। ऐसा विश्वास टीम के माहौल को सकारात्मक बनाता है, जिससे लोग खुलकर अपनी बात रखते हैं, जिम्मेदारी महसूस करते हैं और अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करते हैं। परिणामस्वरूप, पूरी टीम का प्रदर्शन बेहतर होता है।

## कॅरियर अलर्ट

### आरआरबी टेक्नीशियन भर्ती

रेलवे में 6557 पदों पर टेक्नीशियन ग्रेड। सिग्नल और टेक्नीशियन ग्रेड-3 ओपन लाइन के पदों पर आवेदन आमंत्रित किए है। जो अभ्यर्थी रेलवे में सरकारी नौकरी पाना चाहते हैं, उनके लिए यह भर्ती बड़ा मौका हो सकती है। टेक्नीशियन ग्रेड-। सिग्नल के लिए फिजिक्स/इलेक्ट्रॉनिक्स/कंप्यूटर साइंस/इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी/इंस्ट्रूमेंटेशन में बैचलर की डिग्री या बीएससी/बीटेक/बीई वाले अप्लाई कर सकते हैं। वहीं टेक्निकल ग्रेड 3 ओपन लाइन के लिए 10वीं पास और संबंधित फील्ड में NCVT/SCVT से आईटीआई मांगी गई है। शैक्षिक योग्यता के अलावा अभ्यर्थियों की उम्र कम से कम 18 वर्ष और अधिकतम 30-33 वर्ष होनी चाहिए। फॉर्म भरने की आखिरी तारीख 29 जुलाई है। इसी डेट तक एप्लिकेशन फीस भी भरी जा सकती है। जनरल/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस कैंडिडेट्स को 500/- रुपये, एससी/एसटी/पीएच को 250/- एप्लिकेशन फीस भरनी होगी। अगर आप स्टेज। सीबीटी क्लियर करते हैं, तो एससी/एसटी/पीएच अभ्यर्थियों को पूरी फीस और अन्य कैंडिडेट्स को 400 रुपये फीस रिफंड कर दी जाएगी।

### यूपीपीएससी प्री परीक्षा 2026

यूपी में अधिकारी बनने का भी सुनहरा मौका है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (सामान्य/विशेष चयन) परीक्षा 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू कर दिए है। डिप्टी कलेक्टर, पुलिस उपाधीक्षक, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, सहायक श्रमायुक्त, सहायक नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान, जिला परिवीक्षा अधिकारी, विपणन अधिकारी मंडी परिषद समेत विभिन्न पद भरे जाएंगे। करीब 500 पदों पर वैकेंसी हैं। इस भर्ती में भाग लेने के लिए योग्य अभ्यर्थी अंतिम तिथि 27 जुलाई 2026 तक अप्लाई कर सकते हैं। जनरल/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस को 125 रुपये और एससी/एसटी को 65 रुपये एप्लिकेशन फीस ऑनलाइन भरनी होगी।

# म्यूजिक में बनाना चाहते हैं कॅरियर करें सोशल मीडिया का इस्तेमाल



अपने टैलेंट और पैशन की बदौलत कोई भी ऊंचाइयों को छू सकते हैं। वहीं इससे अच्छी कमाई भी की जा सकती है। क्योंकि आज के दौर लोगों को कुछ नया और हटके करना पसंद कर रहे हैं।

आज के समय में लोग अलग-अलग क्षेत्र में अपना कॅरियर बनाते हैं। हालाँकि पहले के समय में लोग इंजीनियरिंग और डॉक्टर के पेशे को सबसे अच्छा प्रोफेशन मानते थे। लेकिन समय के साथ लोगों का नेरेटिव बदल गया है। बता दें कि वर्तमान समय में अगर आपके अंदर कोई स्किल या टैलेंट है, तो आप इसको अपना प्रोफेशन बना सकते हैं। आजकल लोग म्यूजिक के क्षेत्र में गहरी रुचि रखते हैं। हर वर्ग के लोगों को म्यूजिक में गहरी रुचि होती है। यदि आपके अंदर भी सिंगिंग टैलेंट है, तो आप इसके जरिए अच्छी कमाई कर सकते हैं। हालांकि म्यूजिक इतना अधिक आसान नहीं होता है। इस फील्ड में सिर्फ वही अपना कॅरियर बना सकते हैं, जिनके अंदर क्रिएटिविटी हो और म्यूजिक के प्रति जुनून हो।

कई सारे लोगों के अंदर टैलेंट तो बहुत होता है, लेकिन इसके बाद भी वह पीछे रह जाते हैं। क्योंकि अपने टैलेंट को किस तरह से निखारा जाए, इस बारे में उन्हें जानकारी नहीं होती है। इसलिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस तरह से बिना एक्सपीरियंस के आप म्यूजिक में अपना कॅरियर बना सकते हैं।

**कैसे बनाएं कॅरियर-**

म्यूजिक इंडस्ट्री में ऑनलाइन और सोशल मीडिया की वजह से काफी बदलाव देखने को मिल रहा है। सोशल मीडिया के जरिए लोग अपना टैलेंट दिखा रहे हैं और उनको काफी पसंद भी किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर अपने टैलेंट और पैशन के जरिए लोग अच्छा मुकाम हासिल कर रहे हैं। पहले के समय में यह सुविधा नहीं होने के कारण बहुत कम लोग म्यूजिक को बतौर पैशन चुन पाते थे। ऐसे में अगर आप भी म्यूजिक में इंट्रेस्ट रखते हैं और आपके अंदर कुछ अलग करने का हुनर है। तो आप सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म या इंस्टाग्राम पर रील्स बनाकर अपने टैलेंट को दिखा सकते हैं। यदि आपकी क्रिएटिविटी लोगों को पसंद आती है, तो आपकी फैन फॉलोइंग बढ़ेगी और समय के साथ आप फेमस भी हो सकते हैं। जिससे आपकी अर्निंग भी शुरू हो जाएगी। हालांकि इसके लिए आपको थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़ सकती हैं। आप चाहें तो वीडियो शूट करने के लिए अपने कमरे को शूटिंग रूम बना सकते हैं। वहीं अगर बाहर निकलकर शूटिंग करना संभव है, तो आप किसी अच्छे स्पॉट पर भी शूट कर सकते हैं। जितनी ज्यादा अच्छी आपकी वीडियो होगी, उतना ही लोगों का प्यार आपको मिलेगा।

**यूट्यूब से करें कमाई**

अगर आपके पास म्यूजिक का कोई एक्सपीरियंस नहीं है, लेकिन आपके अंदर इसको लेकर पैशन है। तो आप दुनिया के सामने अपने टैलेंट को दिखाने के लिए यूट्यूब का सहारा ले सकते हैं। यूट्यूब पर आप शॉर्ट वीडियोज बनाकर अपलोड कर सकते हैं। लेकिन शुरूआत के समय में आपको थोड़ा का धैर्य बनाकर रखना होगा। सही समय पर ट्रेंड को फॉलो करते हुए वीडियो डालेंगे तो आपके पोस्ट की रीच बढ़ सकती है। यूट्यूब से आप न सिर्फ अच्छे कलाकार बल्कि आप अच्छा खासा पैसा भी कमा सकते हैं।

**म्यूजिक से संबंधित कोर्स**

अगर आप बतौर म्यूजिशियन अपना कॅरियर बनाना चाहते हैं, तो इस फील्ड में स्पेशल कोर्स कर प्लेसमेंट के जरिए आगे का रास्ता चुन सकते हैं। भारत में कई सारे कॉलेज और यूनिवर्सिटी म्यूजिक में ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स करवाते हैं।

## अभ्यास

**1. निम्न में से किस दिन हर साल वैश्विक क्षमा दिवस मनाया जाता है?**
(क) 4 जुलाई
(ख) 5 जुलाई
(ग) 6 जुलाई
(घ) 7 जुलाई
**उत्तर- (घ)**

**2. निम्न में से किस राज्य में भारत की पहली ग्रीनफील्ड इंटीग्रेटेड और पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स वाली रिफाइनरी का उद्घाटन किया गया?**
(क) तमिलनाडु
(ख) बिहार
(ग) राजस्थान
(घ) मध्य प्रदेश
**उत्तर- (ग)**

**3. I-2SE सबमरीन केबल सिस्टम परियोजना के लिए भारत ने सिंगापुर और किस देश के साथ साझेदारी की है?**
(क) वियतनाम
(ख) मलेशिया
(ग) कंबोडिया
(घ) दक्षिण कोरिया
**उत्तर- (ख)**

**4. निम्न में से किस राज्य सरकार ने वर्ष 2026-2036 के लिए डीप सी फिशिंग मिशन को मंजूरी दी है?**
(क) पश्चिम बंगाल
(ख) बिहार
(ग) तमिलनाडु
(घ) ओडिशा
**उत्तर- (घ)**

**5. जुलाई 2026 में मलीहाबादी आम को जीआई टैग दिया गया। यह किस राज्य से संबंधित है?**
(क) तमिलनाडु
(ख) बिहार
(ग) उत्तर प्रदेश
(घ) पश्चिम बंगाल
**उत्तर- (ग)**

# नौकरी के साथ करनी है पढ़ाई तो अपनाएं ये टिप्स

नौकरी के साथ अगर आप किसी कॉम्पिटिटिव एग्जाम या फिर किसी अन्य परीक्षा की तैयारी कर रही हैं तो उसके लिए सही से और पूरी मेहनत के साथ आपको तैयारी करनी चाहिए लेकिन नौकरी के साथ-साथ पढ़ाई को मैनेज करना कई बार आपके लिए बहुत मुश्किल हो जाता होगा लेकिन हम आपको इस लेख में कुछ ऐसे टिप्स बताएंगे जिससे आप नौकरी के साथ-साथ पढ़ाई को भी आसानी से कर पाएंगी इसलिए अंत तक यह लेख जरूर पढ़ें। जैसे बचपन में आप स्कूल के लिए टाइम टेबल बनाया करती थी उसी प्रकार से आपको अपना समय इस प्रकार से डिवाइड करना होगा जिससे आप अपनी पढ़ाई को समय दे पाएं। इसके लिए आपको पूरे दिन के कुछ घंटों को अपनी पढ़ाई के लिए निकालना होगा।



**एग्जाम पैटर्न को समझें-** अगर आप किसी कॉम्पिटिटिव एग्जाम के लिए पढ़ाई कर रही हैं तो इसके लिए आपको परीक्षा की तैयारी से पहले ही उसका एग्जाम पैटर्न समझना होगा। साथ ही आपको नौकरी के साथ-साथ कुछ घंटों का समय निकलकर करीब चार से पांच घंटे के लिए प्रभावी तरह से तैयारी करनी होगी। अगर आप किसी कोर्स में दाखिला लेने के लिए पढ़ाई कर रही हैं तो इसके लिए भी आपको एक शेड्यूल बनाकर पढ़ाई की शुरुआत करनी चाहिए।

**पॉजिटिव रखें अपना मन-** आपको पढ़ाई करते समय पूरा ध्यान पढ़ाई की तरफ ही केंद्रित रखना चाहिए। ऐसा करने से आपके मन में कॉन्फिडेंस भी बना रहता है। इसके साथ ही आपको पॉजिटिव विचारों को ही अपने मन में रखना चाहिए। अगर आप ज्यादा नेगेटिव सोचती हैं तो उससे आपकी पढ़ाई भी बहुत डिस्टर्ब होती है। इस कारण से आपको पॉजिटिव विचारों के साथ ही पढ़ाई करनी चाहिए।

# लाइब्रेरी साइंस से जुड़े ये कोर्स करके आप भी पा सकती हैं नौकरी

स्कूल कॉलेज में आपने लाइब्रेरी जरूर देखा होगा। कई लोग को लाइब्रेरी में बैठकर पढ़ना पसंद होता है। किताबों की देखभाल करने के लिए लाइब्रेरियन को रखा जाता है। यह हर एक सरकारी कार्यालय या प्राइवेट कार्यालय में होता है। अगर आपको भी किताबों में रुचि है और आप भी अपना समय किताबों के बीच बिताना चाहती हैं तो आपको हम बताएंगे कि आप कैसे लाइब्रेरी साइंस से जुड़े कुछ कोर्स कर सकते हैं। सबसे पहले जान लें आखिर लाइब्रेरी साइंस का कोर्स होता क्या है। इस क्षेत्र में करियर के विकल्प काफी ज्यादा है। इस कोर्स के तहत छात्रों को लाइब्रेरी और इनफार्मेशन सिस्टम मैनेजमेंट, डॉक्यूमेंटेशन, मैनुस्क्रिप्ट आदि के बारे में पढ़ाया जाता है। इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए आपको कंप्यूटर की भी बेसिक जानकारी होनी चाहिए। लाइब्रेरी साइंस में कोर्स करने के लिए आप चाहे तो प्राइवेट या सरकारी कालेज में दाखिला ले सकती हैं। कैंडिडेट्स को इस कोर्स को करने के लिए 12वीं पास होना चाहिए। बैचलर इन लाइब्रेरी साइंस या बैचलर इन लाइब्रेरी एंड इन्फॉर्मेशन साइंस करने के लिए आपको किसी भी स्ट्रीम से ग्रेजुएट होना होगा। बैचलर करने के बाद आप चाहे तो मास्टर इन लाइब्रेरी साइंस भी कर सकते हैं। लाइब्रेरी साइंस का कोर्स करने के बाद आपक प्राइवेट या सरकारी सेक्टर में आसानी से नौकरी मिल सकती हैं। यूनिवर्सिटी और कॉलेज में एक बार नौकरी मिलने के बाद आपको ज्यादा दिक्कत नहीं होनी वाली हैं। इस कोर्स को करने के बाद आप चाहे तो प्रेशर के तौर पर 20 से 30 हजार रुपए कमा सकती हैं।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

## दैनिक पंचांग लखनऊ
### बुधवार, 8 जुलाई 2026

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके 1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ आषाढ़ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे अष्टमी तिथौ बुध वासरे 12/23/ रेवती नक्षत्रे 16/01/ अतिगण्ड योग 12/38/ कौलव करणे 12/23/ मेष राशिगत चन्द्रमा 16घं.01मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** पंचक समाप्त घं.16 मि.01पर। श्री शीतलाष्टमी।

**मेष :** परीक्षा प्रतियोगिता में सफलता के योग रहेंगे। उत्तरदायित्वों की पूर्ति होगी। दैनिक सुख संसाधनो की वृद्धि होगी।

**वृष :** श्रेष्ठजनो का अनुग्रह मिलेगा। मिथ्यारोप भय रहेगा। भागदौड़ की अधिकता रहेगी। कानूनी कार्यों पर व्यय होगा।

**मिथुन :** शिक्षा प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। आर्थिक एवं सामाजिक पक्ष मजबूत होंगे।

**कर्क :** परिवार का सहियोग मिलेगा। यात्रा एवं देशाटन की स्थिति सुखद होगी।

**सिंह :** निजी सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे। जीवन के क्षेत्र में प्रगति होगी। सम्मान में वृद्धि होगी।

**कन्या :** व्यवसयिक योजना को बल मिलेगा। सम्बन्धो में निकटता आएगी। जीवन साथी का सहियोग मिलेगा।

**तुला :** सत परामर्श से मार्ग प्रशस्त होगा। दांपत्य सुख उत्तम रहेगा। वृद्ध परिजन की चिंता रहेगी। संचित कोष में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** सम्बन्धों में निकटता आयेगी। किसी कार्य के सम्पन्न होने से प्रभाव में वृद्धि होगी।

**धनु :** विरोधी परास्त्र होंगे। घरेलू व्यय भार बढ़ेगा। इच्छित वस्तु की प्राप्ति होगी। आकस्मिक यात्रा का योग बनेगा।

**मकर :** सन्तान के दायित्व की पूर्ति होगी। व्यवसायिक एवं आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**कुंभ :** सामाजिक कार्यों में रुचि रहेगी। लाभ मार्ग प्रशस्त होगा। उधार देने से बचे। जनसंपर्क में वृद्धि होगी।

**मीन :** जीवनसाथी का सहयोग रहेगा। रुके कार्यों में प्रगति होगी। नए कार्यों को टालना हितकर रहेगा। वाद-विवाद टाले

# सितंबर और नवंबर सत्र की सीए परीक्षाओं के लिए आवेदन शुरू

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI) ने सीए फाउंडेशन, सीए इंटरमीडिएट और सीए फाइनल की सितंबर और नवंबर 2026 परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। पात्र उम्मीदवार आधिकारिक ई-सेवाएं पोर्टल eservices.icai.org के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन की महत्वपूर्ण तिथियां क्या हैं-** आईसीएआई की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार अभ्यर्थियों को आवेदन के लिए यह समयसीमा दी गई है।

**ऑनलाइन आवेदन शुरू-** 6 जुलाई 2026- बिना विलंब शुल्क आवेदन की अंतिम तिथि- 19 जुलाई 2026 (रात 11:59 बजे तक)। 600 रुपये विलंब शुल्क के साथ आवेदन की अंतिम तिथि- 22 जुलाई 2026 (रात 11:59 बजे तक)।

**आवेदन में संशोधन-** 23 जुलाई से 25 जुलाई 2026।

संस्थान ने बताया है कि करेक्शन विंडो खुलने पर संशोधन से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे।

**कब होंगी सीए की परीक्षाएं?**

**सीए फाउंडेशन परीक्षा-**
2 सितंबर 2026
5 सितंबर 2026
7 सितंबर 2026
9 सितंबर 2026

**सीए इंटरमीडिएट परीक्षा**
**ग्रुप-1**
1 सितंबर 2026
3 सितंबर 2026
6 सितंबर 2026
**ग्रुप-2**
8 सितंबर 2026
10 सितंबर 2026
12 सितंबर 2026

**सीए फाइनल परीक्षा**
**ग्रुप-1**
2 नवंबर 2026
4 नवंबर 2026
6 नवंबर 2026
**ग्रुप-2**
9 नवंबर 2026
11 नवंबर 2026
13 नवंबर 2026

**आवेदन करते समय किन बातों का रखें ध्यान?**

आईसीएआई ने उम्मीदवारों को सलाह दी है कि आवेदन पत्र जमा करने से पहले सभी विवरण अच्छी तरह जांच लें। अंतिम सबमिट के बाद किसी भी त्रुटि को सुधारने के लिए केवल निर्धारित 23 से 25 जुलाई 2026 की करेक्शन विंडो का ही उपयोग किया जा सकेगा।

**आवेदन कैसे करें?**

उम्मीदवार नीचे दिए गए चरणों का पालन करके आवेदन कर सकते हैं।

आईसीएआई की ई-सेवाएं वेबसाइट eservices.icai.org पर जाएं।

अपने लॉगिन विवरण से साइन इन करें या नए उम्मीदवार के रूप में पंजीकरण करें।

सितंबर/नवंबर 2026 परीक्षा से संबंधित लिंक पर क्लिक करें।

अपने कोर्स का चयन करें - सीए फाउंडेशन, इंटरमीडिएट या फाइनल।

आवेदन पत्र में मांगी गई सभी जानकारी सावधानीपूर्वक भरें।

परीक्षा शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करें।

आवेदन जमा करने के बाद पुष्टि पृष्ठ डाउनलोड कर सुरक्षित रख लें।

## ईंटों से लदे ट्रेक्टर ट्रॉली असंतुलित होकर पलटी

जालौन। मंगलवार की सुबह एक ट्रैक्टर ईंटों को लादकर चुर्खी रोड स्थित एक गेस्ट हादस के पीछे खेतों से होकर जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ओवरलोड ट्रॉली के चलते ट्रैक्टर का अगला हिस्सा अचानक से ऊपर से उठ गया। चालक ने ट्रैक्टर को संतुलित करने का प्रयास किया। ट्रैक्टर तो संतुलित हो गया लेकिन ट्रॉली असंतुलित होकर खेतों में ही पलट गई। ट्रॉली में लदे ईंटा खेतों में ही बिखर गए। हादसे के समय वहां कोई मौजूद न होने से बड़ा हादसा टल गया। साथ ही ट्रैक्टर चालक भी हादसे में बाल बाल बच गया।

## खबर एक नज़र

### संदिग्ध हालत में युवक का मिला शव

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कोंच;नदीगांव।** थाना नदीगांव के ग्राम पंचायत गिदवासा के ग्राम भकरोल में उस समय हड़कम्प मच गया जब खेत के पास सड़क किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में एक 45 वर्षीय व्यक्ति का शव लोगों के द्वारा देखा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिन शनिवार को ग्राम भकरोल निबासी राज कुमार बंशकार पुत्र बालादीन का शव खेत किनारे मिला जिसके मुंह से झाग निकल रहा था जैसे ही परिवारीजनों ने शव को देखा तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी सूचना मिलते ही थाना नदीगांव प्रभारी राज कुमार और फॉरेंसिक टीम घटना स्थल पर पहुंच गई और उच्च अधिकारियों को सूचना दी वहीं फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल से साक्ष्य संकलित किये और पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोष्ट मार्टम के लिए भिजबाया वहीं सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक ईशान सोनी घटना स्थल पर पहुंच गए और बारीकी से निरीक्षण करते हुए निष्पक्ष एवं गहन जांच के आदेश दिए वहीं अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पोष्ट मार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना पर प्रभावी कदम उठाया जाएगा वहीं बताया जा रहा है कि दिन सोमवार को मृतक की पत्नी सुमन ने तहरीर देते हुए राम प्रकाश कुंअर पाल सौरभ और लल्लू पाल पर आशंका जाहिर करते हुए हत्या व एस सी एस टी एक्ट में मुकद्दमा दर्ज कराया है। वहीं मृतक राज कुमार के परिवार में तीन पुत्रियां एक पुत्र व पत्नी है जिनका इस घटना से रो रोकर बुरा हाल है।

### राशनकार्ड सूची का होगा सत्यापन, डिलीट होंगे मृतक व बाहर निवास करने वाले यूनिट-जिलाधिकारी




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक में खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की और अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। जिला पूर्ति अधिकारी ने अवगत कराया गया कि वर्तमान में नगरीय में 70 प्रतिशत लक्ष्य के सापेक्ष 67 प्रतिशत एवं ग्रामीण क्षेत्र में 79 प्रतिशत लक्ष्य के सापेक्ष 79 प्रतिशत जनसंख्या को आच्छादित किया जा चुका है, इस प्रकार वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्र का लक्ष्य पूर्ण है व माह अप्रैल, मई एवं जून में आवश्यक वस्तुओं के वितरण पर निगरानी रखते हुये अनियमित्तायें पाये जाने पर 4 उचित दर दुकानें निलम्बित, 5 दुकानें निरस्त एवं विक्रेताओं के विरूद्ध एफ.आई.आर. दर्ज करायी गयी तथा 8000 रूपये जुर्माना जब्त किया गया है व उन्होंने बताया कि वर्तमान में ब्लाक जखौरा में ग्राम महरौनीखुर्द, ब्लाक तालबेहट में ग्राम म्यावं, राजपुर, बिगारी, गेवरा गुन्देरा, बम्हौरीसर, ब्लाक मडावरा में ग्राम जमौरा, ब्लाक बिरधा में ग्राम पाली ग्रामीण, बछ्लापुर तथा ब्लाक महरौनी में ग्राम जरया में उचित दर दुकान हेतु ग्राम सभा का प्रस्ताव कराया जाना है, जिस पर संबंधित खण्ड विकास अधिकारी द्वारा कार्यवाही की जा रही है। आधार सीडिंग की समीक्षा में पाया गया कि प्रचलित अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशन कार्डो के सापेक्ष कुल 762 सदस्यों व यूनिटों में आधार सीडिंग किया जाना अवशेष है, जिसकी समीक्षा सी.एम. डैसबोर्ड में भी होती है, इसके अतिरिक्त प्रचलित राशन कार्डो के सापेक्ष वर्तमान में 46981 सदस्यों व यूनिटों की ई-के.वाई.सी. कराया जाना है, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा उक्त सूची का सत्यापन कराकर मृतक एवं ग्राम में निवासरत न होने वाले यूनिटों को डिलीट करने हेतु निर्देशित किया गया व जिन व्यक्तियों व सदस्यों की ई.के.वाई.सी. नहीं हो रही है, वह डाकघर व तहसील आदि में आधार कार्ड का वायोमेट्रिक अपडेशन करा लें जिससे राशन कार्ड में ई.के.वाई.सी. हो जायेगी व शहरी व ग्रामीण अंचलों में सर्वे के आधार पर अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें एवं इसके उपरांत जनसुविधा केन्द्र व लोकवाणी केन्द्र के माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्रों की समीक्षा की गयी, जिसमें 3079 आवेदन पत्र वर्तमान में लम्बित है व मौके पर उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया गया कि पिछ्ले तीन माह अप्रैल, मई, जून 2026 में 6446 नवीन राशन कार्ड जारी किये गये हैं व वर्तमान में उचित दर दुकानों के संचालन हेतु अन्नपूर्णा भवन व मॉडल शॉप का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत 74 दुकानों का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है व वर्तमान में 79 दुकानों का निमार्ण कार्य प्रक्रियाधीन है व 71 दुकानों हेतु कार्ययोजना तैयार कर ली गयी है। बैठक में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सोनाली जैन, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. इम्तियाज अहमद, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी नरेन्द्र सिह, जिला पूर्ति अधिकारी उमेश मिश्र उपस्थित रहे।

### सीसी सड़क, नाली, फुटपाथ व नाला निर्माण कार्यो के शुभारम्भ पर नपाध्यक्ष ने किया भूमि पूजन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, ललितपुर।** नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के समग्र एवं संतुलित विकास के संकल्प को निरंतर आगे बढ़ाते हुए जनहित से जुड़े आधारभूत विकास कार्यों की श्रृंखला में वार्ड नंबर 11 मोहल्ला सिविल लाइन एवं वार्ड नंबर 5 मोहल्ला झाँसीपुरा में करोड़ों की लागत से कराए जाने वाले सी.सी सड़क, नाली, नाला एवं फुटपाथ निर्माण कार्यों का विधिवत भूमि पूजन नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनाली जैन अभिलाषा ने वार्ड पार्षद मुस्तफा खान एवं जानकी प्रसाद के साथ वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजा-अर्चना के बीच किया व बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों ने पालिका अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों का पुष्पमालाओं से भव्य स्वागत एवं सम्मान किया तथा नगर में लगातार हो रहे विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया व लोगों ने कहा कि लंबे समय से सड़क एवं जल निकासी की समस्या के कारण क्षेत्र के नागरिकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से आवागमन सुगम होगा व बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से भी स्थायी राहत मिलेगी। इस अवसर पर वार्ड नंबर 11 में डाइट के सामने से सदनशाह चैराहे तक नाला निर्माण कार्य, सदनशाह चैराहे से पिसनारी तिराहे तक फुटपाथ निर्माण कार्य तथा के.के. जैन हॉस्पिटल के समीप नहर पर सी.सी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया, वहीं वार्ड नंबर 5 मोहल्ला झाँसीपुरा में पिसनारी बयाना नाला से आगे तक सी.सी. सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया व कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष श्रीमती सोनाली जैन अभिलाषा ने कहा कि नगर का प्रत्येक वार्ड हमारे लिए समान रूप से महत्वपूर्ण है व नगर के प्रत्येक नागरिक तक बेहतर आधारभूत सुविधाएँ पहुँचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है व केवल निर्माण कार्य कराना ही उद्देश्य नहीं है, बल्कि ऐसी व्यवस्थाएँ विकसित करना हमारा लक्ष्य है, जिससे नागरिकों का जीवन सरल, सुरक्षित एवं सुविधाजनक बन सके। इस अवसर पर वार्ड पार्षद मुस्तफा खान, जानकी प्रसाद, सफाई निरीक्षक जितेन्द्र स्वरूप तिवारी, अवर अभियंता खुशबू खान, सेवा निवृत्त वरिष्ठ लिपिक रमाकांत तिवारी, हेड सुपरवाइजर संजय कुमार, बद्री कुशवाहा, संबंधित स्वास्थ्य नायक तथा नगर पालिका परिषद के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भाजपा नेताओं को सद्बुद्धि प्रदान करने के हनुमानजी से प्रार्थना की कांग्रेसियों ने



उरई : हाथों में तख्ती लेकर हनुमान चालीसा का पाठ करते कांग्रेसी ।

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,** उरई;जालौन। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के आवाहन पर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में आज प्रातः 9 बजे गांधी चबूतरा कोतवाली के सामने समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए। कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्ती व तिरंगा झंडा लेकर अंबेडकर चौराहे से होते हुए संकटा हनुमान मंदिर पहुंचकर हनुमान चालीसा का पाठ किया तथा भगवान हनुमानजी से प्रार्थना की कि भाजपा वालों को सद्बुद्धि प्रदान हो। यह कार्यक्रम अयोध्या राम मंदिर में हुई चोरी एवं व्यापक घोटाले के विरोध में तथा हाई.प्रोफाइल लोगों को चंदा चोरी से बचाने के विरोध में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अरविंद सिंह सेंगर व शहर अध्यक्ष राजकुमार वर्मा ने कहा कि भाजपा ने हमेशा राम के नाम को राजनीति में प्रयोग किया है। उन्हें भगवान राम से कोई आस्था नहीं है। यदि ऐसा होता तो राम मंदिर में इतनी बड़ी चोरी व घोटाला न किया जाता और न ही हाई.प्रोफाइल लोगों को बचाया जाता। उन्होंने कहा कि भगवान हनुमान भाजपा नेताओं को सद्बुद्धि प्रदान करें। चौधरी श्याम सुंदरए डाण् रेहान सिद्दीकीए राघवेंद्र तिवारीए राजेश प्रजापतिए आदित्य मिश्राए संतोष सिंह चौहानए देवेंद्र सिंह तोमर एडवोकेट आदि ने कहा कि भाजपा को सत्ता चाहिएए चाहे उसके लिए हिंदू.मुस्लिम दंगे कराने पड़ेंए जातिवादी वर्गीकरण फैलाना पड़े या गाय के नाम पर एक वर्ग के साथ अन्याय किया जाए। यदि भाजपा को सच्ची आस्था होती तो आज अयोध्या के राम मंदिर में कई सौ करोड़ की चोरी व घोटाला भाजपा.आरएसएस की समिति के सदस्यों द्वारा न किया जाता। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अयूब अंसारीए राजेश प्रजापतिए देवेंद्र वाल्मीकिए कुंवर सिंह कुशवाहाए वीरेंद्र प्रजापतिए दिलीप यादवए गेंदालाल कुशवाहाए जितेंद्र मिश्राए कमल दोहरेए डाण् हेमंत रिछारियाए गौरव सिंह सेंगरए बाबू खान मंसूरीए नफीस पठानए मेराज खानए राजेंद्र विश्वकर्माए दुलीचंद विश्वकर्माए सत्येंद्र श्रीवास्तवए दिनेश व्यासए कुशलपाल सिंह गुर्जरए रुचि नागरए नजीर अहमद एडवोकेटए कासिम मंसूरीए मानसिंह दोहरेए देवेंद्र सिंह रनियाए कुंवर सिंह कुशवाहाए सुधीर सिंह कुशवाहाए देशराज वर्माए संतोष चौहानए रामकुमार गुप्ताए आशीष बुंदेलाए जमुनादास अहिरवारए रानी राजवंशीए शकुंतला तिवारीए तमन्ना कासिम मंसूरीए देवेंद्र बनाकरए भूरे पालए देवेंद्र वाल्मीकिए ज्योति त्रिपाठीए केण्केण् गहोईए दद्दाए शुभम प्रजापतिए शंकर प्रजापतिए आयुष सिंहए अप्रियंत पटेलए नन्हे खानए जावेद खानए अभिषेक सेंगर सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता एवं नेता गण उपस्थित रहे।

## भूजल सप्ताह 16 से 22 जुलाईरू जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने के निर्देश




उरई : बैठक लेते डीएम ।

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो उरई ;जालौन।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में 16 से 22 जुलाई 2026 तक आयोजित होने वाले ष्भूजल सप्ताहष् की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को मिशन मोड में अभियान चलाने और व्यापक जनजागरूकता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि भूजल संरक्षण भावी पीढ़ियों के लिए जनआंदोलन है। इस दौरान ग्राम पंचायतोंए विकास खंडोंए नगर निकायों व जनपद स्तर पर रैलियांए कार्यशालाएंए पोस्टर.दीवार लेखनए पौधरोपणए वर्षा जल संचयन व रिचार्ज पिट निर्माण जैसी गतिविधियां होंगी। जल जीवन मिशन की समितियों की बैठकें कर सुरक्षित पेयजल व जलजनित रोगों से बचाव के प्रति जागरूककिया जाए।विद्यालयोंए स्वयं सहायता समूहों व ग्राम प्रधानों की सहभागिता से रैलियां निकाली जाएंगी। खंड स्तर पर कार्यशालाएंए तालाबों व चेकडैमों का निरीक्षण तथा किसानों को ड्रिप व स्प्रिंकलर तकनीक का प्रदर्शन कराने के निर्देश दिए। नगर निकायों में वर्षा जल संचयनए प्रतियोगिताएं व जल गुणवत्ता परीक्षण शिविर लगेंगे। अंतिम दिन जनपद स्तरीय कार्यशाला होगी। इस मौके पर सीडीओ केके सिंहए एडीएम प्रेमचंद मौर्यए डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह व ईडीएम पुष्पेंद्र सिंहएभूगर्भ जल अधिकारी भरत दीप आदि उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने गौशाला में व्यवस्थाओं का लिया जायजा, खुले में रखा भूसा देख जताई नाराजगी



उरई : गौशाला का निरीक्षण करते एसडीएम।

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कालपी; जालौन।** नगर के आलमपुर स्थित गौशाला का मंगलवार को उपजिलाधिकारी ने औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान गौवंशों के लिए रखा गया भूसा खुले में मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए संबंधित कर्मचारियों को तत्काल व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम अमित शेखत ने गौवंशों के रखरखावए हरे चारेए पेयजलए साफ.सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने गौवंशों की गणना कराई और बरसात के मौसम को देखते हुए भूसे को सुरक्षित स्थान पर रखने के निर्देश दिए। कहा कि खुले में भूसा रखने से उसके खराब होने की आशंका रहती हैए जिससे गौवंशों के चारे की व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि गौशाला परिसर में जलभराव और कीचड़ की स्थिति नहीं होनी चाहिए तथा साफ.सफाई की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही गौवंशों को समय पर चारा और पेयजल उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका के राजस्व निरीक्षक अजीत कुमार सिंह ने गौशाला की व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए एसडीएम को अवगत कराया कि उनके निर्देशों का समयबद्ध पालन कराया जाएगा। इस दौरान गौशाला में पांच केयरटेकर ड्यूटी पर मौजूद मिले।

### गौशाला की गायों ने नष्ट कर दी खीरा की फसल



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कोंच;जालौन।** आधा बीघा जमीन उसी से पैदावारी करके अपने परिबार का भरण पोषण किसान कर रहा था लेकिन उसकी जमीन में उगी हुई फसल पर गौशाला की गायों ने हमला करते हुए पूरी फसल को ही चट कर डाला अब ऐसे में किसान के परिबार का भरण पोषण कैसे होगा। मामला तहसील क्षेत्र के ग्राम घुसिया का है जहां पर आधा बीघे का मालिक किसान देशराज पुत्र करसोले खेतों में खीरा बोकर फसल तैयार कर रहा था जिसे बेचकर वह अपने परिवार का भरण पोषण कर सके लेकिन पास में ही स्थित गौशाला के कर्मचारी राजेश पुत्र ग्याप्रसाद व कमल पुत्र राम प्रकाश निवासीगण ग्राम घुसिया की लापरवाही के चलते गायें खेत मे घुस आयीं और खेत मे खड़ी खीरे की फसल को नष्ट कर दिया जब देशराज ने इसकी शिकायत प्रधान प्रतिनिधि विष्णुकांत से की तो उन्होंने प्रधान न होने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ लिया उक्त के सम्बन्ध में दिन मंगलवार को देशराज ने उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल को एक शिकायती पत्र देते हुए गायों को गौशाला में रोकते हुए नष्ट हुई फसल का मुआबजा दिलाये जाने की मांग की है।

### 11 जुलाई से चलेगा दस्तक अभियानए संचारी रोगों की रोकथाम को स्वास्थ्य विभाग तैयार



कालपी ;जालौनद्ध। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत 11 जुलाई से शुरू होने वाले दस्तक अभियान को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंगलवार को सीएचसी में चिकित्साधीक्षक डाण् दिनेश गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अभियान की कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया गया और स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए। बैठक में चिकित्साधीक्षक ने बताया कि 11 से 31 जुलाई तक चलने वाले दस्तक अभियान के दौरान आशा कार्यकर्ता और स्वास्थ्य टीमें घर.घर जाकर लोगों को संचारी रोगों से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करेंगी। स्वच्छताए सुरक्षित पेयजल के उपयोगए मच्छरों की रोकथाम तथा डेंगूए मलेरिया और बुखार जैसे रोगों के लक्षणों की जानकारी भी दी जाएगी। सर्वे के दौरान संभावित मरीजों की पहचान कर उन्हें समय पर उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र भेजा जाएगा। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिए कि अभियान के दौरान जनजागरूकताए घर.घर सर्वे और रोगियों की समय रहते पहचान को प्राथमिकता दी जाए। सभी टीमों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए गए।बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारीए जिला फाइलेरिया अधिकारी भावना सिंहए जिला मलेरिया अधिकारी चंद्रशेखरए एण्केण् पांडेयए चिकित्सा अधिकारी डाण् शेख शहरयारए डाण् विशाल सचानए डाण् अशोक कुमारए डाण् गरिमा सिंहए रचना दुबे सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



उरई : छात्राओं को जागरूक करती मिशन शक्ति टीम ।

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कालपी ;जालौन।** शासन के मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत मंगलवार को एमएसवी इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस टीम ने छात्राओं को महिला सुरक्षाए साइबर अपराध से बचाव और विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी देकर किसी भी आपात स्थिति में निडर होकर सहायता लेने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में मिशन शक्ति प्रभारी महिला उपनिरीक्षक ममतेश कुमारी ने छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ए उत्पीड़नए साइबर ठगी अथवा अन्य अपराध की स्थिति में चुप रहने के बजाय तत्काल पुलिस को सूचना दें। उन्होंने महिला हेल्पलाइन 1090ए आपातकालीन सेवा 112ए महिला हेल्पलाइन 181 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 सहित अन्य महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी और इनके उपयोग की प्रक्रिया भी समझाई। उन्होंने छात्राओं को सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक उपयोग करनेए अनजान लोगों से सतर्क रहने तथा आत्मविश्वास के साथ अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता देने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने सुरक्षा और साइबर अपराध से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछेए जिनका पुलिस टीम ने विस्तार से उत्तर देकर उनकी शंकाओं का समाधान किया। विद्यालय के शिक्षकों ने अभियान की सराहना करते हुए इसे छात्राओं के लिए उपयोगी बताया। कार्यक्रम में महिला आरक्षी प्रीति त्यागीए लक्ष्मी उपाध्यायए नीतूए शिक्षक आनंद शर्माए सुशील कुमार सहित विद्यालय की छात्राएं मौजूद रहीं।

## फल एवं सब्जी व्यापारियों ने समस्याओं के निराकरण हेतु डीएम को सौंपा ज्ञापन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, ललितपुर।** फल एवं सब्जी व्यापारी कल्याण समिति के अध्यक्ष मुहम्मद जमा राईन, जिलाध्यक्ष करीम पप्पू राईन व महामंत्री रघुवीर कुशवाहा ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपकर अवगत कराया कि एक जुलाई व दो जुलाई को अमरपुर मण्डी में फल एवं सब्जी व्यापारियों को लाटरी पर्ची डालकर आवंटन कराई गई दुकानों पर हमारी पूर्ण सहमति है व इसी क्रम में 3 जुलाई को मण्डी परिषद के कार्यालय में अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी, अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, सचिव मण्डी परिषद के समक्ष हम व्यापारियों ने समस्याओं को अविलम्ब दूर करने का अनुरोध किया है, जिसमें अमरपुर मण्डी परिसर के.बी ब्लॉक की दुकान क्रमांक 1 से 26 तक एवं नीलामी चबूतरों पर गल्ला रखा हुआ है, जिसे अविलम्ब सुरक्षित स्थानों पर रखवाकर परिसर की सफाई कराई जाये व आवंटन प्रपत्र प्रदत्त कराते हुये व्यापारियों को वर्तमान में वर्षाकालीन समय में कच्ची सब्जी एवं फलों की सुरक्षा हेतु उचित व्यवस्थाओं सहित मण्डी परिसर में शिफ्ट कराया गया है व समुचित सुरक्षा व्यवस्था पूर्ण रूप से प्रदत्त कराने का कष्ट करें व आपके सानिध्य एवं निर्देशन व उपस्थिति में 22 जून को अमरपुर मण्डी परिसर में पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद, परिवहन एवं निर्वाचन प्रक्रिया के अधिकारी एवं फल, सब्जी व्यापारी कल्याण समिति के 6 सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल के समक्ष हुयी वार्ता में हमारे अनुरोध पर थोक व्यापारियों को ए क्लास की दुकानें आवंटित कराये जाना आपके स्तर से उचित माना गया था, लेकिन ई.वी.एम. मशीने जो ए श्रेणी के परिसर में रखी हुई हैं, जो कि चुनाव आयोग एवं चुनाव से संबंधित अधिकारियों के दिशा निर्देश पर, प्रशासनिक रिजर्व स्थल के रूप में वर्तमान ए श्रेणी की दुकानों में नियत स्थान पर है, उसे आवंटित करने हेतु आपने असमर्थता व्यक्त करते हुये सहानुभूति पूर्वक वार्ता में हुये निष्कर्ष पर थोक व्यापारियों को बी एवं सी श्रेणी की दुकानों को आवंटित करने के निर्देश सचिव मण्डी समिति एवं अपर जिलाधिकारी को दिये थे, लेकिन लाटरी पर्ची से आवंटन के दौरान थोक व्यापारियों को एक ही दुकान का आवंटन किया गया जबकि थोक व्यापारियों को दो दुकानें देने पर सहमति हुई थी, जो आपके आदेश एवं निर्देश का स्पष्ट उल्लंघन है, कृपया थोक व्यापारियों को आपके निर्देश के अनुरूप दूसरी अतिरिक्त दुकान आवंटित कराने का आदेश संबंधित को प्रदत्त कराने का कष्ट करें व दुकान आवंटन लिस्ट में छूटे हुये व्यापारियों को पर्ची लाटरी के आधार पर दुकानों की आवंटन प्रक्रिया को तीन दिन की समयावधि में पूर्ण कराकर दुकानें आवंटित कराई जायें व सहमति के आधार पर 13 जुलाई की तिथि निश्चित की है ताकि 15 जुलाई तक विधिवत व्यापार की शुरूआत की जा सके व आवंटित की गई बी एवं सी ब्लॉकों की दुकानों की आवंटियों को आवंटित दुकानों का अनुबंध, किरायानामा का प्रपत्र प्रदत्त कराकर 10 प्रतिशत प्रीमियम की राशि त्वरित रूप से जमा कराकर आवंटित प्रपत्र पर दुकान की आवंटित धनराशि, रखरखाव शुल्क, किराया एवं अन्य जो भी देयक शासन, प्रशासन द्वारा निर्धारित किये गये हैं। ज्ञापन पर गिरधारी, श्रीओम, पवन, फूलचन्द, वीरेन्द्र कुमार, देवेन्द्र, मुहम्मद सलीम, मुहम्मद राईन, गुलाम रसूल, नन्ने राईन, फरीद पप्पू राईन, मुहम्मद इदरीश राईन, नजरूलइस्लाम, मुहम्मद शरीफ, मुहम्मद शहीद, मुहम्मद इब्राहीम, मुहम्मद जाविद, महेश कुमार, मुहम्मद अलीम, अब्दुल सादिक, अवैश खान आदि के हस्ताक्षर मौजूद हैं।

# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन की तैयारियों को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक

**. सभी विभागों को समयबद्ध तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,**

**बांदा।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकारयोगी आदित्यनाथ का दिनांक 09 जुलाईए 2026 को प्रस्तावित जनपद बांदा आगमन के दृष्टिगत जिलाधिकारी बांदा अमित आसेरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित हुई।



बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री जी के समक्ष प्रस्तुत की जाने वाली विभागवार उपलब्धियोंए प्रगति एवं विकास कार्यों का अद्यतन विवरण निर्धारित प्रारूप में तत्काल तैयार किया जाए। सभी विभाग अपनी प्रगति रिपोर्ट तथ्यपरकए अद्यतन एवं त्रुटिरहित तैयार करें तथा संबंधित नोडल अधिकारियों से उसका सत्यापन भी सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि लोक निर्माण विभाग सभी प्रस्तावित स्थलों तक पहुंच मार्गों की मरम्मतए साफ.सफाई एवं आवश्यक संकेतक बोर्ड समय से स्थापित कराए। नगर पालिकाध्नगर पंचायत एवं ग्राम पंचायत विभाग भ्रमण स्थलों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाते हुए पेयजलए प्रकाश व्यवस्था एवं सैनिटेशन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य विभाग मेडिकल टीमए एम्बुलेंसए चिकित्सकों एवं आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित रखते हुए स्वास्थ्य संबंधी सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करे।पुलिस विभाग सुरक्षा व्यवस्थाए यातायात प्रबंधनए पार्किंग व्यवस्था एवं रूट डायवर्जन की समुचित कार्ययोजना तैयार कर उसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करे।

विद्युत विभाग निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए आवश्यक स्थानों पर वैकल्पिक विद्युत व्यवस्था एवं जनरेटर की उपलब्धता बनाए रखे। जल निगम एवं जल संस्थान पेयजल आपूर्ति की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा किसी प्रकार की समस्या न रहे। कृषिए उद्यानए पशुपालनए ग्रामीण विकासए पंचायती राजए समाज कल्याणए बेसिक शिक्षाए माध्यमिक शिक्षाए चिकित्साए सिंचाईए उद्योगए खाद्य एवं रसद सहित सभी विभाग अपनी.अपनी योजनाओं एवं उपलब्धियों का अद्यतन विवरण तैयार रखें तथा प्रदर्शनी एवं प्रस्तुतिकरण की तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण करें।

सूचना विभाग कार्यक्रम के प्रचार.प्रसार एवं मीडिया समन्वय की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी का जनपद भ्रमण अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा के भीतर तैयारियां पूर्ण कर नियमित रूप से प्रगति की सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडेयए अपर जिलाधिकारी ;वित्त एवं राजस्वद्ध कुमार धर्मेंद्रए अपर जिलाधिकारी ;न्यायिकद्ध माया शंकर यादवए अपर जिलाधिकारी मदन मोहन वर्माए अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने गांजा सप्लायर को दबोचा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,**

**बांदा।** सीओ नरैनी प्रवीण कुमार ने बताया कि सोमवार की देर रात थाना नरैनी पुलिस ने गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त सुरेन्द्र पुत्र कल्लू निवासी चन्द्रनगर थाना नरैनी को पनगरा नहर पुलिया के पास से अवैध सूखे गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से कुल 01 किलो 270 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ है। सीओ प्रवीण कुमार ने बताया कि अभियुक्त बाहर से गांजा लाकर गांव में पुड़िया बनाकर बेंचता था। जो यह काम वह पिछले काफी समय से कर रहा था। पुलिस द्वारा बरामद अवैध सूखे गांजे को कब्जे में लेकर अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करने के बाद अभियुक्त को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में विनोद सिंहएआरक्षी आशू सिंहएशुभम सिंहएअंकित कुमार सिंह शामिल रहे।

## कमासिन में दर्ज फायरिंग मामले में नया मोड़



**. ग्रामीणों ने एसपी को सौंपा शपथपत्र**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,**

**बांदा।** कमासिन थाना क्षेत्र के इटरा बढ़ौनी गांव में दर्ज फायरिंग के मुकदमे में नया मोड़ सामने आया है। गांव के छह ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक बांदा को शपथपत्र देकर दावा किया है कि जिस घटना को लेकर मुकदमा दर्ज किया गया हैए वह उनके अनुसार हुई ही नहीं और नामजद आरोपी निर्दोष हैं। ग्रामीणों द्वारा पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार थाना कमासिन में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 187ध्2026 से संबंधित मामले में उन्होंने कहा है कि 30 जून 2026 की शाम लगभग 8 बजे कथित घटनास्थल के पास उनके घर हैं और उस समय उन्होंने किसी प्रकार की फायरिंग की आवाज नहीं सुनी। उनका कहना है कि वे पुलिस और न्यायालय के समक्ष भी यही बयान देने के लिए तैयार हैं। प्रार्थना पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि 12 मई 2026 को गांव के नरेंद्र कुमार की 19 वर्षीय पुत्री अंजना देवी के घर से चले जाने के बाद संदेह के आधार पर गांव के कुछ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। ग्रामीणों का आरोप है कि उसी रंजिश के चलते बाद में फायरिंग का झूठा मुकदमा दर्ज कराया गयाए जबकि नामजद आरोपी राकेशए राजेशए सरवन और कमलेश निर्दोष हैं। उन्होंने यह भी दावा किया है कि नामजद आरोपी राजेश कई महीनों से गांव में मौजूद नहीं है। ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि उनके शपथपत्र को विवेचना का हिस्सा बनाकर निष्पक्ष जांच कराई जाए और साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाने की मांग की है।

## अवैध खनन पर प्रशासन का हंटर- तीन क्रशरों पर 28 लाख का जुर्माना, 11 वाहन सीज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, चित्रकूट-** जिले में अवैध खनन और ओवरलोडिंग के सिंडिकेट को ध्वस्त करने के लिए जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के निर्देश पर बड़ी कार्रवाई की गई है। राजस्व और खनन विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम गोड़ा में छापेमारी कर नियमों की धज्जियां उड़ा रहे तीन स्टोन क्रशरों पर 28 लाख रुपये का भारी-भरकम जुर्माना ठोका है। इस दौरान अवैध परिवहन में जुटे 11 वाहनों को जब्त कर पुलिस की अभिरक्षा में दिया गया है।

खान अधिकारी रणवीर कुमार सिंह ने बताया कि अभियान के तहत जांच के दौरान कमियां जाए जाने पर ग्राम गोंडा स्थित माधव स्टोन क्रशर पर करीब 18 लाख रुपये, शंकर पार्वती स्टोन क्रशर पर 5 लाख रुपये तथा एसआर ग्रेनाइट पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इस प्रकार संबंधित स्टोन क्रशरों पर कुल 28 लाख रुपये का अर्थदंड आरोपित किया गया है। उन्होंने बताया कि बीती एक और दो जुलाई को भी इन क्रशरों से संबंधित 11 वाहनों पर कार्रवाई की गई थी। सभी वाहनों को थाना भरतकूप की अभिरक्षा में दिया गया है। बताया कि जिलाधिकारी द्वारा गठित टास्क फोर्स ने बीती 1 जनवरी 2026 से 30 जून 2026 तक कुल 297 उपखनिज लदे वाहनों पर कार्रवाई की है। जिनसे 1 करोड़ 79 लाख रुपये जुर्माने के रूप में जमा कराए गए हैं। इसके अलावा अवैध खनन और परिवहन में संलिप्त लोगों के खिलाफ पांच एफआईआर दर्ज कराई गई हैं, जबकि 16 परिवाद न्यायालय में दाखिल किए गए हैं। बताया कि टास्क फोर्स द्वारा अवैध खनन व ओवरलोडिंग के खिलाफ आगे भी कड़ी और सतत कार्रवाई जारी रहेगी।

## 12 जुलाई को होगा जनपद व्यापी महाअभियानए 63ण्566 लाख पौधरोपण का लक्ष्य

. एक पेड़ माँ के नाम अभियान को जन.जन का संकल्प बनाने के निर्देश

बांदा। जिलाधिकारी ने कहा पौधरोपण केवल कार्यक्रम नहींए आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प है।

जिलाधिकारी बांदा अमित आसेरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय वृक्षारोपण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी 12 जुलाईए 2026 को आयोजित होने वाले वृहद वृक्षारोपण अभियान की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा सभी विभागों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद बांदा को इस वर्ष 63ण्566 लाख पौधरोपण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इस लक्ष्य की शत.प्रतिशत पूर्ति हेतु प्रत्येक विभाग को निर्धारित लक्ष्य के अनुसार पौधरोपण सुनिश्चित करना होगा। अभियान के सफल संचालन के लिए सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेट तैनात किए जाएंगेए जो पूरे कार्यक्रम की सतत निगरानी करेंगे।

बैठक में बताया गया कि अभियान के अंतर्गत फलदारए छायादार एवं पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से उपयोगी पौधों का रोपण किया जाएगा। लगाए गए प्रत्येक पौधे की जियो टैगिंग कराई जाएगी तथा हरितिमा वन विकसित किए जाएंगेए जिससे पौधरोपण की गुणवत्ता एवं दीर्घकालिक संरक्षण सुनिश्चित हो सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुरूप एक पेड़ माँ के नाम अभियान केवल पौधरोपण का कार्यक्रम नहींए बल्कि प्रकृतिए मातृत्व और भावी पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी का संकल्प है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक कम से कम पाँच पौधे लगाए तथा उनके संरक्षण एवं पालन.पोषण का भी संकल्प ले। केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं हैए उन्हें वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि अपने विभाग से जुड़े अधिकारियोंए कर्मचारियोंए स्वयं सहायता समूहोंए ग्राम पंचायतोंए विद्यालयोंए स्वयंसेवी संस्थाओं एवं जनप्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करेंए ताकि यह अभियान जनआंदोलन का स्वरूप ग्रहण कर सके। उन्होंने निर्देश दिए कि 12 जुलाईए 2026 को जनपद में वृहद वृक्षारोपण अभियान का सफल आयोजन सुनिश्चित किया जाए।जनपद में 63ण्566 लाख पौधरोपण के लक्ष्य को शत.प्रतिशत पूर्ण किया जाए। प्रत्येक विभाग अपने निर्धारित लक्ष्य के अनुसार समयबद्ध तैयारी पूर्ण करे। अधिकाधिक फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया जाए। लगाए गए प्रत्येक पौधे की जियो टैगिंग अनिवार्य रूप से कराई जाए। चयनित स्थलों पर हरितिमा वन विकसित किए जाएं। सभी विभाग अपने अधिकारियोंए कर्मचारियों एवं संबद्ध संस्थाओं के माध्यम से व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करें। पौधरोपण के साथ.साथ पौधों के संरक्षणए सिंचाई एवं नियमित देखभाल की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। जनसहभागिता से ही वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाया जा सकता है। यदि प्रत्येक नागरिक पौधरोपण के साथ उसके संरक्षण का भी संकल्प लेए तो जनपद बांदा हरितए समृद्ध एवं पर्यावरणीय दृष्टि से सशक्त बनने की दिशा में एक नई मिसाल स्थापित करेगा।

## महिला ने खाया सल्फास इलाज के दौरान हुई मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो अतर्रा बांदा।** अतर्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा बललान निवासी एक लगभग 50 वर्षीय महिला ने कल दिन सोमवार को घरेलू कलह से परेशान होकर सल्फास की गोली खा लिया था जिसको उसके परिजनों के द्वारा मेडिकल कॉलेज बांदा में भर्ती कराया था । इलाज के दौरान आज दिन मंगलवार को उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर पंचनामा करवा कर पोस्टमार्टम के लिए के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली अतर्रा प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार तिवारी ने बताया कि सुनीता पत्नी श्रीप्रकाश त्रिवेदी के द्वारा घरेलू समस्याओं से परेशान होकर सल्फास की गोली खा लिया था जिसको गंभीर अवस्था में मेडिकल कॉलेज बांदा में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान आज उसकी मौत होना बताया गया।

## शराब पीने से व्यक्ति की हुई मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो अतर्रा बांदा।** अतर्रा थाना के अंतर्गत ग्राम सभा नगनेधी निवासी रामदीन पुत्र गोरेलाल उम्र लगभग 55 वर्ष शराब पीने का आदी होना बताया गया है। अत्यधिक शराब पी लेने से उसकी मौत हो गई। उसके परिजनों के द्वारा घटना की जानकारी थाना पुलिस को दिया। पुलिस को जानकारी होने पर मौके में पहुंचकर घटना की जानकारी लिया तथा पंचनामा करवरकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज बांदा के लिए भेजा गया।

## जलशक्ति मंत्री निषाद ने धरना स्थल पहुंचकर भूख हड़ताल कराई समाप्तए मांगों पर स्थिति स्पष्ट नहीं

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, अतर्रा बांदा।** जनपद बांदा में भारतीय किसान यूनियन ;अराजनैतिकद्ध द्वारा चकबंदी विभाग के खिलाफ चकबंदी के दौरान कथित रूप से हुई गंभीर अनियमितताओं को लेकर चलाया जा रहा धरना.प्रदर्शन एवं भूख हड़ताल आंदोलन फिलहाल समाप्त हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश के जलशक्ति मंत्री रामकेश निषाद धरना स्थल पर पहुंचे और भूख हड़ताल पर बैठे किसानों को जूस पिलाकर उनका अनशन समाप्त कराया। आप सभी को ज्ञात हो की

हालांकिए आंदोलन समाप्त होने के पीछे किसानों की कितनी मांगें स्वीकार की गईंए इस संबंध में अभी स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। यह भी स्पष्ट नहीं है कि आंदोलन का समापन शासन.प्रशासन द्वारा दिए गए किसी लिखित आश्वासन के आधार पर हुआ है या फिर मौखिक आश्वासन के बाद किसानों ने अपना आंदोलन समाप्त किया है।

किसान यूनियन के पदाधिकारी और आंदोलन का नेतृत्व कर रहे किसान नेता फिलहाल इन बिंदुओं पर कोई स्पष्ट बयान देने से बच रहे हैं। वहीं समाचार लिखे जाने तक शासन.प्रशासन अथवा किसान नेताओं की ओर से कोई आधिकारिक वक्तव्य जारी नहीं किया गया था।

ऐसे में आंदोलन की समाप्ति और किसानों की मांगों पर हुए संभावित समझौते को लेकर विस्तृत जानकारी का इंतजार किया जा रहा है। आधिकारिक बयान प्राप्त होने के बाद ही पूरे घटनाक्रम की स्पष्ट तस्वीर सामने आ सकेगी।

# चुनाव में टिकट के उम्मीदवार अपना पद छोड़े : रामकिशोर साहू





**. भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष का जगह जगह हुआ भव्य स्वागत**

**. सैकड़ों वाहनों के काफिले के साथ बाँदा पहुँचे क्षेत्रीय अध्यक्ष**

**. काम न करने वालों की पार्टी में कोई जगह नहीं**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, बाँदा।** भाजपा के नव नियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र रामकिशोर साहू का जिले में प्रथम बार आगमन पर जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया गया स क्षेत्रीय अध्यक्ष का सैकड़ों वाहनों का काफिला चित्रकूट से चलकर बदौसा ए अतर्रा होते हुए खुरहंड पहुँचा जहाँ सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने एक कुंटल की माला पहनाकर उनका स्वागत व अभिनन्दन किया स इसके बाद क्षेत्रीय अध्यक्ष का काफिला बाँदा शहर बार्डर में पहुँचा जहाँ हजारों की संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया स तत्पश्चात उनका काफिला अतर्रा चुंगीए बाबूलाल चौराहाए स्टेशन रोडए महाराणा प्रताप चौक होते हुए भाजपा जिला कार्यालय पहुँचा जहाँ जनप्रतिनिधियोंए पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने स्मृतिचिन्हए शाल भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू ने कहा कि आगामी विधान सभा चुनाव 2027 में बाँदा सहित बुंदेलखंड की सभी सीटों पर विजय हासिल करना है इसलिए सभी लोग अभी से तैयारी में लग जायँ । यदि कोई टिकट के दावेदार हों अथवा काम करने में असमर्थ हों वे अपना संगठन का पद छोड़ दें। अब सभी को मेंहनत करने की जरूरत है तभी आगामी चुनाव में शत प्रतिशत सीटों पर जीत हासिल कर पाएंगे स क्षेत्रीय अध्यक्ष ने आगामी 9 जुलाई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित बाँदा कार्यक्रम की सफलता हेतु चर्चा की गई और जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम में सदर विधायक प्रकाश द्विवेदीए नरैनी विधायक ओममणि वर्माए जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल के अलावा जगराम सिंहए संतोष गुप्ताए संजय सिंहए अखिलेश श्रीवास्तवए पुरुषोत्तम पाण्डेयए अशोक त्रिपाठी जीतूएबालमुकुंद शुक्लाए इंद्रपाल पटेलए मालती बासूएअयोध्या सिंह पटेलए निखिल सक्सेनाए ममता मिश्राए वन्दना गुप्ताए उत्तम सक्सेनाए दुर्गा चौरसियाए निर्मला गौतमए दिनेश गुप्ताए संतू गुप्ता सहित सभी जिला पदाधिकारीए मण्डल अध्यक्ष व् प्रभारी मौजूद रहे।

## सक्षम इकाई जनपद बांदा ने मंडलायुक्त से दिव्यांग सेवा केंद्र खोलने की किया माँग



स्वतंत्र भारत ब्यूरो अतर्रा बांदा। आज दिन मंगलवार को सक्षम इकाई जनपद बांद के पदाधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल द्वारा मंडलायुक्त बांदा से शिष्टाचार मुलाकात करते हुए एक ज्ञापन दिया गया। के माध्यम से मांग की गई कि दिव्यांग सेवा केंद्र खोलने के लिए शासन द्वारा एक भवन सक्षम इकाई को आवंटित किया जाय। आप सभी को ज्ञात हो की जिसे मंडलायुक्त द्वारा बड़ी विनम्रता पूर्वक स्वीकार किया गया। मंडलायुक्त से जिले में दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी के रिक्त पद को भरने के लिए भी आग्रह किया गया जिसमें उन्होंने आश्वासन दिया कि वह शीघ्र ही शासन को पत्राचार करेंगे। बहुत ही अच्छे माहौल में मंडलायुक्त द्वारा सक्षम पदाधिकारियों से वार्ता की गई

प्रतिनिधि मंडल में संरक्षक राम सिंह कछुवाहए प्रांतीय कोषाध्यक्ष शांति भूषण सिंह गौतम ए जिला अध्यक्ष शिव चरण तिवारीए मीडिया प्रभारी पी के सिंहए जिला कोषाध्यक्ष अभिषेक सिंहए युवा आयाम प्रमुख कृष्णा सिंहए दिव्यांग मित्र रंजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

# दान चोर गद्दी छोड़ के नारों के साथ कांग्रेस ने निकाला जुलूस

**. दान चोरी के मामले में भाजपा सरकार को घेरा**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,**

**बांदा।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी बांदा के तत्वाधान में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में करोड़ो राम भक्तों के आस्था का प्रतीक राम मन्दिर अयोध्या में करोड़ों रुपये दान चोरी को लेकर जिला कांग्रेस कार्यालय स्टेशन रोड बांदा से दान चोरए गद्दी छोड़ चौकीदार चोर है सैकड़ों की संख्या में जुलूस की शक्ल में शहर के मुख्य मार्गों से छावनीए सब्जीमंडीए शंकर गुरु चौराहा होते हुए माता महेश्वरी देवी चौक पहुंचा।



इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि अयोध्या का राम मन्दिर करोड़ों हिन्दुओं की आस्था का प्रतीक है जिसमें ट्रस्टी के रूप मे अधिकांश संघ व भाजपा के लोग शामिल हैंए जिनके द्वारा राम के नाम पर भूमि खरीद फरोख्त मैं करोड़ों की हेराफेरी व श्रद्धालुओं द्वारा राम मन्दिर चढ़ावा में करोड़ों की चोरी की गईए जिसके ठोस सबूत सी सी टीवी फुटेज पर पाए गए हैंए संघ व भाजपा की मिलीभगत से बड़े पदाधिकारियों को बचाते हुए छोटे कर्मचारियों से 80 लाख की रिकवरी दिखाते हुए उन्हें जेल भेजा गयाए जबकि प्रथम दृष्टया मैं चम्पतरॉयए अनिल मिश्राए और गोविन्द राव दोषी हैंए मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेजा जाए। दान चोरी मामले को लेकर महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा खान एडवोकेटए जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आदित्य कुमारए एआईसीसी रमेश चन्द्र कोरीए पीसीसी पवन देवी कोरीए पूर्व जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे एडवोकेटए जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद इदरीश भाईए डॉ संजय द्विवेदी दनादनए सूरज बाजपेईए जिला महामंत्रीध्मीडिया प्रभारी सत्यप्रकाश द्विवेदी एडवोकेटए आदित्य स्वरूप पांडेयए बुंदेलखंड निर्माण समिति संयोजक रमेश चन्द्र द्विवेदी ने आक्रोशित होकर अपने विचार रखे।

इस अवसर पर प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस आकाश दीक्षितए जिला उपाध्यक्षध्संगठन प्रभारी संकटा प्रसाद त्रिपाठीए राजेन्द्र गर्ग राजा नातीए शोएब रिजवीए कालीचरण निगमए जितेन्द्र गौरवए जिला सचिव बाबूराम यादवए भइयालाल पटेलए हेमन्त कुमार वर्माए कालीचरण साहूए कार्यालय प्रभारी शिवबली सिंहए जिला कंट्रोल रूम प्रभारी बी लाल भाईए बांदा कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदीए व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष रमेश चन्द्र गुप्ताए बबेरू ब्लॉक अध्यक्ष उमाशंकर राजन साहिलए तिंदवारी ब्लॉक अध्यक्ष भागवत प्रसाद द्विवेदीए जसपुरा ब्लॉक अध्यक्ष अशोक सिंह चौहान सिकहुलाए बब्लू द्विवेदीए धीरेन्द्र पांडेय धीरूए डॉ के पी सेनए पूर्व शहर अध्यक्ष राजबहादुर गुप्ताए आरिफ निजामीए लालबाबू राजपूतए सैय्यद वारिस अलीए इस्लाम भाईए राम सनेही गौतमए दिव्यांश वर्माए कुलदीप कुमारए सत्यम सिंहए राहुल पटेलए वेद प्रकाश मिश्राए रफत खान गोगाए छेदीलाल धुरियाए सेवालाल वर्माए रविशंकर धुरियाए कृष्ण गोपाल धुरियाए हरिश्चंद्र बाजपेईए पप्पू नामदेवए मंडल अध्यक्ष रज्जाक खानए सादिक भाईए तुफेल भाईए शब्बीर सौदागर आदि सहित सैकड़ों कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# योगीराज में बदला बांदा, कई बड़ी योजनाओं ने बदल दी जिले की सूरत

**. 9 जुलाई को बांदा आ रहे सीएम योगी**

**. विकास और निवेश की कई परियोजनाओं को मिलेगी रफ्तार**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, बांदा।** बुंदेलखंड का हृदय स्थल कहा जाने वाला ऋषि वामदेव की नगरी बांदा अब अपने पुराने पिछड़ेपन की पहचान को पीछे छोड़ते हुए उत्तर प्रदेश के एक बड़े औद्योगिक और बुनियादी ढांचे के केंद्र के रूप में उभर रहा है। आगामी 9 जुलाई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बांदा दौरा प्रस्तावित है। जिसको लेकर पूरे प्रशासनिक अमले और संगठन में भारी हलचल है। मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों के तहत मंडलायुक्त अजीत कुमारए जिलाधिकारी बांदा अमित आसेरी सभी विभागों का नेतृत्व कर तैयारी में जुटे हुए हैं नगर पालिकाए लोक निर्माण विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा शहर के प्रमुख मार्गों ;कालूकुआंए मवई चौराहाए बिजलीखेड़ाद्ध को अतिक्रमण मुक्त और सुव्यवस्थित किया जा रहा है। योगी सरकार के कार्यकाल में बांदा में स्वास्थ्यए सड़कए कनेक्टिविटीए स्वच्छ ऊर्जा और विशेषकर सिंचाई के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव हुए हैं। मुख्यमंत्री के इस महत्वपूर्ण दौरे से पहले स्थानीय स्तर पर जिले में हुए बड़े नीतिगत और जमीनी बदलावों की चर्चा चरम पर है।



बांदा को भविष्य का महानगर बनाने के लिए सरकार ने मास्टर प्लान 2031 में बांदा के औद्योगिक गलियारे को विशेष स्थान दिया है। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के किनारे जमालपुर और महोखर गांवों में करीब 576 हेक्टेयर भूमि पर विशाल औद्योगिक गलियारा विकसित किया जा रहा है। जिसके लिए सरकार ने प्रारंभिक दौर में 25 करोड़ रूपए आवंटित कर भूमि खरीद प्रक्रिया तेज कर दी है। जिससे श्वीड़ाश् ;ठप्क्।द्ध की तर्ज पर बांदा का यह विस्तार आने वाले समय में हजारों स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और बड़े उद्योगपतियों के लिए निवेश का सबसे पसंदीदा केंद्र बनेगा। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के निर्माण ने बांदा को सीधे देश की राजधानी दिल्ली और राज्य की राजधानी लखनऊ के व्यापारिक गलियारे से जोड़ दिया है। स्थानीय स्तर पर शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए हाल ही में किरन कॉलेज चौराहे से बाबूलाल चौराहे तक 23९88 करोड़ रुपए की लागत से सड़क चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण परियोजना का काम शुरू किया गया है जो शहर को जाम से मुक्ति दिलाएगा और स्थानीय व्यापार को गति देगा। स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में कभी रेफरल सेंटर पर निर्भर रहने वाला बांदा आज राजकीय मेडिकल कॉलेज के माध्यम से पूरे मंडल को आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं दे रहा है क्योंकि योगी सरकार में यहां की सुविधाओं को दुरुस्त करने व बढ़ाने का काम किया गया है। इसके अलावाए मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट श्ऑपरेशन कायाकल्पश् के जरिए सुदूर ग्रामीण इलाकों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने का काम किया गया है। बांदा और महोबा के सूखाग्रस्त इलाकों के लिए वरदान साबित हुई श्अर्जुन सहायक परियोजनाश् पूरी हो चुकी है। इस ऐतिहासिक सिंचाई परियोजना से बांदा के मटौंध क्षेत्र के हजारों हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि को सिंचाई के लिए पानी मिलना शुरू हो गया हैए जिसने यहाँ के अन्नदाताओं की फसल उत्पादन क्षमता और जमीन की कीमत दोनों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी की है। पर्यावरण और बिजली की आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाते हुए बांदा में अवाडा ग्रुप ;।अंकं ळतवनचद्ध के माध्यम से 70 मेगावाट का विशाल सोलर पावर प्रोजेक्ट क्रियान्वित किया गया है। यह ग्रीन एनर्जी प्रोजेक्ट बुंदेलखंड के विकास में एक नया और आधुनिक अध्याय जोड़ रहा है। मुख्यमंत्री के 9 जुलाई के वीवीआईपी दौरे को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य किला बना दिया गया है। पुलिस उप महानिरीक्षक राजेश एसए पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में लगातार प्रतिदिन अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज अपनी पूरी टीम के साथ शहर में सुरक्षा व्यवस्था को सुचारू ढंग से बनाने के लिए पैदल गस्त कर रहे हैं।अधिकारियों के मुताबिक सुरक्षा व्यवस्था को पांच चक्रों में बांटा गया है। जिसमे 3000 से अधिक पुलिसकर्मी और 50 से ज्यादा इंस्पेक्टर मुस्तैद रहेंगे। हेलीपैड से लेकर जनसभा स्थल की सुरक्षा का खाका खुद उच्चाधिकारियों द्वारा तैयार किया गया है। बांदा वासियों को पूरी उम्मीद है कि मुख्यमंत्री अपने इस दौरे पर जिले को कुछ और नई विकास परियोजनाओं व सौगातों की बड़ी घोषणा कर सकते हैं।

### पुरानी रंजिश में घर पर हमला, चार ग्रामीणों पर केस दर्ज

विजयीपुर, फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के संगोलीपुर गरीबदास का डेरा (मजरा गढ़ा) में पुरानी रंजिश को लेकर लाठी-डंडों से लैस चार ग्रामीणों ने एक व्यक्ति के घर पर धावा बोलकर मारपीट की। पीड़ित रामशिलोचन ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि 6 जुलाई की रात जब वह परिवार के साथ बैठे थे, तभी गांव के राजबहादुर, अखिलेश, सरवन और सिमराज ने दरवाजे पर आकर हमला कर दिया, जिससे वह बेहोश हो गए और आरोपी जाते-जाते जान से मारने की धमकी दे गए। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना उपनिरीक्षक सुमित तिवारी को सौंप दी है।

### डीएम ने डूडा व नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

**- वर्षाकाल में व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने को कहा**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, फतेहपुर।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में डूडा एवं नगरीय निकायों से संबंधित महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों में संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की। वर्षा ऋतु के दृष्टिगत उन्होंने समस्त अधिशाषी अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि वे गौशालाओं का नियमित निरीक्षण कर वहां जलभराव न होने दें, साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें तथा भरण-पोषण सामग्री की गुणवत्ता समय-समय पर जांचते रहें। इसके अतिरिक्त, शहरी क्षेत्रों में जलभराव रोकने, चूने व एंटी-लार्वा स्प्रे का छिड़काव करने, पेयजल शुद्धिकरण की दवाएं सुनिश्चित करने तथा निर्बाध जलापूर्ति हेतु जनरेटर जैसी वैकल्पिक ऊर्जा व्यवस्था तैयार रखने के निर्देश दिए गए।
जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण अभियान 2026-27 के तहत लक्ष्य के अनुरूप पौधों का उठान कर उनकी जियो-टैगिंग सुनिश्चित करने तथा वेंडिंग जोन व लीगल टैक्सी स्टैंड के लिए स्थान चिह्नित करने को कहा। उन्होंने फैमिली आईडी के कार्य में तेजी लाने के निर्देश देते हुए श्प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 1.0श् के अंतर्गत अपूर्ण आवासों को जल्द से जल्द पूरा कराकर उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही, श्प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0श् के तहत प्राप्त नए आवेदनों का त्वरित निस्तारण करने को कहा ताकि पात्रों को समय से लाभ मिल सके। इस गरिमामयी बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व), प्रभारी अधिकारी डूडा, वरिष्ठ कोषाधिकारी, अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी तथा समस्त अधिशाषी अधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# राम मंदिर चढ़ावा विवाद पर कांग्रेस का प्रदर्शन, उच्च न्यायालय से जांच की मांग

**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में कथित रूप से चढ़ावे की चोरी और वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े प्रकरण को लेकर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को फतेहपुर की सड़कों पर विरोध-प्रदर्शन आयोजित किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं ने एकजुट होकर स्थानीय हरिहरगंज क्रॉसिंग से कलेक्ट्रेटगंज स्थित शिव मंदिर तक सद्बुद्धि यात्रा निकाली। यात्रा के दौरान प्रदर्शनकारियों ने भाजपा सरकार की नीतियों के विरोध में नारेबाजी की और इस प्रकरण की पारदर्शिता के साथ उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग को लेकर प्रशासन को घेरा।
सद्बुद्धि यात्रा के समापन के अवसर पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने सरकार पर तीखे राजनीतिक प्रहार किए। कहा कि श्रीराम मंदिर में चढ़ावे की विसंगति का यह गंभीर मामला देश-विदेश के करोड़ों सनातनी श्रद्धालुओं की अटूट धार्मिक आस्था और जनभावनाओं से सीधा जुड़ा हुआ है, किंतु अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार इस अति-महत्वपूर्ण विषय पर जनता को स्पष्ट जवाब देने के बजाय पूर्णतः मौन साधे हुए है। उन्होंने जोर देकर कहा कि समस्त पूजनीय धार्मिक स्थलों की गरिमा, सुचिता और वित्तीय पारदर्शिता को अक्षुण्ण बनाए रखना शासन का संवैधानिक दायित्व है, इसलिए इस पूरे घोटाले की निष्पक्षता से जांच कराकर संलिप्त दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की होनी चाहिए।
इसी क्रम में शहर कांग्रेस अध्यक्ष मो. आरिफ गुड्डा ने बिना किसी आधिकारिक प्राथमिकी के सीधे एसआईटी का गठन करने की प्रक्रिया पर गंभीर विधिक सवाल उठाए और इसे मामले की लीपापोती करने तथा वास्तविक सच को दबाने का एक प्रशासनिक प्रयास करार दिया। उन्होंने पुरजोर मांग की कि जनमानस में अविश्वास को समाप्त करने के लिए इस पूरे प्रकरण की विस्तृत विधिक जांच माननीय उच्च न्यायालय के तीन सदस्यीय पीठ की प्रत्यक्ष निगरानी में कराई जानी चाहिए।
साथ ही उन्होंने मंदिर की संपूर्ण आंतरिक व्यवस्था व कोष का प्रबंधन देश के चारों पूज्य शंकराचार्यों तथा अयोध्या के प्रतिष्ठित एवं निष्पक्ष महंतों की एक संयुक्त परिषद को सौंपने की वकालत की। इस प्रदर्शन और यात्रा में प्रमुख रूप से शेख एजाज अहमद, राजेंद्र लोधी, प्रदेश सचिव शोभा दुबे, रेखा पासवान, राजीव लोचन निषाद, प्रवक्ता ई. देवी प्रकाश दुबे, कलीम उल्ला सिद्दीकी, मनोज घायल, ओम प्रकाश कोरी, अजय बच्चा, बशीर अहमद, कौशल कुमार शुक्ला, नियाज़ुद्दीन, अब्दुल रज्जाक, अमीरुलजमा खान, सैयद सहाब अली, रमजान अहमद, सूरज पटेल, राजीव श्रीवास्तव, आफताब ललौली, कल्लू कोरी, शैलेंद्र सिंह, शमशाद अहमद, निजाम राइन, हम्माद हुसैन, मनोज सविता तथा अब्दुल हफीज आदि उपस्थित रहे।



# फतेहपुर को विश्वविद्यालय की सौगात, उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नया इतिहास



**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा राज्य में तीन नए विश्वविद्यालयों की स्थापना की घोषणा के साथ ही फतेहपुर जनपद को ठाकुर युगराज सिंह विश्वविद्यालय (टीवाईएस यूनिवर्सिटी) के रूप में एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक सौगात प्राप्त हुई है। शासन द्वारा इस विश्वविद्यालय की स्थापना को स्वीकृति दिए जाने से संपूर्ण जिले में हर्ष की लहर व्याप्त है तथा इसे क्षेत्र में उच्च शिक्षा के परिदृश्य को बदलने वाला एक युगांतकारी कदम माना जा रहा है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के फलस्वरूप अब फतेहपुर और उसके समीपवर्ती जनपदों के विद्यार्थियों को तकनीकी, शोधपरक एवं रोजगारपरक उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए महानगरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ेगा, बल्कि उन्हें स्थानीय स्तर पर ही वैश्विक स्तर की आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं सुलभ हो सकेंगी।
यूनिवर्सिटी के चांसलर अभय प्रताप सिंह उर्फ पप्पू भैया ने संवाददाताओं से वार्ता करते हुए इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि यह विश्वविद्यालय केवल एक परंपरागत शिक्षण संस्थान मात्र नहीं होगा, बल्कि यह क्षेत्र के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की एक सुदृढ़ आधारशिला सिद्ध होगा। उन्होंने इस बात को विशेष रूप से रेखांकित किया कि संस्थान के अंतर्गत आधुनिक तकनीक, उन्नत शोध, नवाचार और पूर्णतः रोजगारपरक पाठ्यक्रमों के संचालन पर विशेष बल दिया जाएगा, ताकि ग्रामीण व अर्ध-शहरी पृष्ठभूमि से आने वाले छात्र भी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पटल पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकें।
चांसलर ने संस्थान की विकास यात्रा का स्मरण करते हुए बताया कि वर्ष 2005 में एक लघु पौधे के रूप में प्रारंभ हुई शिक्षा की यह अविरल यात्रा आज समाज, समर्पित शिक्षकों, निष्ठावान कर्मचारियों, विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं सहयोगियों के सामूहिक पुरुषार्थ और भगीरथ प्रयासों के कारण एक विशाल वटवृक्ष का रूप ले चुकी है। उन्होंने दृढ़तापूर्वक कहा कि विश्वविद्यालय प्रबंधन का मूल उद्देश्य केवल डिग्रियां बांटना नहीं है, अपितु राष्ट्र निर्माण के प्रति पूर्णतः समर्पित, सुसंस्कारित, नैतिक मूल्यों से ओत-प्रोत और दक्ष नागरिकों को तैयार करना है, जो समाज एवं देश के सर्वांगीण विकास में अपनी महती व सकारात्मक भूमिका का निर्वहन कर सकें। इस दौरान बोर्ड सलाहकार सदस्य इं. निखिल सचान भी उपस्थित रहे।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार बड़े भाई की मौत, छोटा भाई गंभीर

फतेहपुर। बिंदकी कस्बा व थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मोहल्ला बनजतं में सोमवार की देर रात एक अनियंत्रित और अत्यधिक तेज रफ्तार पिकअप वाहन की सीधी टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय नागरिकों की मदद से आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां तैनात चिकित्सकों ने परीक्षण के उपरांत बड़े भाई को मृत घोषित कर दिया, जबकि छोटे भाई की नाजुक स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दुर्घटना का शिकार हुए भाई संतोष पासवान (35 वर्ष) पुत्र कैलाश तथा उनका छोटा भाई सर्वेश (28 वर्ष), जनपद के ग्राम हाफिजपुर हरीकरण के निवासी थे। पुलिस शव को कब्जे में लेकर विधिक जांच प्रारंभ कर दी। अस्पताल के डॉक्टरों ने संतोष पासवान को मृत घोषित करने के उपरांत गंभीर रूप से घायल सर्वेश को प्राथमिक उपचार देकर तुरंत मेडिकल जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।परिजनों ने अवगत कराया कि संतोष पासवान अपने छोटे भाई सर्वेश के साथ मोटरसाइकिल से अपने ससुराल गढ़वा गांव में आयोजित तेरहवीं संस्कार में सम्मिलित होने गए थे, और वहां से वापस अपने पैतृक गांव हाफिजपुर हरीकरण लौटते समय रास्ते में इस भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गए।

### डीएम ने स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण का किया शुभारंभ, शिक्षक सम्मानित

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। जनपद में शिक्षा की अलख जगाने और प्रत्येक बालक-बालिका को अनिवार्य रूप से औपचारिक शिक्षा प्रणाली से जोड़ने के ध्येय से सरदार पटेल प्रेक्षागृह में अत्यंत उल्लासपूर्ण वातावरण में स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण का शुभारंभ किया गया। इस गरिमामयी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर सत्र का उद्घाटन किया और इसके पश्चात हरी झंडी दिखाकर शिक्षकों की एक वृहद स्कूटी जागरूकता रैली को गंतव्य के लिए रवाना किया।
जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने स्पष्ट किया कि शिक्षा ही किसी भी राष्ट्र अथवा समाज के विकास की सबसे सुदृढ़ और प्राथमिक नींव होती है, इसलिए यह सुनिश्चित करना हम सभी का परम और सामूहिक उत्तरदायित्व है कि जनपद का कोई भी बच्चा विद्यालय जाने से वंचित न रह जाए। उन्होंने कायाकल्प योजना की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्तमान में परिषदीय विद्यालयों को सभी प्रकार की आधुनिक बुनियादी सुविधाओं से सुसज्जित कर दिया गया है और अब शिक्षकों का उत्तरदायित्व है कि वे घर-घर जाकर अभिभावकों को जागरूक करें तथा शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करें। कहा कि शिक्षक का कार्य केवल पाठ्यपुस्तकें पढ़ाना नहीं, अपितु बच्चों में श्रेष्ठ संस्कार, अनुशासन और एक आदर्श नागरिक बनने के गुणों का बीजारोपण करना भी है, जिससे शिक्षित होकर बच्चे पूरे समाज के विकास का आधार बनते हैं।
मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने राजकीय विद्यालयों में पठन-पाठन के लगातार सुधरते स्तर की सराहना की तथा शिक्षकों से शिक्षण की गुणवत्ता के साथ-साथ विद्यालयों में बच्चों की दैनिक नियमित उपस्थिति पर विशेष ध्यान देने की अपील की। वहीं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रिंस मौर्या ने आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन के कुशल मार्गदर्शन में पूरी टीम भावना के साथ इस अभियान को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाया जाएगा और शत-प्रतिशत नामांकन के लक्ष्य को हर हाल में प्राप्त किया जाएगा। कार्यक्रम के अत्यंत महत्वपूर्ण पड़ाव में जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक विकास खंड में सर्वाधिक नामांकन कराने वाले उत्कृष्ट शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति स्वरूप एक-एक पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया, तथा नवनामांकित नन्हे बच्चों को उपहार प्रदान कर उनके उज्ज्वल शैक्षणिक भविष्य की मंगलकामना की गई। इस आयोजन में खंड शिक्षा अधिकारी, भारी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा शिक्षा विभाग के आला अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

**नथिंग ने पेश किया फोन 4बी**

**कानपुर।** लंदन की कंज्यूमर टेक्नोलॉजी ब्रांड नथिंग ने आज फोन 4बी से पर्दा उठा दिया। यह बी सीरीज का पहला स्मार्टफोन है और नथिंग के प्रोडक्ट इकोसिस्टम में एंट्री करने वालों के लिए एक नया विकल्प है। फोन 4ए सीरीज़ की कामयाबी को आगे बढ़ाते हुए फोन 4बी में नथिंग का सिग्नेचर डिज़ाइन, दमदार रोज़मर्रा की परफॉर्मेंस, समझदार सॉफ्टवेयर और लंबे समय तक भरोसे का शानदार मेल मिलता है। इसके साथ एसेंशियल एआई टूल्स भी मिलते हैं। वहीं इन दोनों वेरिएंट्स का अधिकतम खुदरा मूल्य 34,9 रुपये और 38,9 रुपये रखा गया है। फोन की बिक्री 14 जुलाई से शुरू होगी। यह फ्लिपकार्ट के अलावा प्रमुख रिटेल पार्टनर्स जैसे कि क्रोमा, रिलायंस डिजिटल और विजय सेल्स पर भी उपलब्ध होगा। आईपीएल फ्रेंचाईजी आरसीबी के मेन टाइटल स्पॉन्सर होने और क्लब के ऐतिहासिक दूसरे आईपीएल खिताब का जश्न मनाने के लिए नथिंग ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ मिलकर फोन आरसीबी एडिशन पेश किया है। यह एक्सक्लूसिव लाल रंग, खास आरसीबी ब्रांडिंग और कलेक्टर्स एडिशन पैकेजिंग के साथ आएगा। यह आरसीबी के साथ किसी आधिकारिक स्मार्टफोन साझेदारी का पहला मॉडल है।

### बाईपास व 7 पुलों से होगा जहानाबाद का विकास- विधायक

बिंदकी, फतेहपुर। जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र के खजुहा कस्बा में बाईपास का निर्माण कराया जाएगा, साथ ही गंगा, यमुना, रिंद और पांडु नदियों पर विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर 7 पक्के पुलों का निर्माण कर क्षेत्र का ऐतिहासिक विकास किया जाएगा। यह घोषणा भाजपा विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने अपने कैंप कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान की। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के साथ वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना बैठक में इन विकास कार्यों को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार आगामी 15 अगस्त तक इन सभी स्वीकृत कार्यों का शिलान्यास कर धरातल पर निर्माण शुरू करा दिया जाएगा।
विधायक ने बताया कि यमुना नदी पर जाफरगंज-बिंदौर मार्ग से इछावर-बांदा मार्ग तथा मऊ देव बारा से गलौली घाट पर पक्के पुल बनेंगे। इसके अतिरिक्त गंगा नदी पर शिवराजपुर, पांडु नदी पर गलाथा-वेरी नारी मार्ग, तथा रिंद नदी पर खूंटा-चरई व अरगल-जूड़ा खेड़ा के मध्य पुलों का निर्माण होगा। साथ ही क्षेत्र में 50 से अधिक संपर्क मार्गों का चैड़ीकरण, दो दर्जन से अधिक मंदिर मार्गों का विकास, विभिन्न नहरों-नालों पर 10 लघु सेतु तथा फैक्ट्रियों को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग व सड़क सुरक्षा के कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार में क्षेत्र का चहुंमुखी विकास जारी है। इस दौरान भाजपा नेता शिंपू शिवहरे, अभय प्रताप सिंह, डॉ. जितेंद्र प्रजापति, श्रेयांश गुप्ता, अरुण शुक्ला व राम जी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# भूमि खरीद में 44.30 लाख की जालसाजी, पीड़िता ने सब-रजिस्ट्रार से की शिकायत

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। राधानगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम झाऊपुर की निवासिनी लक्ष्मी देवी के साथ भूमि क्रय-विक्रय के नाम पर 44 लाख 30 हजार रुपये की धोखाधड़ी का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता ने उप-निबंधक (सब-रजिस्ट्रार) को एक औपचारिक शिकायती पत्र सौंपकर अवगत कराया है कि जालसाजों के एक संगठित गिरोह ने एक अज्ञात फर्जी महिला को खड़ा कर और जाली आधार कार्ड व कूटरचित दस्तावेजों के सहारे ग्राम कुसुम्भी (परगना हसवा, तहसील व जिला फतेहपुर) स्थित गाटा संख्या 3137, कुल रकबा 1.2548 हेक्टेयर भूमि का एक अवैध विक्रय पत्र बीती 23 जून 2026 को सब-रजिस्ट्रार कार्यालय में धोखाधड़ी से पंजीकृत करा लिया। इस सौदे के एवज में पीड़िता से आरटीजीएस, यूपीआई और नकद माध्यमों से कुल 44.30 लाख रुपये की मोटी रकम विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर कराकर हड़प ली गई, जिसे आरोपियों ने तुरंत खातों से निकालकर फरार हो गए।
लक्ष्मी देवी को इस गंभीर जालसाजी का पता तब चला जब वह उक्त क्रय की गई भूमि पर भौतिक कब्जा लेने पहुंचीं, जहां स्थानीय ग्रामीणों और वास्तविक महिला भूमि स्वामिनी ने स्पष्ट किया कि रजिस्ट्री डीड पर लगी तस्वीर उनकी नहीं है, बल्कि किसी अन्य महिला ने स्वयं को झूठा विक्रेता दर्शाकर यह फर्जीवाड़ा किया है। पीड़िता ने इस आपराधिक साजिश में मुख्य रूप से अरविंद त्रिपाठी, अनुपम द्विवेदी, धर्मेंद्र तथा कुछ अन्य अज्ञात व्यक्तियों की संलिप्तता का सीधा आरोप लगाते हुए बताया कि सभी आरोपी वर्तमान में फरार हैं। पीड़िता ने उप-निबंधक से अत्यंत भावुक गुहार लगाई है कि वास्तविक भूमि स्वामिनी द्वारा इस विवादित गाटा संख्या की भूमि को पुनः किसी अन्य पक्ष को बेचे जाने की प्रबल आशंका है, अतः इस खसरा संख्या से संबंधित किसी भी नए हस्तांतरण या विक्रय विलेख के पंजीकरण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए तथा मामले की समस्त प्रामाणिक सूचना पुलिस के उच्चाधिकारियों को प्रेषित कर विस्तृत जांच कराई जाए जिससे उन्हें न्याय मिल सके।

# अपना दल (अ) की बैठक में रणनीति पर मंथन, निष्क्रिय पदाधिकारी पदमुक्त

**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में चित्रांश नगर स्थित पार्टी के मुख्य कार्यालय में जिला इकाई की एक अत्यंत महत्वपूर्ण मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस संगठनात्मक बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शैलेंद्र पटेल ने की तथा कुशल संचालन अरुण पटेल द्वारा किया गया। बैठक का मुख्य एजेंडा संगठन की आंतरिक संरचना का विस्तार, आगामी विधानसभा चुनाव हेतु मिशन 2027 की सूक्ष्म रणनीति तैयार करना तथा क्षेत्र की जनहित से जुड़ी विभिन्न गंभीर समस्याओं पर व्यापक विचार-विमर्श करना था। इस दौरान दल की अनुशासन समिति ने कड़ा रुख अपनाते हुए पार्टी की महत्वपूर्ण गतिविधियों और लगातार बैठकों से बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने वाले निष्क्रिय पदाधिकारियों की समीक्षा की और उन्हें तत्काल प्रभाव से पदमुक्त करने का एक बड़ा निर्णय लिया।
जिलाध्यक्ष शैलेंद्र पटेल ने कहा कि धरातल पर संगठन की सुदृढ़ता ही आगामी विधानसभा चुनाव में हमारी विजय का मुख्य आधार बनेगी, अतः सभी कार्यकर्ता अविलंब बूथ स्तर तक जाकर संगठन को सक्रिय और ऊर्जावान बनाएं तथा जनता की दैनिक समस्याओं को प्रशासन के समक्ष प्रमुखता से उठाएं। बैठक में ग्रामीण अर्थव्यवस्था और किसानों के मुद्दों को पुरजोर ढंग से उठाया गया, जिसके अंतर्गत बिजली विभाग से ग्रामीण अंचलों में कम से कम 18 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की गई। इसके साथ ही, सोसायटियों में मुख्य उर्वरकों के साथ किसानों को अनावश्यक रूप से जिंक सल्फेट खरीदने के लिए मजबूर करने की विभागीय नीति पर तीव्र रोष और चिंता व्यक्त की गई।
जिला उपाध्यक्ष संस्कृति मंच गुलाब सिंह ने अवगत कराया कि सथरियांव पावर हाउस क्षेत्र में बिजली के केबल बॉक्स खुले होने तथा आवश्यक सुरक्षा उपाय न किए जाने के कारण किसी भी समय कोई बड़ा और अप्रिय हादसा हो सकता है। वहीं, जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह राणा ने खंभापुर रघुवंशपुरम में मुख्य मार्ग न होने के कारण स्थानीय नागरिकों और राहगीरों के आए दिन चोटिल होने का गंभीर मुद्दा उठाते हुए वहां अविलंब पक्की सड़क निर्माण की मांग रखी। इस उच्च स्तरीय राजनैतिक बैठक में प्रमुख रूप से शिवशंकर पटेल, रमेश सिंह पटेल, बृजेश पाल, राजबहादुर पासवान, विपिन कौशल, पदम सिंह पटेल, दीपू पटेल, शिवप्रकाश रावत, हेमंत पटेल, दिलदार अली, आशीष पटेल, सर्वेश पटेल, डॉ. एन.आर. शर्मा, कांति कुशवाहा, कांति चैहान, अर्चना दुबे, ऋतिक उत्तम और सीता यादव आदि उपस्थित थे।

## खबर एक नज़र

### डीएम ने बिलंदपुर व कांधी विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण, दिए कड़े निर्देश

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। जनपद में बुनियादी शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, अनुशासित एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स एवं मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने मंगलवार को विकास खंड तेलियानी के अंतर्गत आने वाले कंपोजिट विद्यालय बिलंदपुर तथा प्राथमिक विद्यालय कांधी का औचक निरीक्षण किया। इस संयुक्त निरीक्षण के दौरान दोनों शीर्ष अधिकारियों ने विद्यालय की मूलभूत शिक्षण व्यवस्था, छात्र-छात्राओं की वास्तविक उपस्थिति, मिड-डे मील की स्वच्छता व गुणवत्ता, महत्वपूर्ण अभिलेखों के रखरखाव तथा अन्य शैक्षणिक गतिविधियों का अत्यंत सूक्ष्मता से परीक्षण किया। किसी भी स्तर पर पाई गई शिथिलता को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने उपस्थित शिक्षकों को कड़े लहजे में निर्देशित किया कि क्षेत्र का कोई भी बच्चा शिक्षा की मुख्यधारा से वंचित नहीं रहना चाहिए।
कंपोजिट विद्यालय बिलंदपुर में निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बाल वाटिका का अवलोकन कर नन्हे बच्चों से अत्यंत आत्मीय संवाद स्थापित किया और इसके पश्चात कक्षा तीन के विद्यार्थियों से शैक्षणिक गुणवत्ता परखने हेतु संवाद किया। उन्होंने विद्यालय प्रभारी से मिड-डे मील की दैनिक स्थिति की जानकारी ली तथा छात्र उपस्थिति पंजिका व कॉलिंग रजिस्टर सहित अन्य प्रशासनिक अभिलेखों की गहनता से जांच की। जिलाधिकारी ने शिक्षकों को पाबंद किया कि वे नियमित रूप से अनुपस्थित रहने वाले बच्चों के अभिभावकों से सीधा संपर्क स्थापित करें और प्रत्येक संपर्क का पूरा विवरण कॉलिंग रजिस्टर में अनिवार्य रूप से दर्ज करें। इसके उपरांत प्राथमिक विद्यालय कांधी के निरीक्षण में अधिकारियों ने कक्षा एक के बच्चों से गिनती और पहाड़ा सुनकर उनकी शैक्षणिक क्षमता का परीक्षण किया, जहां बच्चों द्वारा सही उत्तर दिए जाने पर उन्होंने गहरी प्रसन्नता व्यक्त की। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित शिक्षा विभाग के अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### विकास भवन में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के निःशुल्क कोचिंग सत्र का शुभारंभ

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत संघ लोक सेवा आयोग, राज्य लोक सेवा आयोग सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे प्रतिभावान एवं आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं के लिए मंगलवार को विकास भवन सभागार में नवीन निःशुल्क कोचिंग सत्र 2026-27 का विधिवत शुभारंभ किया गया। मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और माल्यार्पण कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया, जिसमें जनपद के चयनित कुल 210 मेधावी प्रतियोगी अभ्यर्थियों ने अत्यंत उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। शासन की इस अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण व कस्बाई क्षेत्र के होनहार छात्रों को स्थानीय स्तर पर ही उच्च स्तरीय और गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित अभ्यर्थियों को सफलता के मूल मंत्र देते हुए समय का सर्वोत्तम सदुपयोग करने, पूर्ण अनुशासन के साथ अध्ययन करने तथा नियमित रूप से आत्म-मूल्यांकन करने का आह्वान किया। उन्होंने छात्रों को व्यावहारिक सलाह दी कि वे विगत वर्षों के प्रश्नपत्रों का गहन विश्लेषण करें, इंटरनेट व सोशल मीडिया का उपयोग केवल ज्ञानवर्धन के लिए करें तथा समूह चर्चा के माध्यम से विषयों को स्पष्ट करें। इस अवसर पर छात्रों ने तैयारी के दौरान आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों पर सीधे प्रश्न भी पूछे, जिनका मुख्य विकास अधिकारी ने अत्यंत सरल और व्यावहारिक ढंग से उत्तर देकर उनका मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, डायट प्राचार्य, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, नवनियुक्त खंड विकास अधिकारी व राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य ने भी समय प्रबंधन और सफलता के सूत्रों पर विस्तार से चर्चा की तथा अंत में जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

**- खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई**

### तीन जगह छापेमारी, एक्सपायर्ड सॉस सीज

फतेहपुर। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन तथा जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स के आदेश पर सहायक आयुक्त बी.एस. कुशवाहा के नेतृत्व में मंगलवार को जनपद में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इसके तहत टीम ने देवीगंज स्थित श्सोम ट्रेडर्सश् से सॉस का नमूना लेते हुए 20 लीटर एक्सपायर्ड चिली सॉस सीज कर दिया; वहीं चैडगरा स्थित श्अर्जुन स्वीट्सश् से दूध व बेसन के नमूने लेकर संचालक को स्वच्छता में सुधार हेतु कड़ा इंप्रूवमेंट नोटिस जारी किया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुश्री अनुराधा कुशवाहा, धीरज दीक्षित, सिद्धार्थ कुमार और दिनेश चन्द्र की टीम द्वारा संग्रहित इन सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया गया है, जिसकी रिपोर्ट आने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के तहत आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### राहगीरों से अभद्रता करने वाले हिस्ट्रीशीटर पर मुकदमा

विजयीपुर, फतेहपुर। किशनपुर थाना पुलिस ने कस्बा में राहगीरों से गाली-गलौज व अभद्रता करने और रोकने पर पुलिस टीम को जान से मारने की धमकी देने वाले शातिर हिस्ट्रीशीटर इंद्रजीत उर्फ टिर्रा (निवासी रामपुर) के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। एफआईआर के अनुसार, 6 जुलाई की शाम शराब के नशे में धुत आरोपी द्वारा भय का माहौल बनाने और पुलिस से उलझने का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसके बाद उपनिरीक्षक जगदीश प्रसाद मिश्र की तहरीर पर बीएनएस और आपराधिक कानून संशोधन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना उपनिरीक्षक इंद्रपाल सिंह को सौंपी गई है।

### सर्व फॉर ह्यूमेनिटी फाउंडेशन ने दुर्लभ रक्त देकर बचाई महिला की जान

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। चिकित्सालयों में जीवन और मौत से जूझ रहे गंभीर मरीजों की सहायता के लिए सर्व फॉर ह्यूमेनिटी फाउंडेशन ने एक बार फिर अनुकरणीय मानवता और निस्वार्थ सामाजिक सेवा की अनूठी मिसाल पेश की है। संस्था के सात जागरूक सदस्यों ने स्वेच्छा से मानस रक्त केंद्र पहुंचकर गंभीर रूप से बीमार मरीजों के लिए रक्तदान किया, जिसमें एक अत्यंत दुर्लभ एबी नेगेटिव रक्त समूह का जीवनरक्षक रक्तदान भी सम्मिलित रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार शादिपुर की निवासिनी नूरजहां पत्नी स्व. नसीम अहमद शहर के एक निजी चिकित्सालय शांति मिशन में अत्यंत नाजुक स्थिति में भर्ती थीं, जिन्हें चिकित्सकों ने जीवन रक्षा हेतु तत्काल अत्यंत दुर्लभ एबी नेगेटिव रक्त की व्यवस्था करने की सलाह दी थी, जिसके कारण पीड़ित परिजन अत्यंत परेशान थे।
जैसे ही पीड़ित महिला की इस गंभीर स्थिति और रक्त की आवश्यकता की सूचना सर्व फॉर ह्यूमेनिटी फाउंडेशन के आधिकारिक व्हाट्सएप ग्रुप में साझा की गई, संस्था के सक्रिय सदस्य एवं राष्ट्रीय लोक दल के क्षेत्रीय महासचिव आकाश सिंह भदौरिया बिना एक क्षण गंवाए तत्काल मानस रक्त केंद्र पहुंचे और अपना अत्यंत दुर्लभ एबी नेगेटिव रक्त दान कर महिला मरीज को नया जीवनदान दिया। आकाश सिंह भदौरिया की इस त्वरित मानवीय पहल से प्रेरित होकर संस्था के अन्य सक्रिय सदस्यों, जिनमें मो. मुस्तबा सिद्दीकी, मोहम्मद हशान, अब्दुल फरहद, अब्दुल अशफाक, जगदीश और राहुल कुमार यादव शामिल रहे, ने भी तत्परता से रक्तदान कर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन किया। इस अभियान के सफल समापन पर मानस रक्त केंद्र के प्रभारी ने सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया, जहां उत्तम उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष मनोज साहू, संस्था के अनीश अहमद व गुरमीत सिंह तथा रक्त केंद्र से अमन यादव, अनामिका और विष्णु आदि उपस्थित रहे ।

### दहेज हत्या के दोषी पति व सास को 7-7 साल की जेल

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। जनपद में दहेज उत्पीड़न और नवविवाहिता की संदिग्ध मृत्यु के एक गंभीर मामले में पुलिस प्रशासन को ऑपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत एक बड़ी कानूनी सफलता प्राप्त हुई है। न्यायालय ने मामले की प्रभावी विवेचना और अभियोजन पक्ष की सुदृढ़ पैरवी के आधार पर मृतका के दोषी पति और सास को दहेज हत्या का अपराधी करार देते हुए 07-07 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है, तथा दोनों अपराधियों पर पच्चीस-पच्चीस हजार रुपये का अर्थदंड भी आरोपित किया है।

# सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए संकेतक चेतावनी बोर्ड स्पीड लिमिट रिफ्लेक्टर रोड मार्किंग कराई जाए

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**फर्रुखाबाद।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें जिलाधिकारी डॉक्टर अंकुर लाठर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के के लिए प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए

बैठक में जनपद में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा सड़क सुरक्षा संबंधी विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक में एम्बुलेंस एवं आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता तथा दुर्घटना पीड़ितों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने पर भी चर्चा की गई।



सड़क सुरक्षा बैठक में मौजूद विधायक नागेन्द्र सिंह राठौर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के अलावा अन्य जिला स्तरीय अधिकारी

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी कार्यों की नियमित समीक्षा करते हुए निर्धारित समयावधि में अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। सड़क दुर्घटना संभावित ;ब्लैक स्पॉटद्ध स्थलों का चिन्हांकन कर आवश्यक सुधारात्मक कार्य समयबद्ध ढंग से कराए जाएं। उन्होंने कहा कि सड़क संकेतक चेतावनी बोर्ड स्पीड लिमिट बोर्ड रिफ्लेक्टर एवं आवश्यक रोड मार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए जिससे दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सके।जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि विद्यालयों में आंतरिक सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित कराकर बच्चों एवं उनके अभिभावकों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी प्रदान करें। उन्होंने कहा कि जिले में संचालित विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं प्रबंधकों से इस प्रकार का प्रमाण पत्र 7 दिन के भीतर उपलब्ध कराएं कि उनके विद्यालय से संबंध स्कूली वाहनों द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है

जांच में स्कूली वाहनों के संचालन में यातायात नियमों के प्रति अनियमितता पाए जाने पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही की जाएगी। एसपी आरती सिंह ने ओवर स्पीड चलने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कही विधायक नागेंद्र सिंह राठौर ने जिला प्रशासन को सुझाव प्रदान करते हुए कहा कि यातायात नियमों का अनुपालन न करने वाले स्कूली वाहनों पर कार्यवाही कर संबंधित विद्यालयों के संचालकों एवं प्रबंधकों को नोटिस जारी करें।बैठक में पुलिस अधीक्षक श्रीमती आरती सिंह अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार सिंह सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सुभाष राजपूत जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विश्वनाथ प्रताप सिंह समेत अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# सपा सुप्रीमो के जन्मदिन पर वृक्षारोपण किया गया



वृक्षारोपण करने के बाद खड़े नदीम अहमद फारुकी मनदीप यादव तथा अन्य

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीयअध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्म दिवस के अवसर पर लगातार आयोजित होने वाले वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव जिला मन्दीप यादव ने हथियापुर में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष नदीम अहमद फारुकी छात्र सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजपाल यादव एडवोकेट छात्र सभा जिला अध्यक्ष हर्ष गंगवार शकील अहमद खान युसूफ खान विमलेश शर्मा विनोद यादव अतिन पाल नगेंद्र सिंह यादव विजय सिंह पाल अंशुल यादव संदीप पाल अभय यादव इदरीश खान प्रधान लतीफ खान अजीम खान सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिले में शुरू हुआ साप्ताहिक मध्यस्थता अभियान 2 लंबित मामलों के निस्तारण पर जोर



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**फर्रुखाबाद।** उच्च न्यायालय इलाहाबाद के निर्देशों के पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से साप्ताहिक

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने की बैठक अधिक से अधिक मामलों के समझौते के दिए निर्देश

मध्यस्थता अभियान 2 चलाया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न प्रकार के लंबित एवं प्री.लिटिगेशन मामलों को मध्यस्थता के आधार पर निस्तारित कराया जाएगा। अपर जिला जज नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत संजय कुमार की अध्यक्षता में एडीआर भवन में बैठक आयोजित की गई जिसका संचालन प्रभारी सचिव जयवीर सिंह ने किया। बैठक में नोडल अधिकारी ने कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक मामलों को सुलह और मध्यस्थता के आधार पर निपटाया जाए। इसके लिए सभी न्यायालयों से अपील की गई कि वे विभिन्न प्रकृति के मामलों को मध्यस्थता केंद्र के लिए संदर्भित करें। इस अवसर पर बार एसोसिएशन पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता जवाहर सिंह गंगवार सगीर अहमद खां जगदीश चन्द्र सागर प्रभाकर औदीच्य उमा मिश्रा राजरानी श्रीवास्तव गजाला तबस्सुम सतीश कुमार नन्दकिशोर दीक्षित विनीत कुमार कटियार आलोक कुमार त्रिपाठी आनन्द यादव सुखनवाज खां धर्मेन्द्र सिंह व योगेन्द्र सिंह यादव सहित कई मध्यस्थगण उपस्थित रहे।

# 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया : पूर्व राज्य मंत्री

**छिबरामऊ कन्नौज** वृक्षारोपण महाअभियान.2026 एवं ष्एक पेड़ माँ के नामष् अभियान के अंतर्गत आज विधानसभा क्षेत्र स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण केन्द्र में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण केंद्र पौधारोपण करने पहुंची पूर्व राज्य मंत्री विधायक श्रीमती अर्चना पांडे ने वृक्षारोपण कर इस अवसर पर केन्द्र में अध्ययनरत बालिकाओं को पौधे वितरित कर उन्हें प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूक एवं सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया।आइएए हम सभी एक.एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करने का संकल्प लें और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छए हरित एवं समृद्ध पर्यावरण के निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।ष्एक पेड़ माँ के नामष् कृ मातृत्व के सम्मान और प्रकृति के संरक्षण का जनआंदोलन। नगर अध्यक्ष दिलीप



गुप्ताए महामंत्री अंकित शर्मा उपाध्यक्ष आशीष वर्मा एसभासद उमाशंकर कश्यप सुमित सविताए रेवती रमण शुक्ल रामशंकर शर्मा रेंजर विनोद नायक आदि लोग उपस्थित रहे

# समाजवादी व्यापार सभा की बैठक में महंगाई बिजली दरों पर उठी आवाज



**स्वतंत्र भारत छिबरामऊ कन्नौज।** समाजवादी व्यापार सभा के जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष प्रत्येश सिंह तोमर के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में बढ़ती महंगाईए रसोई गैस सिलेंडरए पेट्रोल.डीजलए खाद एवं बिजली की बढ़ती कीमतों जैसे जनहित के महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव श्री बंटी शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार की नीतियों के कारण आम जनताए किसानए व्यापारी और युवा सभी वर्ग परेशान हैं। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ रही महंगाई ने लोगों का जीवन कठिन बना दिया हैए जबकि सरकार जनता को राहत देने में पूरी तरह विफल रही है। बैठक में सरकार से बिजली दरों में कटौती करनेए रसोई गैस सिलेंडरए पेट्रोल.डीजल एवं खाद की कीमतों में कमी लाने तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की गई।सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समाजवादी व्यापार सभा शीघ्र ही जिलाधिकारी के माध्यम से राज्य सरकार को ज्ञापन सौंपकर जनता की समस्याओं के समाधान की मांग करेगी।बैठक में प्रमुख रूप से गोविंद यादवए अरविंद गुप्ताए अवनीश गुप्ताए अरुण शर्माए रामकुमारए मनी गुप्ताए विपिन कुमारए रामू वर्माए प्रवेश सोनूए अख्तर अंसारीए सतीश सहित समाजवादी व्यापार सभा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बंदरों के हमले से छत से गिरे युवक की इलाज के दौरान मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**फर्रुखाबाद।**शमशाबाद थाना क्षेत्र के गांव रमापुर जसू निवासी 35 वर्षीय नीरज सक्सेना की कानपुर में इलाज के दौरान मंगलवार सुबह करीब 9 बजे मौत हो गई।

एक सप्ताह पहले वह घर की छत पर किसी कार्य से गए थे तभी बंदरों के हमले से संतुलन बिगड़ने पर छत से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजन पहले फर्रुखाबाद ले गए लेकिन हालत में सुधार न होने पर कानपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया वहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। परिजनों की सहमति के बाद पुलिस



ने पंचनामा भरकर शव का पोस्टमार्टम कराया। मृतक के ताऊ के पुत्र सोनू सक्सेना ने थाना पुलिस को लिखित सूचना देकर पोस्टमार्टम की मांग की थी। नीरज परिवार के इकलौते भाई थे। कुछ समय पहले ही उनके पिता का भी निधन हो चुका था। वह मेहनत.मजदूरी कर परिवार का पालन.पोषण करते थे। अपने पीछे माता कमला देवी पत्नी रेखा देवी तथा चार बच्चे विनय अंशिका दिव्या और शिवा को छोड़ गए हैं। परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# गौ आश्रय स्थलों के संचालन में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं होगी : जिलाधिकारी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**फर्रुखाबाद ।** जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर की अध्यक्षता में जिले में संचालित गौ आश्रय स्थलों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने गौ आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं? गोवंशों के संरक्षण चारे भूसे हरे चारे पेयजल चिकित्सीय सुविधाओं तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की।जिलाधिकारी ने कहा कि गौ संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय है। सभी संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए गौ आश्रय स्थलों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करें तथा प्रत्येक व्यवस्था की नियमित निगरानी करेंए जिससे गोवंशों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सहभागिता योजना के तहत सुपुर्द किए गए गोवंश के रखरखाव हेतु गोपालकों को भुगतान समय से पूर्ण किया जाए एवं भुगतान में विलंब होने पर संबंधित खंड विकास अधिकारी एडीओ पंचायत एवं पंचायत सचिव के विरुद्ध नियम अनुसार कार्यवाही अमल में लाएं साथ ही निर्माणाधीन गौशालाओं के निर्माण कार्य को अकारण लंबित रखने पर संबंधित कार्यदाई संस्थाओं को कारण बताओं नोटिस जारी करें। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण अभियान के तहत जनपद की सभी गौशालाओं को छायादार वृक्ष एवं सहजन के पौधों के रोपण से सघन रूप से आच्छादित करें जिससे गर्मी के समय गोवंश को प्राकृतिक परिवेश में राहत मिल सके और सहजन की पत्तियों को ग्रहण कर गोवंश को उचित पोषण प्राप्त हो सके।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि क्षेत्र पंचायत निधि से सभी विकास खंडों एवं नगर पंचायत में कैटल कैचर क्रय कर आवारा पशुओं को पकड़कर आश्रय स्थलों तक पहुंचाएं इसके साथ ही उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए की जनपद की सभी गौशालाओं में चारा कटिंग मशीन अनिवार्य रूप से उपलब्ध होनी चाहिएए अन्यथा की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि सभी गौशालाओं में संरक्षित गोवंश की गिनती उनकी वास्तविक उपस्थिति के अनुरूप होनी चाहिए तथा मृत गोवंश का अंतिम संस्कार मानक के अनुरूप ही करें। जीवित एवं अमृत गोवंश की सूचना में वास्तविक ता के सापेक्ष प्रस्तुत आंकड़ों में भिन्नता पाए जाने पर संबंधित खंड विकास अधिकारी एडीओ पंचायत पंचायत सचिव एवं केंद्र प्रभारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। सभी गौ आश्रय स्थलों पर गोवंशों के लिए पर्याप्त मात्रा में हरा चारा भूसा एवं स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

गौवंशों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु नियमित रूप से पशु चिकित्सकों की टीम भ्रमण करे तथा बीमार एवं घायल गोवंशों का तत्काल उपचार कराया जाए।उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियोंए खण्ड विकास अधिकारियों अधिशासी अधिकारियों एवं नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने.अपने क्षेत्र के गौ आश्रय स्थलों का नियमित निरीक्षण करें तथा व्यवस्थाओं का सतत अनुश्रवण करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में निराश्रित गोवंशों को गौ आश्रय स्थलों तक पहुंचाने संरक्षित गोवंशों के शत.प्रतिशत ईयर टैगिंग साफ.सफाई प्रकाश व्यवस्था तथा वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए जल निकासी एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़ए प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी राजीव कुमार जिला विकास अधिकारी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सभी खण्ड विकास अधिकारी अधिशासी अधिकारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कान्हा गौशाला का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**सिरसागंज ;फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ कान्हा गौशाला सिरसागंज का औचक निरीक्षण कर गौवंशों के रख.रखावए चारा.पानी एवं स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने गर्मी को देखते हुए गौशाला में पर्याप्त छायाए स्वच्छ पेयजल और बीमार



गौवंशों के अलग रखकर समुचित उपचार के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने गौवंशों को गुड़ और केले खिलाए। जिलाधिकारी ने गोबर से वर्मी कंपोस्ट तैयार कर अतिरिक्त आय बढ़ाने पर जोर देते हुए अधिकारियों को इसके लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## समाजवादी पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएं तथा संगठन को मजबूत बनाने कार्यकर्ता कार्य करें

**स्वतंत्र भारत छिबरामऊ कन्नौज।** सरायप्रयाग में ससमाजवादी पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन.जन तक पहुँचाएँ तथा संगठन को मजबूत बनानेमाजवादी पार्टी की मासिक बैठक सम्पन्न हुईए जिसकी अध्यक्षता छिबरामऊ के पूर्व विधायक अरविन्द सिंह यादव ने की।बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अरविन्द सिंह यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से आम जनता और किसान दोनों परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राम मंदिर निर्माण के लिए एकत्रित चंदे में अनियमितताएँ हुई हैं। ट्रस्ट को अपने हिसाब से गठन कर करोड़ों हिंदुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ करते हुए मंदिर में आस्था के रूप में दिए हुए दान के साथ भी खिलवाड़ किया गया साथ ही कहा कि किसानों को समय पर खाद उपलब्ध नहीं हो रही हैए जिससे उनकी फसलें प्रभावित हो रही हैं और किसान भारी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं।उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे समाजवादी पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन.जन तक पहुँचाएँ तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए पूरी निष्ठा और सक्रियता के साथ कार्य करें इस मौके राष्ट्रीय सचिब महेन्द्र नीम विजय द्विवेदी विधानसभा प्रभारी हारून खा प्रताप सिंह प्रधान दिनेश वर्मा नफिस सागर शायर निसार कैप्टन रविंद्र सिंह सांधना सोलकी अर्पित शुक्ला लालू ठेकेदार अजीम खान अमन खान मुनीर कुरैशी बजरंग चौहान प्रखर द्विवेदी विधानसभा अध्यक्ष उमेश पाल देवेश पाल स्वदेश पाल तहसीम खान वींरेंद्र पाल मैजूद रहे।


पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

**सूचना**

मैं, अनवार अली पुत्र रहमत अली, नि. मीरपारा, हथगाम, फतेहपुर (उ0प्र0), अपने पुत्र रेहान अहमद व पुत्रवधू कौशर जहां को दुर्व्यवहार के कारण अपनी चलअचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद करता हूँ। भविष्य में उनके किसी कृत्य या लेनदेन के लिए मैं या मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।
सी.आर.- 676/K-35

**आवश्यकता**

श्री जिलेदार सिंह स्नातक बालिका महाविद्यालय सुल्तानपुर किरावली मैनपुरी
डा. भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय आगरा से सम्बद्ध
आवश्यकता है
बी.एड. में विभागाध्यक्ष व सहायक आचार्य 1. विभागाध्यक्ष/प्राचार्य–01 पद 2. शारीरिक शिक्षा– 01 पद सहायक आचार्य 3. चित्रकला/ललित कलाएं–01 पद सहायक आचार्य 4. संगीत/नृत्य/रंगमंच–01 पद सहायक आचार्य 5. बी.एड पाठ्यक्रम में शिक्षा विषय– गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान शिक्षा के परिप्रेक्ष्य तथा भाषा में–12 पद। योग्यता/वेतनमान– एनसीटीई/यूजीसी/ राज्य सरकार व विश्वविद्यालय के मानकानुसार इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों की छाया प्रति डाक व मेल द्वारा या स्वयं 7 दिन के अन्दर कॉलेज कार्यालय में प्रेषित करें। सचिव– श्री शिवराम सिंह यादव मो. 9412380000
Email-alokkmr242@gamil.com
सी.आर.- 676/K

**उत्तर मध्य रेलवे**

निविदा संख्या: CNB2026202701 दिनांक: 03.07.2026

**ई-प्रापण निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण/उत्तर मध्य रेलवे कानपुर-208001 के अधीन निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं साथ ही नीचे दर्शायी गयी तिथि एवं समय तक बोली लगाने वाले अपने मूल/संशोधित बिड्स समापन तिथि एवं समय तक मात्र जमा कर सकते हैं। इस निविदा के खिलाफ मैनुअल ऑफर की अनुमति नहीं है और प्राप्त किसी ऐसे मैनुअल प्रस्ताव को नजर अंदाज कर दिया जाएगा।

कार्य का विवरण: उत्तर मध्य रेलवे के [illegible] स्टेशन के बीच दोहरीकरण कार्य के सम्बन्ध में, [illegible] पर स्थित [illegible] और [illegible] स्टेशनों पर रैंप और अन्य संबद्ध कार्यों के साथ 3 मीटर चौड़े पैदल उपरिगामी पुल का प्रावधान।

| | |
|---|---|
| अनुमानित लागत: ₹ 25.29 करोड़ | धरोहर धन राशि: ₹ 50,57,200/- |
| निविदा फार्म का मूल्य : निल | कार्य समापन अवधि : 06 माह |
| खुलने की तिथि : 05.08.2026 15:00 बजे | |

नोट:- (1) उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) https://ireps.gov.in वेबसाइट पर निर्धारित तिथि तक 15:00 बजे तक उपलब्ध रहेगा। (2) उपरोक्त सभी निविदाओं में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप से बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु टेण्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको I. T. Act - 2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Class-III, Digital हस्ताक्षर प्रमाण-पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। (3) निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंशियल रेट पेज पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य लिखित प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न हैं तो उन पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर/अमान्य कर दिया जायेगा। (4) संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिये। (5) किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन नं. से सम्पर्क किया जा सकता है। 1533/26(A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

**कार्यालय नगर पंचायत बिसण्डा बुजुर्ग, बाँदा**
(कार्यालय का E-Mail ID- npbisanda@gmail.com)

पत्रांक :– 540/निर्माण/न0पं0बिसण्डा/2026–27 दिनांक :– 07 जुलाई, 2026

**ई–निविदा सूचना (E-Tender Notice) ::–**

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि "वित्तीय वर्ष 2026–27 में "राज्य वित्त आयोग" के अन्तर्गत के अन्तर्गत प्राप्त/स्वीकृत धनराशि से प्रस्तावित निर्माण कार्य हेतु ई–निविदा दिनांक 08.07.2026 अपरान्ह 02:00 बजे से दिनांक 15.07.2026 अपरान्ह 05:00 बजे तक ई–निविदा की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती हैं। एवं प्राप्त निविदाओं दिनांक 16.07.2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे अधिशासी अधिकारी, कार्यालय कक्ष में ई–निविदा समिति द्वारा खोली जायेंगी।

विस्तृत विवरण ई–निविदा की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर अथवा किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय के नोटिस बोर्ड व कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| लिपिक | अधिशासी अधिकारी | अध्यक्ष |
|---|---|---|
| नगर पंचायत बिसण्डा बुर्जुग | नगर पंचायत बिसण्डा बुर्जुग | नगर पंचायत बिसण्डा बुर्जुग |
| जनपद–बाँदा | जनपद–बाँदा | जनपद–बाँदा |



स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।
सम्पादक : के.के. श्रीवास्तव
फोन : 0512-2332212
0512-2330533
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।

# सऊदी अरब ने सस्ता किया कच्चा तेल

**रियाद।** दुनिया के सबसे बड़े तेल निर्यातक देशों में शामिल सऊदी अरब ने कच्चे तेल की कीमत में 26 वर्षों की सबसे बड़ी कटौती कर वैश्विक

- 26 साल की सबसे बड़ी कटौती

ऊर्जा बाजार को चौंका दिया है। अगस्त के लिए अरब लाइट क्रूड की कीमत में 11 डॉलर प्रति बैरल की कमी की गई है। इससे पहले जुलाई के लिए भी 6 डॉलर प्रति बैरल की कटौती की गई थी। यह फैसला ऐसे समय आया है, जब होर्मुज जलडमरूमध्य के फिर से सामान्य होने के बाद तेल की आपूर्ति बढ़ गई है और बाजार में प्रतिस्पर्धा तेज हो गई है। इस फैसले का सबसे बड़ा फायदा भारत जैसे देशों को मिल सकता है, जो अपनी जरूरत का अधिकांश कच्चा तेल आयात करते हैं। सऊदी अरब ने एशियाई ग्राहकों के लिए अरब लाइट क्रूड की कीमत ओमान-दुबई बेंचमार्क से 1.50 डॉलर प्रति बैरल कम तय की है। वहीं




ओपेक+ और उसके सहयोगी देशों, जिनमें रूस भी शामिल है, ने अगस्त से प्रतिदिन 1.88 लाख बैरल अतिरिक्त उत्पादन बढ़ाने पर सहमति जताई है। इससे पहले जून और जुलाई में भी उत्पादन बढ़ाया गया था। बढ़ती आपूर्ति के कारण ब्रेंट क्रूड की कीमत घटकर लगभग 71.7 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई है। बाजार का मानना है कि अधिक आपूर्ति के चलते तेल की कीमतों पर दबाव बना रहेगा।

### भारत को इससे क्या फायदा हो सकता है?

भारत अपनी जरूरत का 85 प्रतिशत से अधिक कच्चा तेल विदेशों से खरीदता है। ऐसे में कच्चा तेल सस्ता होने से भारतीय रिफाइनरियों की लागत घट सकती है। इससे पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस पर पड़ने वाला वित्तीय दबाव कम होगा। तेल विपणन कंपनियों को पिछले कुछ समय से बाजार मूल्य से कम कीमत पर ईंधन बेचने और एलपीजी पर नुकसान उठाना पड़ रहा था। अब सस्ता कच्चा तेल इन कंपनियों के नुकसान को कुछ हद तक कम कर सकता है। साथ ही सरकार पर एलपीजी सब्सिडी का बोझ भी घटने की संभावना है।

### सऊदी अरब ने इतनी बड़ी कटौती क्यों की?

वैश्विक तेल बाजार में प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ रही है। फारस की खाड़ी के प्रमुख तेल उत्पादक देशों ने उत्पादन बढ़ा दिया है। होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल टैंकरों की आवाजाही फिर सामान्य हो गई है। सऊदी अरब का कच्चे तेल का निर्यात युद्ध-पूर्व स्तर के करीब पहुंच गया है। संयुक्त अरब अमीरात ने भी तेल की आपूर्ति पूरी तरह बहाल कर दी है। ओपेक+ देशों ने अगस्त से उत्पादन बढ़ाने का फैसला किया है। अधिक आपूर्ति के कारण बाजार में कीमतों पर दबाव बढ़ा है। एशियाई ग्राहकों को आकर्षित करने और बाजार हिस्सेदारी बनाए रखने के लिए कीमतें घटाई गई हैं। उद्देश्य दूसरे तेल उत्पादक देशों के मुकाबले प्रतिस्पर्धी बने रहना है।

# होर्मुज जलडमरूमध्य में ओमान तट के पास टैंकर पर हमला, लगी भीषण आग

**दुबई।** ओमान के तट के पास होर्मुज जलडमरूमध्य में मंगलवार सुबह एक टैंकर पर हमला हुआ। ब्रिटिश सेना ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि मंगलवार तड़के ओमान के तट के पास होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे एक टैंकर पर प्रोजेक्टाइल से हमला हुआ, जिससे उसमें आग लग गई। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन्स सेंटर ने बताया कि टैंकर को जलडमरूमध्य में ओमान के लिमाह के पास निशाना बनाया गया।वहीं, ईरान के सरकारी टेलीविजन ने दावा किया है कि जहाज ने पहले जारी की गई चेतावनियों को नजरअंदाज किया था, जिसके बाद उस पर कार्रवाई की गई। फिलहाल जहाज की स्थिति, नुकसान या किसी के हताहत होने की आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। सेंटर के मुताबिक, यह हमला तब हुआ जब टैंकर जलडमरूमध्य से दक्षिण की ओर गल्फ ऑफ ओमान



की तरफ जा रहा था। प्रोजेक्टाइल जहाज के बाईं ओर (पोर्ट साइड) लगा। इस हमले से पर्यावरण पर कोई नुकसान नहीं हुआ है और अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। इस हमले की जिम्मेदारी फिलहाल किसी ने नहीं ली है, हालांकि हाल के दिनों में ओमान के पास के रास्ते से गुजरने वाले कम से कम दो अन्य जहाजों पर हुए हमलों के लिए ईरान पर शक जताया गया है। हालांकि, अमेरिका इस जलडमरूमध्य को पूरी तरह से खोलने के लिए ईरान के साथ बातचीत आगे बढ़ाना चाहता है। अमेरिका का उद्देश्य ईरान के विवादित परमाणु कार्यक्रम को वापस लेना और 28 फरवरी को शुरू हुए युद्ध को हमेशा के लिए समाप्त करना है। लेकिन पहले हुए ऐसे हमलों के बाद अमेरिका ने जवाबी कार्रवाई की थी, जिसके बाद ईरान ने खाड़ी के अरब देशों पर हमले किए। इससे तनाव बढ़ने का खतरा रहता है।

## एक नज़र

### चीन में भूस्खलन, 33 लोग मलबे में दबे

17 सुरक्षित निकाले गए

**बीजिंग।** चीन के पश्चिमी गांसू प्रांत के पहाड़ी इलाके में मंगलवार को हुए भूस्खलन में 33 लोग मलबे में दब गए। सरकारी मीडिया के मुताबिक, अब तक 17 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है, जबकि 16 लोग अब भी लापता हैं। राहत और बचाव अभियान जारी है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सभी प्रभावित लोगों को जल्द से जल्द बचाने के लिए हरसंभव प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। इस बीच, सेंट्रल चीन के हुबेई प्रांत में सोमवार रात आए तेज तूफान और आंधी-बारिश से कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 275 लोग घायल हुए हैं। एक व्यक्ति अब भी लापता है। मौसम विभाग के मुताबिक, कई इलाकों में 149 किमी/घंटा तक की रफ्तार से हवाएं चलीं। अगले 24 घंटे में 260 मिमी तक बारिश होने की चेतावनी जारी की गई है, जिससे भूस्खलन और बाढ़ का खतरा बना हुआ है।

### टीटीपी ने पाकिस्तान वायु सेना के ग्रुप कैप्टन की हत्या की जिम्मेदारी ली

**इस्लामाबाद।** तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने रविवार दोपहर इस्लामाबाद में पाकिस्तान वायु सेना के ग्रुप कैप्टन आसिम तारिक की हत्या की जिम्मेदारी ली है। गिरफ्तार संदिग्ध की पहचान 22 वर्षीय साद अब्बासी के रूप में हुई है। टीटीपी ने सोशल मीडिया पर मोबाइल वीडियो और सीसीटीवी फुटेज जारी किया। इसमें अधिकारी अपनी कार में सीट बेल्ट पहने दिख रहे हैं। यह फुटेज इस्लामाबाद पुलिस के उस दावे का खंडन करता है कि अधिकारी ने सड़क पर एक महिला को अपहरणकर्ता से बचाया था। टीटीपी ने कहा कि उसकी स्पेशल टारगेट किलर्स यूनिट ने यह हत्या की। सूत्रों के अनुसार, तारिक खुफिया निदेशालय से जुड़े थे। इस निदेशालय ने हाल ही में अफगानिस्तान में ड्रोन हमले के लिए निर्देशांक प्रदान किए थे, जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों और महिलाओं की मौत हुई थी। वह ऑपरेशन बुनियान-उम-मरसूस में भी शामिल थे। इस्लामाबाद पुलिस ने अब्बासी के खिलाफ हत्या और आतंकवाद के आरोप में मामला दर्ज किया।

### अमेरिका की टक्कर में कनाडा बना रहा नया मोर्चा

**वॉशिंगटन।** दुनिया की बदलती राजनीति और अर्थव्यवस्था के बीच अब हर देश खुद को ताकतवर बनाने में लगा है। इसी कड़ी में अब कनाडा भी आ गया है। हाल ही में कनाडा के प्रधानमंत्री ने अमेरिका से टक्कर ने लेने के लिए एक नया मोर्चा बनाने की तैयारी शुरू की है। अमेरिका जैसी बड़ी ताकतों के प्रभाव को संतुलित करने के लिए उसने मध्यम ताकत यानी मिडिल पावर वाले देशों के बीच मजबूत साझेदारी का विचार रखा है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी का मानना है कि ऐसे देशों को व्यापार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, महत्वपूर्ण खनिज, आपूर्ति श्रृंखला और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम करना चाहिए। हालांकि अमेरिका के सबसे बड़े बैंक जेपी मॉर्गन के सीईओ जेमी डिमन ने इस सोच पर सवाल उठाते हुए कहा कि केवल गठबंधन बनाने से कोई देश मजबूत नहीं बन जाता। मार्क कार्नी ने यह विचार इस साल दावोस में रखा था। उनका कहना था कि दुनिया में बढ़ते व्यापारिक तनाव, टैरिफ, सप्लाई चेन में रुकावट और बड़ी शक्तियों के आर्थिक दबाव से निपटने के लिए मध्यम ताकत वाले देशों को एकजुट होना होगा। उनका मानना है कि इससे छोटे और मध्यम देशों की आवाज मजबूत होगी और वे वैश्विक फैसलों में ज्यादा प्रभावी भूमिका निभा सकेंगे। लेकिन जेमी डिमन ने इस सोच को अव्यावहारिक बताते हुए कहा कि केवल सहयोग की बात करना काफी नहीं है।

# भारत का गलत नक्शा दिखाने पर बैकफुट पर आया बांग्लादेश

## भारतीय राजनयिक ने दिया करारा जवाब

**ढाका।** शेख हसीना सरकार के सत्ता से बाहर होने के बाद से ही बांग्लादेश के तेवर बदले हुए हैं और वह लगातार कुछ न कुछ ऐसा कर रहा है, जिससे भारत से उसके संबंध खराब हो। अब एक ताजा मामले में ढाका में आयोजित एक कार्यक्रम में भारत का गलत नक्शा दिखाया गया। नक्शे में जम्मू कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा दिखाया गया। हालांकि कार्यक्रम में मौजूद भारतीय राजदूत ने इस पर तुरंत कड़ी आपत्ति जताई और मौके पर ही साफ कर दिया कि नक्शा गलत है और जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। एक रिपोर्ट के अनुसार, ढाका में बांग्लादेश इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल एंड स्ट्रैटेजिक स्टडीज द्वारा



एक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में भारतीय उच्चायुक्त की सेकेंड सेक्रेटरी पूजा कुमारी झा भी मौजूद थीं। सम्मेलन के दौरान बांग्लादेश के पूर्व राजनयिक तारिक ए करीम ने एक नक्शा दिखाया। इस नक्शे में गड़बड़ी थी और इसमें जम्मू कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा दिखाया गया था। इस पर कार्यक्रम में मौजूद भारतीय राजनयिक ने तुरंत आपत्ति जताई। पूजा कुमारी झा ने कहा कि दिखाया गया भारत का नक्शा गलत है। इसमें जम्मू कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा दिखाया गया है, जबकि जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। यहां दिखाया गया नक्शा पूरी तरह से गलत है। भारतीय राजनयिक की कड़ी आपत्ति के बाद बांग्लादेश बैकफुट पर नजर आया और सम्मेलन को संबोधित कर रहे बांग्लादेश के पूर्व राजनयिक तारिक ए करीम ने सफाई देते हुए कहा कि नक्शे का इस्तेमाल केवल सांकेतिक उद्देश्यों के लिए किया गया है और नक्शे में दिखाई गई सीमाएं वास्तविक नहीं हैं।

# सीरिया में फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों के दौरे के बीच धमाका

## जिस होटल में ठहरे थे उसके पास ब्लास्ट, सुरक्षा बढ़ाई गई

**दमिश्क।** सीरिया की राजधानी दमिश्क में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के दौरे के बीच मंगलवार को धमाका हुआ है। यह ब्लास्ट उस होटल के पास हुआ है, जहां मैक्रों के ठहरने की व्यवस्था की गई थी। मैक्रों सोमवार को दमिश्क पहुंचे थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक स्थानीय लोगों ने एक साथ कई धमाकों की आवाज सुनी। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियोज में



इलाके से धुआं भी उठता देखा गया। धमाके के तुरंत बाद सुरक्षा एजेंसियों ने आसपास की सड़कों को बंद कर दिया और पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी। फिलहाल किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। अधिकारियों ने धमाके के कारणों की जांच शुरू कर दी है। मैक्रों, बशर अल-असद के सत्ता से हटने के बाद दमिश्क का दौरा करने वाले यूरोपीय संघ (ईयू) के पहले बड़े नेता हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति कार्यालय एलिसी पैलेस ने बताया कि धमाके मैक्रों के ठहरने वाले होटल के पास हुए, लेकिन राष्ट्रपति के काफिले तक उनकी आवाज नहीं पहुंची। मैक्रों पूरी तरह सुरक्षित हैं और घटना के बाद भी उन्होंने अपना तय कार्यक्रम जारी रखा। मैक्रों बशर अल-असद के सत्ता से हटने के बाद वह सीरिया का दौरा करने वाले पहले बड़े यूरोपीय नेता बन गए हैं। सोमवार को दमिश्क एयरपोर्ट पर सीरिया के विदेश मंत्री असद अल-शैबानी ने उनका स्वागत किया। इसके बाद मैक्रों ने राष्ट्रपति अहमद अल-शरा से मुलाकात की और दोनों नेताओं ने ऐतिहासिक उमय्यद मस्जिद का भी दौरा किया।

# भारतवंशी ने इंडोनेशिया के राष्ट्रपति के साथ किया खेल

**वॉशिंगटन।** अक्सर हमने फिल्मों में देखा है कि कोई जासूस कैसे दूसरे देश में जाकर वहां की सरकार में घुसपैठ करता है और फायदा उठाता है। ऐसा ही कुछ हकीकत में हुआ है और एक भारतवंशी ने पूरे देश की सरकार को

- सीआईए एजेंट बनकर दिया धोखा
- अरबों रुपये की डिफेंस डील की

चकमा देकर अरबों रुपये का चूना लगा दिया। दरअसल भारतीय मूल के एक कारोबारी ने कथित तौर पर खुद को अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए का एजेंट बताकर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के करीब आया। आरोप है कि उसका इंडोनेशिया से अरबों डॉलर के रक्षा सौदे हासिल करना था। ऑर्गनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारतवंशी कारोबारी गौरव श्रीवास्तव ने खुद को सीआईए का अधिकारी बताकर कई प्रभावशाली लोगों का भरोसा जीता और फिर उन्हें अमेरिका के साथ अरबों डॉलर के रक्षा समझौते का झांसा दिया। गौरव ने इंडोनेशियाई सेना के लिए 36 लड़ाकू विमान, ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर और मिलिट्री कमांड सिस्टम दिलाने के नाम पर इंडोनेशिया की सरकार को अरबों रुपये का चूना लगाया। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि गौरव श्रीवास्तव ने इंडोनेशिया के पूर्व रक्षा मंत्री और वर्तमान राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो से नजदीकी संबंध बनाए। साल 2020 में वह कथित तौर पर वॉशिंगटन डीसी और जकार्ता में सुबियांतो के साथ कई उच्चस्तरीय बैठकों में शामिल हुआ, जहां लड़ाकू विमानों और अन्य रक्षा उपकरणों की खरीद पर चर्चा हुई थी। इसके बाद फर्जी शेल कंपनियों के जरिए गौरव ने इंडोनेशिया से 425 करोड़ रुपये का कर्ज भी मंजूर करा लिया।

### पश्चिम एशिया में भारतीय सैनिक का सम्मान

**निकोसिया।** साइप्रस में भारतीय उच्चायोग ने वरिष्ठ सैन्य अधिकारी को संयुक्त राष्ट्र की तरफ से सम्मानित किए जाने पर बधाई दी है। भारत के मेजर केपी सिंह को यूएन मेडल से सम्मानित किए जाने पर साइप्रस में हाई कमिश्नर कार्यालय की तरफ से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बधाई संदेश साझा किया गया। इस पोस्ट में लिखा गया, हाई कमिश्नर मनीष ने संयुक्त राष्ट्र साइप्रस मुख्यालय में आयोजित यूएनएफआईसीवाईपी मेडल परेड में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम की मेजबानी यूएन साइप्रस के फोर्स कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मोहम्मद असदुल्लाह मिन्हाजुल आलम ने की। इसमें संयुक्त राष्ट्र महासचिव के विशेष प्रतिनिधि (एसआरएसजी) और मिशन प्रमुख खासिम डायग्ने, शांति मिशन में सैनिक भेजने वाले देशों के राजनयिक, संयुक्त राष्ट्र के अधिकारी और सैनिकों के परिवार भी मौजूद थे।


## शोक संदेश



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे आदरणीय

**श्री विजय सिंह श्रीवास्तव जी**

का कल लखनऊ में निधन हो गया है। उनकी

**अंतिम यात्रा एवं दाह संस्कार**

आज, 8 जुलाई 2026 को प्रातः 11:00 बजे बैकुंठ धाम, लखनऊ में सम्पन्न किया जाएगा।

परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को यह असीम दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

समस्त शोकाकुल परिवार

श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव (पत्नी)
शिवांगी एवं शुभ (पुत्री एवं दामाद)
प्रवीर एवं पूर्वी (पुत्र एवं पुत्रवधु)
युवराज (पौत्र)
एवं समस्त श्रीवास्तव परिवार
मोबाइल : 9717257997


### वेनेजुएला भूकंप में अब तक 3535 मौतें, 16,740 घायल

**कराकस।** वेनेजुएला में 24 जून को आए दोहरे भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 3535 हो गई है। नेशनल असेंबली के अध्यक्ष जॉर्ज रोड्रिगेज के अनुसार, 16,740 लोग घायल हुए हैं। रोड्रिगेज ने टेलीग्राम पर बताया कि 17,854 लोग बेघर हुए हैं। 6,462 लोगों को बचाया गया है, जबकि 86,794 परिवारों को सहायता मिली है। सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 17,345 लोग विस्थापित भी हुए हैं। 24 जून को 7.2 और 7.5 तीव्रता के भूकंपों के बाद से, वेनेजुएला में 995 आफ्टरशॉक दर्ज किए गए हैं। अधिकारियों ने विस्थापितों की सहायता के लिए 80 अस्थायी शिविर स्थापित किए हैं। शनिवार तक 29,567 बचावकर्मी तैनात थे, जिनमें 3,281 विदेशी थे। वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने बुधवार को भूकंप पीड़ितों के सम्मान में सात दिनों के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की।

कूटनीति

अमेरिका कर रहा पाकिस्तान की मदद?

# लीबिया के गृह युद्ध में मध्यस्थता करा रहा पाक

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की सरपरस्ती में पाकिस्तान लगातार अपनी कूटनीतिक प्रोफाइल को मजबूत करने में जुटा है। पहले अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थता कराकर पाकिस्तान पहले ही दुनिया की नजरों में आ गया है और अब कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि पाकिस्तान लंबे समय से हिंसाग्रस्त लीबिया में भी विद्रोही गुटों के बीच मध्यस्थता कराने की कोशिश कर रहा है। खास बात ये है कि यहां भी पाकिस्तान को अमेरिका का समर्थन मिला हुआ है। रायटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान चुपचाप लीबिया के प्रतिद्वंद्वी पूर्वी और पश्चिमी सत्ता केंद्रों के बीच मध्यस्थता कराने की कोशिश कर रहा है। मामले से जुड़े दो पाकिस्तानी सूत्रों के हवाले से यह दावा किया गया है। अगर पाकिस्तान की यह पहल सफल होती है तो



वैश्विक कूटनीति में पाकिस्तान की भूमिका और प्रभाव को नई मजबूती मिल सकती है। पिछले कई महीनों से अमेरिका के नेतृत्व में लीबिया संकट का कूटनीतिक समाधान तलाशने की कोशिशें जारी हैं। साल 2011 में नाटो समर्थित ऑपरेशन के दौरान तत्कालीन शासक मुअम्मर गद्दाफी के सत्ता से बेदखल होने के बाद से लीबिया में गृहयुद्ध छिड़ा हुआ है और देश पूर्वी और पश्चिमी प्रशासन में बंटा हुआ है।

### भारत के लिए चिंताजनक क्यों?

पाकिस्तान लंबे समय से हाशिए पर था और आर्थिक और कूटनीतिक मोर्चे पर भारत ने उसे दुनियाभर में अलग-थलग करने में सफलता हासिल कर ली थी। हालांकि ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने ट्रंप की चापलूसी कर उनका समर्थन हासिल कर लिया। उसके बाद से कूटनीतिक स्तर पर पाकिस्तान को फिर से संजीवनी मिली है। यही वजह रही कि अमेरिका के समर्थन से पाकिस्तान ने अमेरिका और ईरान युद्ध में मध्यस्थता की। अब पाकिस्तान के लीबिया गृहयुद्ध में भी मध्यस्थता की कोशिश करने की रिपोर्ट आई है। इससे यकीनन पाकिस्तान की सॉफ्ट पावर में इजाफा होगा।